नई दिल्ली
शनिवार 18 जुलाई 2026
आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष
पंचमी, वर्ष : 30, अंक : 90
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 30

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार, यहां के नौजवान, किसान, बहनें-बेटियां, सबके लिए बेहतरीन काम कर रही है : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा की डबल इंजन सरकार सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर चल रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में हरियाणा सरकार, यहां के नौजवानों, किसानों, बहनें-बेटियां, सबके लिए बेहतरीन काम कर रही है। बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी देने का जो रास्ता हरियाणा सरकार ने दिखाया है, वो इतना आसान नहीं था, लेकिन ये भाजपा सरकार ने करके दिखाया है। हरियाणा अब तेज़ विकास के पथ पर दौड़ रहा है। खेती हो या फिर उद्योग, ये दो ऐसे पहिए हैं, जो हरियाणा को सशक्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री शुक्रवार को जींद में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद जींद में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो, असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा उपस्थित रहे।

**यो कोई साधारण धरती नहीं सै:** नरेंद्र मोदी ने हरियाणवी में कहा कि यहां आकर मन गदगद हो गया है। यो कोई साधारण धरती नहीं सै। यो ▶▶ शेष पेज 5 पर






- ▶▶ हरियाणा की डबल इंजन सरकार सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर चल रही है
- ▶▶ बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी देने का रास्ता भाजपा सरकार ने करके दिखाया है
- ▶▶ इतने वर्षों में जींद का घी और घेवर तो नहीं बदला, लेकिन जींद के तेवर बदल गए हैं, आज जींद, बीजेपी-एनडीए के सुशासन मॉडल की तस्वीर बन रहा है

### प्रधानमंत्री मोदी ने जींद से 14,721 करोड़ रुपये की लागत की 9 परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# पीएम ने जींद में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन आधारित ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

इस ऐतिहासिक पहल से हरियाणा हरित परिवहन क्रांति का अग्रदूत बन गया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली/जींद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जींद में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन आधारित यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाने सहित 14,721 करोड़ रुपये की लागत की 9 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन आधारित ट्रेन के शुभारंभ की इस ऐतिहासिक पहल से हरियाणा हरित परिवहन क्रांति का अग्रदूत बन गया है। प्रधानमंत्री ने देश की पहली हाइड्रोजन-चालित ट्रेन के शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि इस क्षेत्र का नाम हमेशा के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज हो हो जाएगा। मुंबई और ठाणे के बीच ऐतिहासिक पहली ट्रेन यात्रा से तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य की पीढ़ियों की उन्नत हरित परिवहन की चर्चा में भी यह कॉरिडोर अमर हो जाएगा। मोदी ने कहा कि भारतीय रेल के अत्याधुनिकीकरण के महत्वपूर्ण कदम के लिए मैं आप सभी को और पूरे देश को बधाई देता हूं।

प्रधानमंत्री ने वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देश की इस उपलब्धि को रखते हुए कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन तकनीक विश्व स्तर पर व्यावहारिक रूप से केवल 7-8 वर्ष पहले ही अस्तित्व में आई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अभी केवल कुछ ही गिने-चुने देशों के पास ऐसी रेलगाड़ियां चलाने की क्षमता है और वे भी अभी प्रारंभिक चरण में ही हैं। मोदी ने कहा कि इस नवनिर्मित भारतीय हाइड्रोजन ट्रेन की वास्तविक क्षमताओं के बारे में सुनकर आपको अत्यंत गर्व होगा। प्रधानमंत्री ने इस नए परिवहन चमत्कार की तकनीकी ▶▶ शेष पेज 5 पर

- ▶▶ दिल्ली-जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे का हरियाणा खंड राष्ट्र को किया समर्पित
- ▶▶ अंबाला-काला अम्ब राष्ट्रीय राजमार्ग और कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का भी किया लोकार्पण
- ▶▶ भिवानी तथा कोरियावास (नारनौल) के नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों का किया उद्घाटन
- ▶▶ सिख संग्रहालय की रखी आधारशिला, सिख इतिहास, गुरुओं की शिक्षाओं, वीरता और बलिदान का आधुनिक तकनीक के माध्यम से होगा प्रदर्शन



### कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र में 372 करोड़ रुपये की लागत से तैयार एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का भी उद्घाटन किया। इस परियोजना के पूर्ण होने से शहर में लंबे समय से रेलवे फाटकों पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी, सड़क यातायात अधिक सुगम होगा तथा रेल और सड़क दोनों की परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी। यह परियोजना आधुनिक शहरी परिवहन अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### भिवानी तथा कोरियावास के नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों का किया उद्घाटन

स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगभग 594 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, भिवानी तथा लगभग 844 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज एवं राव तुलाराम अस्पताल, कोरियावास (नारनौल) का उद्घाटन किया। इन संस्थानों के शुरू होने से हरियाणा में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा का विस्तार होगा, एमबीबीएस सीटों की संख्या में वृद्धि होगी तथा क्षेत्र के लोगों को अपने जिले और आसपास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ेगी और प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

### सिख संग्रहालय की रखी आधारशिला

हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित एवं भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र में सिख संग्रहालय की आधारशिला भी रखी। लगभग ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पीएम मोदी ने सड़क परियोजनाएं की राष्ट्र को समर्पित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा दौरे के दौरान लगभग 9681 करोड़ रुपये की लागत से तैयार दिल्ली-जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे का हरियाणा खंड राष्ट्र को समर्पित किया। राष्ट्रीय राजधानी को जम्मू-कश्मीर से जोड़ने वाला यह एक्सप्रेसवे तेज, सुरक्षित व निर्बाध सड़क संपर्क प्रदान करने वाली देश की महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं में से एक है। इसके शुरू होने से हरियाणा के अनेक जिलों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, यात्रा समय में कमी आएगी तथा व्यापार, उद्योग, पर्यटन और माल परिवहन को नई गति मिलेगी। साथ ही, प्रधानमंत्री ने लगभग 1184 करोड़ रुपये की लागत से बने 33.81 किलोमीटर लंबे अंबाला-काला अंब राष्ट्रीय राजमार्ग का भी उद्घाटन किया। इस राष्ट्रीय राजमार्ग के चालू होने से हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तर भारत के अन्य क्षेत्रों के बीच सड़क संपर्क और अधिक सुगम होगा।

इसके साथ ही, प्रधानमंत्री द्वारा लगभग 1606 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 40.60 किलोमीटर लंबे जींद-गोहाना राष्ट्रीय राजमार्ग का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 135 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले 24.27 किलोमीटर लंबाई के हांसी-बरवाला राष्ट्रीय राजमार्ग का शिलान्यास भी किया। इन सड़क परियोजनाओं से क्षेत्रीय एवं अंतर-जिला संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा, जिससे यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं तेज आवागमन की सुविधा मिलेगी।

---

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### टिकट न मिलने पर भी देना होगा मुआवजा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि ट्रेन हादसे में मृत यात्री के पास टिकट न मिलना, उसके परिवार को मुआवजा देने से इनकार करने का आधार नहीं हो सकता।



जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मप्र हाई कोर्ट और रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल के पुराने आदेशों को खारिज कर दिया। एक व्यक्ति की पत्नी लता को 8 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया। पीठ की ओर से फैसला लिखते हुए जस्टिस करोल ने कहा है कि रेलवे एक्ट एक कल्याणकारी कानून है और इसकी व्याख्या उदार और उद्देश्यपूर्ण ढंग से की जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि तकनीकी दृष्टिकोण और प्रक्रिया की खामियों से कानून के कल्याणकारी उद्देश्य को विफल नहीं किया जाना चाहिए।

यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में दी है

# अमेरिका के हमले में भारत का बनाया शाहिद बेहेश्ती पोर्ट टर्मिनल पूरी तरह सुरक्षित : जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के ईरान पर किए गए मिसाइल हमलों में भारत के भारी-भरकम निवेश से बनाए गए चाबहार बंदरगाह से जुड़े 'शहिद बेहेश्ती पोर्ट टर्मिनल' को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और वह पूरी तरह से सुरक्षित है। वहीं, बंदरगाह के विकास को लेकर दी गई अमेरिका की छूट की समयसीमा भी अब समाप्त हो गई है। जिसे देखते हुए मामले को आगे बढ़ाने के लिए भारत सभी संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में यह जानकारी दी है। जिसमें उनसे यह पूछा गया था कि क्या अमेरिका की एयरस्ट्राइक में चाबहार के शाहिद बेहेश्ती पोर्ट टर्मिनल को भी नुकसान पहुंचा है? जवाब में उन्होंने कहा कि इस मामले की जानकारी विदेश मंत्रालय को कुछ मीडिया रिपोर्ट के जरिए मिली है। लेकिन यहां मैं यह भी स्पष्ट करना चाहता हूं कि टर्मिनल को अमेरिकी हमले में कोई क्षति नहीं पहुंची है और वह सुरक्षित है। बताते चलें कि अमेरिका के हमले में चाबहार बंदरगाह से जहाजों ▶▶ शेष पेज 5 पर



**पश्चिम-एशिया युद्ध के बीच फारस की खाड़ी में फंसे हैं भारत के 7 जहाज**

### भारत ने किया 1 हजार करोड़ का निवेश

भारत-ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए 10 साल का अनुबंध है। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से नई दिल्ली ने अब तक इस कार्य के लिए कुल करीब 1 हजार करोड़ रुपए (120 मिलियन डॉलर) की धनराशि खर्च की है। जिसमें बंदरगाह के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए 250 मिलियन डॉलर की क्रेडिट लाइन भी शामिल है।

### अफगानिस्तान, मध्य-एशिया तक सीधी पहुंच

चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिण-पूर्व भाग में स्थित है। जिसका एक महत्वपूर्ण और रणनीतिक हिस्सा शाहिद बेहेश्ती पोर्ट टर्मिनल कहलाता है। यह ईरान से होते हुए सीधे हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में खुलता है। ऐसे में भारत के लिए सामरिक दृष्टिकोण से ये काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। क्योंकि इसके जरिए वह अरब सागर के रास्ते पाकिस्तान को छोड़कर या उसकी परवाह किए बिना सीधे अफगानिस्तान और मध्य एशिया से न केवल जुड़ सकता है। बल्कि उनके साथ आसानी से व्यापार भी कर सकता है। मिसाल के तौर पर भारत समुद्र के रास्ते सीधे ईरान पहुंचेगा और वहां से अफगानिस्तान व मध्य-एशियाई क्षेत्र में प्रवेश करेगा।

पश्चिम-एशिया में फिर पसरा तनाव विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पश्चिम-एशिया में एक बार फिर से शुरू हुए युद्ध की वजह से बढ़ते तनाव को लेकर कहा कि इस संबंध में केंद्रीय जहाजरानी ▶▶ शेष पेज 5 पर

बोले जायसवाल, प्रोजेक्ट पर बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है, 2027 में शुरू होगा पहला सेक्शन

# मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड रेल प्रोजेक्ट को लेकर जापानी मंत्री के आरोपों को भारत ने किया खारिज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड रेल परियोजना में हो रही देरी को लेकर भारत को कटघरे में खड़ा करने वाले जापान के पूर्व न्याय मंत्री हिदेकी माकिहारा के आरोपों को नई दिल्ली ने शुक्रवार को सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में मामले पर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में बताया कि इस संबंध में भारत और जापान के बीच चल रही बातचीत सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही है। निर्माण कार्य भी तीव्रता के साथ चल रहा है। जिसे देखते हुए परियोजना से जुड़ा पहला खंड अपने तय लक्ष्य के मुताबिक अगले साल 2027 में ही खोला जाएगा। जापान के पूर्व मंत्री के बयान को लेकर रणधीर ने कहा कि इससे जुड़ी हुई सोशल मीडिया पोस्ट से हम भी अवगत हैं। लेकिन उन्होंने जो कुछ भी कहा है, वो पूरी तरह से उनकी निजी राय और बयान है। जिसका जमीनी सच्चाई और तथ्यों से कोई लेना-देना नहीं है।



### भारत को मिलेगी ई-20 ट्रेन सीरीज

उन्होंने कहा कि जापान भारत को ई-20 ट्रेन सीरीज प्रदान करेगा। जो कि 2030 के दशक की शुरुआत में ही मिल पाएंगी। क्योंकि यह आज भी विकास के चरण में ही हैं। लेकिन हम यह कह सकते हैं कि निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ा है। पहला सेक्शन 2027 में ही खोल दिया जाएगा। जिसे देखते हुए दोनों पक्षों ने भारतीय हाईस्पीड ट्रेन से ▶▶ शेष पेज 5 पर

## सतीश गोलछा को हटाया, अनुराग कुमार बने दिल्ली के नये कमिश्नर



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अनुराग कुमार को दिल्ली का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। शुक्रवार सुबह उन्होंने पुलिस मुख्यालय पहुंचकर अपना पदभार संभाला। एजीएमयूटी कैडर के 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी कुमार इससे पहले आईबी में स्पेशल डायरेक्टर के रूप में कार्यरत थे। गत वर्ष 22 अगस्त को कमिश्नर नियुक्त किये गये 1992 बैच के अधिकारी सतीश गोलछा को अगली तैनाती के लिए उपराज्यपाल को रिपोर्ट करने का आदेश जारी किया गया है। गोलछा की अचानक कमिश्नर पद से विदाई और अनुराग कुमार की तैनाती ने पूरे महकमे को चौंका दिया है। आईपीएस अधिकारी अनुराग कुमार करीब 20 ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 'वंदे मातरम' का अपमान या गायन में बाधा डालना होगा दंडनीय अपराध, विधेयक पर लगेगी संसद की मुहर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के 20 जुलाई से शुरू होने जा रहे मानसून सत्र में केंद्र सरकार राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' को कानूनी संरक्षण प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण विधेयक पेश करने जा रही है। 'राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026' के जरिए वंदे मातरम का अपमान करने या इसके गायन में जानबूझकर बाधा डालने को दंडनीय अपराध बनाने का प्रस्ताव है।

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का अपमान करने या उसके गायन में बाधा डालने को दंडनीय अपराध बनाने सहित कई बिल सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश किए जाने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस बिल को पहले राज्यसभा करेंगे। इस बिल में प्रावधान किया गया है कि अगर कहीं कोई वंदे मातरम का अपमान करता है तो ▶▶ शेष पेज 5 पर



## न चन्नी लड़ेंगे विधानसभा चुनाव, न वड़िंग तो जाहिर है कांग्रेस को मौका मिला तो पंजाब में कोई तीसरा होगा सीएम!

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब में प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को पद से हटाए जाने की मांग को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री, प्रदेश चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष चरणजीत सिंह चन्नी शीर्ष नेतृत्व के स्पष्ट सख्त संकेतों के बाद नरम पड़ते नजर आए। उन्हें बता दिया गया पंजाब चुनाव में किसी सांसद को विधानसभा का टिकट नहीं दिया जाएगा। चन्नी और वड़िंग दोनों लोकसभा के सांसद हैं। जाहिर है तय फार्मूले के हिसाब से दोनों विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। नेतृत्व का इशारा बिल्कुल साफ है, जब विधानसभा में टिकट ही नहीं मिलेगा, विधायक बनोगे नहीं तो मुख्यमंत्री कौन बनेगा इसका झगड़ा अभी से क्यों ? शीर्ष नेतृत्व ने दो टूक बता दिया है केरल की तर्ज पर विधायकों के बीच से ही नेता का चुनाव किया जाएगा। किसी नेता को इस संबंध में कोई संशय नहीं होनी चाहिए। संगठन सर्वोपरि है। सभी ▶▶ शेष पेज 5 पर



आजाद समाज पार्टी से प्रत्याशी दामोदर सिंह यादव से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

**उनसे सवाल था** आप जीत का कैसे दावा कर रहे हैं?

# उनका जवाब: भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों की जातियों के कुल 20 हजार वोट, दलित-पिछड़ों के पौने दो लाख वोट, समझ लीजिए कौन जीतेगा ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया उपचुनाव में आजाद समाज पार्टी से प्रत्याशी दामोदर सिंह यादव का कहना है कि दतिया की जनता जानती है कि भाजपा-कांग्रेस को वोट नहीं देना है तो दामोदर यादव के रूप में एक ऐसा व्यक्ति है जो अधिकारियों की आंख में आंख डालकर हमारे काम करा सके। इसलिए, जनता के टेस्ट पर खरा उतरा हूं। 30 साल से मेहनत कर रहा हूं। दतिया की जनता ने पहले आजमा लिया, आज विश्वास करने को तैयार है। आप चारों ब्लॉक में सर्वे कराके पूछवा लीजिए कहीं कोई मुकाबला नहीं है। जनता जानती है कि सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने का काम दामोदर यादव करता है। जनता कह रही है कि मैं बेस्ट हूं मैं नहीं कह रहा। दतिया का चुनाव अगड़ा और पिछड़ा का चुनाव बन चुका है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जो प्रत्याशी दिए हैं उनकी जातियों के मिलाकर कुल 20 हजार वोट हैं और दलित और पिछड़ों को मिलाकर पौने दो लाख वोट हैं।

यादव से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत।

दतिया का दम

### यह भी बोले दामोदर यादव

- पहली बार अगड़ा और पिछड़ा के आधार पर वोट डलेंगे
- राजनीति में हर जगह तीसरे विकल्प का अवसर रहता है
- देश के लोग कांग्रेस से निराश और भाजपा से नाराज हैं




### उनसे सीधी बातचीत

**प्रश्न: किस उम्मीद के साथ आप दतिया उप चुनाव में हैं ?**

**उत्तर:** इस क्षेत्र की जनता की उम्मीदों को पूरा करने के लिए आया हूं। मध्यप्रदेश के अंदर एक नई राजनैतिक शक्ति को खड़ा करने के लिए आया हूं और उसी के सेमीफाइनल के रूप में दतिया का उप चुनाव हो रहा है। और जब भाजपा और कांग्रेस के बीच यहां घमासान चल रहा था तब करीब 100 दिन का चुनाव हम लड़ चुके हैं। गांव-गांव जाकर देखेंगे तो यहां त्रिकोणीय नहीं एक कोणीय ▶▶ शेष पेज 5 पर

## सतीश गोलछा की प्रफोर्मेंस रास नहीं आई तो खुफिया तंत्र के विशेषज्ञ अनुराग को बनाया कमिश्नर

# दक्ष और सक्षम हो दिल्ली पुलिस का मुखिया केंद्रीय गृह मंत्रालय को ढिलाई बर्दास्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



लंबे समय तक खुफिया तंत्र से जुड़े रहे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अनुराग कुमार को दिल्ली पुलिस की कमान सौंपकर केंद्र सरकार ने जता दिया है कि देश की राजधानी की पुलिस का मुखिया हर मामले में दक्ष और सक्षम होना चाहिए। सेवानिवृति से मात्र 11 महीने पहले जिस प्रकार से सतीश गोलछा को हटाया गया उससे स्पष्ट हो गया की केंद्रीय गृह मंत्रालय उनकी प्रफोर्मेंस से खुश नहीं था। 1994 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अनुराग कुमार को दिल्ली का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया है। केंद्र सरकार ने गोलछा को बीच में ही हटाकर यह भी साफ संदेश दिया है कि ढिलाई की अनदेखी नहीं की जाएगी।

सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि अनुराग कुमार की नियुक्ति से दिल्ली पुलिस में इंटेलिजेंस आधारित पुलिसिंग को और मजबूती मिल सकती है। राजधानी में आतंकवाद-रोधी अभियान, साइबर अपराध, संगठित अपराध, महिला सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा और बड़े आयोजनों की सुरक्षा उनके सामने प्रमुख चुनौतियां होंगी।

अब केंद्र सरकार ने दिल्ली पुलिस की कमान ऐसे अधिकारी को सौंपी है, जिनका अधिकांश करियर खुफिया तंत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा रहा है। उनकी नियुक्ति ऐसे समय हुई है जब राष्ट्रीय राजधानी को आतंकी चुनौतियों, साइबर अपराध, संगठित अपराध, वीआईपी सुरक्षा और संवेदनशील कानून-व्यवस्था जैसे कई मोर्चों पर लगातार सतर्क रहने की आवश्यकता है। अनुराग कुमार पिछले करीब दो दशक से इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत थे। नियुक्ति से ठीक पहले वे स्पेशल डायरेक्टर, इंटेलिजेंस ब्यूरो के पद पर तैनात थे, जो आईबी के शीर्ष नेतृत्व वाले पदों में से एक माना जाता है। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस का कार्यभार संभालने से एक दिन पहले ही केंद्र सरकार ने उन्हें उनके मूल कैडर में वापस भेजा था और अगले ही दिन उन्हें दिल्ली पुलिस का आयुक्त नियुक्त कर दिया गया। इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि के साथ आईपीएस बनने अनुराग कुमार संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से 1994 में भारतीय पुलिस सेवा जॉइन की। इंटेलिजेंस ब्यूरो में खुफिया अभियानों का लंबा अनुभव उनकी सबसे बड़ी पहचान रही है। आईबी में रहते हुए उन्होंने आंतरिक सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी रणनीति, संवेदनशील सूचनाओं के विश्लेषण और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय जैसे क्षेत्रों में काम किया। यही कारण है कि उन्हें एक इंटेलिजेंस-ओरिएंटेड पुलिस अधिकारी के रूप में देखा जाता है।

## कॉकरोच धरना, वांगचुक की भूख हड़ताल और महकमे में फैले भ्रष्टाचार से हुई गोलछा की विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- सीजेपी के संसद की तरफ कूच के ऐलान के चलते गृहमंत्रालय ने लिया सतीश गोलछा को हटाने का फैसला
- जंतर मंतर पर सीजेपी के धरने के समर्थन में लगातार पहुंच रहे विपक्षी नेताओं ने भी बढ़ाई केंद्र सरकार की सिरदर्दी

दिल्ली पुलिस कमिश्नर पद से सतीश गोलछा के अचानक हटाये जाने पर पुलिस महकमें से लेकर राजनैतिक गलियारों तक कई तरह की अटकलें लगती रही। कुछ लोग कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन को बेहतर ढ़ंग से हैंडल नहीं कर पाने को बड़ी वजह मान रहे हैं तो बहुत से लोग हाल ही में सामने आए अनेक रिश्वत कांडों और बढ़ते भ्रष्टाचार के मामलों को गोलछा को हटाये जाने का प्रमुख कारण बता रहे हैं।

राजनैतिक हलकों में शुक्रवार को चर्चा रही कि जंतर मंतर पर पिछले कई दिनों से चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी के धरने को गोलछा बेहतर तरीके से हैंडल नहीं कर पाये। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके को आनन फानन में धरने के लिए पहले एक दिन की मंजूरी दी गई। इसके बाद दीपके और उनके समर्थकों ने धरना खत्म करने से मना कर दिया। पुलिस मूक दर्शक बनी रही और धरने को लेकर जनसमर्थन बढ़ता गया। पिछले तीन चार दिन से लगातार विभिन्न दलों के बड़े विपक्षी नेताओं ने जिस प्रकार जंतर मंतर पहुंचना शुरू किया उससे केंद्र सरकार खुश नहीं बतायी जा रही है। सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय सोनम वांगचुक की बेमियादी भूख हड़ताल शुरू हो पाने के पीछे भी दिल्ली पुलिस की नाकामी मान रहा है। सोमवार से संसद का मानसून सत्र शुरू हो रहा है, इसी दिन जंतर मंतर से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे प्रदर्शकारी वांगचुक और दीपके की अगुवाई में संसद की तरफ कूच करने वाले हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय को अंदेशा था कि एक नरम अधिकारी की तरह बर्ताव कर रहे सतीश गोलछा इसे शायद हैंडल नहीं कर पायें और हालात बेकाबू हुए तो विपक्ष को संसद सत्र के बीच सरकार को घेरने का मौका मिल जाएगा। ऐसे में गोलछा को हटाकर अनुराग कुमार को दिल्ली पुलिस की बागडोर सौंपी गई है।

### रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के मामलों पर लगाम कसने में नाकाम रहे गोलछा

गोलछा की असमय विदाई के पीछे एक प्रमुख वजह भ्रष्टाचार चरम पर होना भी माना जा रहा है। शायद इसी भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी को देखते हुए केंद्र सरकार ने बड़ा एक्शन लेते हुए गोलछा को पद से हटाया है। सूत्रों का यह भी मानना है कि आने वाले दिनों में भ्रष्टाचार पर लगाम और बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर नियंत्रण पाने के लिए अनुराग को लाया गया है। हालिया रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के मामलों में इंस्पेक्टर से लेकर आईपीएस अफसरों की मिलीभगत सामने आई है। इसने दिल्ली पुलिस को चौतरफा कटघरे में खड़ा किया। द्वारका जिले के 100 करोड़ी इंस्पेक्टर का गिरफ्तार किया जाना हो या क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह का नकली दवा रैकेट में तीन करोड़ की रिश्वत का कांड। इन मामलों से देश की सबसे प्रतिष्ठित मानी जाने वाली दिल्ली पुलिस की जमकर किरकिरी हुई है। सीबीआई द्वारा गिरफ्तार इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह को एक बड़े नकली दवा मामले में राहत दिलाने के एवज में 3 करोड़ रुपये की घूस मांगने और 1 करोड़ रुपये की पहली किस्त लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में कुछ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की संलिप्तता भी जांच के दायरे में हैं। द्वारका जिले का नारकॉटिक्स का इंस्पेक्टर कई सौ करोड़ के लेनदेन में लिप्त पाया गया था। वह ड्रग कार्टल के अंदर तक घुस चुका था। मामले में तीन आईपीएस अफसरों के नाम भी सामने आये थे। हाल ही में एक फार्म हाउस विवाद में स्पेशल सीपी को तत्काल प्रभाव से दिल्ली से बाहर भेजा गया। इसके अलावा गत दिनों विजिलेंस यूनिट ने भी भ्रष्टाचार और उगाही के मामलों में तेजी दिखाते हुए कई दागी पुलिसकर्मियों और बिचौलियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया है। इन सबके अलावा भी भ्रष्टाचार की कई शिकायत है जिनमें कार्रवाई नहीं हो रही हैं। यही कारण है कि गृह मंत्रालय को सख्त एक्शन लेना पड़ा और गोलछा को रिप्लेस कर अनुराग कुमार को दिल्ली पुलिस की कमान सौंपी गई है।

### अगले साल मई में होनी थी गोलछा की रिटायरमेंट

यह पहली बार नहीं है जब किसी कमिश्नर को कार्यकाल पूरा होने से पहले हटाया गया हो। दरअसल जुलाई 2025 में भी आईपीएस एसबीके सिंह को तत्कालीन पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा की रिटायरमेंट के बाद कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। लेकिन एक महीना पूरा होने से पहले ही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर उनके आवास कार्यालय में हुए हमले की घटना के बाद एसबीके सिंह को हटाकर गोलछा को कमिश्नर बनाया गया था। उन्हें रिटायरमेंट से एक महीने पहले ही पद से हटाये जाने पर भी कई तरह की चर्चाएं आम हुई थी। इस बार भी गोलछा के रिटायर्ड होने में 11 महीने शेष थे।

## खबर संक्षेप

### विदेशी नागरिक कोकीन के साथ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मैदान गढ़ी पुलिस ने ड्रग सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुये एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। विदेशी नागरिक के पास से 126 ग्राम कोकीन बरामद हुई। आरोपी ने ड्रग्स मोबाइल फोन के डिब्बे में छिपाकर रखी थी। जांच में पता चला कि आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट का एक मामला दर्ज पाया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी को डाला कोठी से इग्नू जाने वाली सड़क पर मैदान गढ़ी गांव के बस स्टैंड के पास से पकड़ा गया। आरोपी रात लगभग 12:45 बजे स्कूटी पर सवार था। स्कूटी की डिक्की में काले टेप से लिपटे एक मोबाइल फोन के डिब्बे से 126 ग्राम कोकीन बरामद की गई। आरोपी जोन जैक्स (37) आइवरी कोस्ट का रहने वाला। वह राम कॉलोनी, छतरपुर में रह रहा है। इसके खिलाफ दर्ज पुराना केस मोहन गार्डन का है। सप्लायर और रिसीवर के बारे में आगे की जांच चल रही है।

### धोखाधड़ी केस में ट्रायल से बच रहा भगौड़ा अपराधी पकड़ा

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के 'एंटी जेल बेल एंड प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर्स सेल' की टीम ने धोखाधड़ी के मामले में ट्रायल से बच रहे भगौड़े अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी विकास कपूर के खिलाफ मोहन गार्डन थाने में दो साल पहले ठगी का केस दर्ज हुआ था। 14 फरवरी 2025 को इसे अदालत द्वारा इसे भगौड़ा घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार हाल ही में विकास कपूर के बारे में सूचना मिली थी कि वह साकेत स्थित फ्रीडम फाइटर कॉलोनी में रह रहा है। इस खास जानकारी पर कार्रवाई करते हुए टीम तुरंत दिल्ली के साकेत पहुंची और जाल बिछाकर आरोपी को पकड़ा। इसकी पहले की दो आपराधिक संलिप्तता पाई गई है।

## दिल्ली में घर के पास मिल रही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं: रेखा

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली



देश की राजधानी दिल्ली में 415 से अधिक आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों के माध्यम से घर के पास मिल गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को शकूरपुर से राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों के लिए 45 नए आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान यह संबोधन दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन दिल्ली के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह केवल नए स्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन नहीं, बल्कि राजधानी के प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार का लक्ष्य है कि किसी भी नागरिक को सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े और लोगों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध हो। इस अवसर पर त्रिनगर से विधायक तिलक राम गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### रेखा सरकार केजरीवाल के शीश महल को लक्जरी हॉस्पिटैलिटी की जगह बनाए स्मारक: यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार आप पार्टी के संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार के जीवंत उदाहरण शीश महल को लक्जरी हॉस्पिटैलिटी में बदलने की बजाए स्मारक बनाए। जिससे की आने वाली पीढ़ियों को केजरीवाल के बतौर सीएम किए गए करोड़ों के भ्रष्टाचार का नमूना सिविल लाइन्स 6 फ्लेग स्टॉफ रोड पर अपनी आंखों से देखने को मिले। यादव ने कहा कि यह स्मारक दिल्ली की भोली भाली जनता को बताएगा कि उन्होंने राजधानी की सत्ता पर एक ऐसे भ्रष्ट व्यक्ति को बैठाया जिसने भ्रष्टाचार खत्म करने की कसम खाकर अपने लिए सरकारी खजाने के करोड़ों रुपये खर्च कर शीश महल बनवा लिया। यादव ने कहा कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, बंगले के नवीनीकरण और उसे बढ़ाने की कुल लागत 33.66 करोड़ रुपये थी। राजधानी के आम नागरिकों को पता होना चाहिए कि एक व्यक्ति के आराम के लिए बंगले का नवीनीकरण उसे भव्य शीश महल बनाया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस ने दिल्ली के निवर्तमान उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना से फ्लैग स्टाफ रोड मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास के नवीनीकरण की उच्च लागत, जो लगभग 70 करोड़ रुपये थी, उसके बारे में शिकायत की क्योंकि इसके नवीनीकरण में सभी भवन मानदंडों का घोर उल्लंघन किया गया था। यादव ने कहा कि यह जानकर आश्चर्य हुआ कि रेखा गुप्ता सरकार का लोक निर्माण विभाग शीश महल को एक लक्जरी हॉस्पिटैलिटी ऑपरेटर को लीज पर देने की योजना बना रहा है।

## नकली नोटों के खिलाफ कार्रवाई में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



नकली नोटों के खिलाफ भलस्वा डेयरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अंतरराज्यीय नकली नोट रैकेट का भंडाफोड़ करते हुये तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इनसे प्रिंटिंग यूनिट और 100 और 500 के नकली नोट भी बरामद किये गये। आरोपियों से 299 नकली नोट बरामद हुये।

पुलिस के अनुसार 29 जून को भलस्वा डेयरी के निवासी और जनरल स्टोर के मालिक पंकज ने शिकायत दी थी कि देर रात एक व्यक्ति सिगरेट के पांच पैकेट खरीदने उनकी दुकान पर आया था। ग्राहक ने 100 रुपये के छह नोट दिए। नोटों को हाथ में लेते ही शिकायतकर्ता को उनकी बनावट और रंग रूप संदिग्ध लगा। सूझबूझ दिखाते हुए उन्होंने चुपके से बीट ऑफिसर हेड कांस्टेबल प्रतीक को सूचना दी, जो अक्सर गश्त के दौरान बाजार आते जाते रहते थे। सूचना मिलते ही प्रतीक तुरंत मौके पर पहुंचे। नोटों की जांच की और उनकी भौतिक विशेषताओं के आधार पर उन्हें नकली पाया। मामले की सूचना तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। समझदारी और सूझबूझ का परिचय देते हुए प्रतीक ने संदिग्ध को हिरासत में लिया और भलस्वा डेयरी पुलिस स्टेशन के ड्यूटी ऑफिसर को सूचित किया। पूछताछ के दौरान संदिग्ध ने अपनी पहचान नटराज मोहन कंचन (62) निवासी नवी मुंबई, महाराष्ट्र के रूप में बताई। उसकी तलाशी लेने पर उसके बैग से 100 रुपये के 96 नकली नोट बरामद हुए। इसके बाद 29 जून को एफआईआर दर्ज की गई। अपराध की गंभीरता को देखते हुए एक टीम का गठन किया गया। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपी नटराज मोहन कंचन ने बताया कि वह मुंबई से आया था और दिल्ली के पहाड़गंज के एक होटल में ठहरा हुआ था। इस जानकारी पर तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम ने उसके होटल के कमरे में छापा मारा और 100 के 180 और 500 के 13 नकली नोट बरामद किए। आगे की पूछताछ में पता चला कि उसने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में चलाने के लिए सुभाष चंद्र को नकली नोटों के सैंपल दिए थे। इस जानकारी के आधार पर सुभाष को पकड़ा गया और उसके पास से 100 के 10 नकली नोट बरामद किए। जांच के दौरान पुलिस टीम आरोपी नटराज के नवी मुंबई, महाराष्ट्र स्थित घर पर मुंबई पुलिस की मदद से छापा मारा गया और नकली नोट छापने की पूरी यूनिट पकड़ी गई। टीम ने नकली नोट बनाने में इस्तेमाल होने वाले लैपटॉप, एप्सन प्रिंटर, जेब्रोनिक्स लेमिनेशन मशीन, पेपर रोल, खास वॉटरमार्क वाले पेपर और अन्य उपकरण जब्त किए। टेक्निकल सर्विलांस और आगे की पूछताछ के आधार पर नवी मुंबई रेलवे स्टेशन से विनोद मुन्नीलाल जायसवाल को गिरफ्तार किया गया। वह इस सिंडिकेट का टेक्निकल मास्टरमाइंड निकला, जिसने कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके नकली नोटों के टेम्प्लेट डिजाइन किए थे और उनकी छपाई में मदद की थी।

### 'सरदार तेजा सिंह समुंदरी की 100वीं शहादत वर्षगांठ पर दी श्रद्धांजलि'

**नई दिल्ली।** अकाली आंदोलन के महानायक और गुरुद्वारा सुधार आंदोलन के प्रमुख नेता सरदार तेजा सिंह समुंदरी की 100वीं शहादत वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरणजीत सिंह संधू ने अपने दादा सरदार तेजा सिंह समुंदरी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली मंत्रिमंडल के सदस्य, सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीश तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रद्युम्न पांडे** पुत्र विश्वंभर नाथ, निवासी मकान सं. 194-बी, खसरा नं. 46/14, गली नं. 27, प्रशांत एन्क्लेव, गांव बपरोला, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 39/2025 धारा 318(4)/61(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता थाना साइबर बवाना, जिला आउटर नॉर्थ, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रद्युम्न पांडे** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रद्युम्न पांडे** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा **84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 39/2025 धारा 318(4)/61(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता थाना साइबर बवाना, जिला आउटर नॉर्थ, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रद्युम्न पांडे** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **07.09.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री प्रियंका राजपूत,**
**मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी,**
**उत्तर न्यायालय संख्या 115, प्रथम तल,**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली।**

**DP/9790/ON/2026**


### स्थायी समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव 27 को नामांकन की अंतिम तारीख 21 जुलाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सभी 12 वार्ड समितियों के चुनाव संपन्न होने के बाद अब स्थायी समिति के चुनाव की घोषणा कर दी गई है। निगम सचिव की तरफ से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार आने वाली 27 जुलाई को स्थायी समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। जिसके लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 21 जुलाई 2026 तय की गई है। जबकि चुनाव से ठीक पहले तक कोई आवेदनकर्ता अपना नामांकन वापस ले सकता है। अभी 15 जुलाई को 12 वार्ड समितियों के चुनाव में 10 पर भाजपा ने शानदार जीत दर्ज करके तय कर दिया है कि स्थायी समिति पर अब भी उसी का कब्जा बरकरार रहेगा। जल्द ही भाजपा स्थायी समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के नामों की घोषणा करेगी। संभव है कि आम आदमी पार्टी अध्यक्ष पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित न करें, लेकिन उपाध्यक्ष पद के लिए कोशिश जरूर कर सकती है। हालांकि यह आप पार्टी को भी पता है कि उसके पास जीतने लायक वोट नहीं है। बता दें कि स्थायी समिति में कुल 18 सदस्य होते हैं। जबकि शेष 12 सदस्यों को दिल्ली के 12 अलग-अलग वार्ड समितियों (जोन) के चुनाव में जीतने वाले पार्षद सदस्य होते है। इस बार 12 वार्ड समितियों के चुनाव में 10 पर भाजपा की जीत का मतलब 10 सदस्य बीजेपी के हैं और दो पर जीते आप पार्टी के पार्षद सदस्य हैं। बाकी छह सदस्यों का चुनाव सदन कर चुका है। वार्ड समिति चुनावों के नतीजों के बाद स्थायी समिति में भाजपा के 12 सदस्य और आम आदमी पार्टी के 6 सदस्य हो गए है।

### बदमाश की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में एक आपराधिक प्रवृत्ति के शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम साजिद उर्फ आलू बताया गया है। इस वारदात के बाद इलाके में गैंगवार की आशंका बढ़ गई है। वहीं क्षेत्र के लोगों में डर का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार साजिद पर हत्या के प्रयास, जबरन उगाही, वसूली समेत कई धाराओं में आठ से अधिक केस दर्ज थे। इस हत्या के सिलसिले में दयालपुर थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि तीन दिन पहले साजिद का किसी से विवाद हुआ था। आशंका है कि उसी विवाद के चलते हत्या को अंजाम दिया गया है।

### सीजेपी, वांगचुक को मिला कांग्रेस व एनसीपी का समर्थन, खेड़ा, सुप्रिया सुले ने कहा हम है साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक को आम आदमी पार्टी के बाद अब कांग्रेस पार्टी ने भी अपना समर्थन दे दिया है। वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने भी वांगचुक का समर्थन किया है। शुक्रवार को कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा और एनसीपी की सुप्रिया सुले ने जंतर मंतर पहुंचकर वांगचुक का हाल जाना और अपना समर्थन जताते हुए भूख हड़ताल समाप्त करने की अपील की। इनके अलावा कांग्रेस नेत्री मुमताज पटेल, यूपी कांग्रेस इंजार्च राजेंद्र पाल गौतम सहित अन्य नेता वांगचुक से मिलने पहुंचे। इस मौके पर पवन खेड़ा ने कहा कि छात्रों की आवाज को सुना जाना चाहिए और उनकी जायज मांगों पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। खेड़ा ने अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक व छात्र नेताओं नेहा, मनीष और आमीन से मुलाकात कर उन्हें अपना समर्थन दिया। इस दौरान उन्होंने छात्रों के साहस और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों के लिए संघर्ष की सराहना की।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी**

**मुकदमा न.-181 दिनांक 03/07/2026 धारा 127 (6) BNS**
**थाना शहर जिला रेवाड़ी**



**गुमशुदा की पहचानः-**
**नाम-** दिनेश पुत्र बिशमभर दयाल
**निवासी-** आन्नद नगर रेवाडी थाना शहर जिला रेवाड़ी
**कद** - 5'7 ईंच
**हुलिया-** रंग गेहुवा, गोल चेहरा, जिसने काली टीशर्ट व नीले रंग का लोवर पहनी हुई है।
दिनांक-29/06/2026 से घर से सालासर के लिए निकला था। जिस संबंध मे FIR NO-181 दिनांक-03/07/2026 धारा 127 (6) BNS दर्ज रजिस्टर्ड किया गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग पता नहीं चला है। यदि किसी थाने में या किसी व्यक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर फोन करके सूचित करे।

**सम्पर्क नम्बर-1. अनुसंधानकर्ता 7056666634**
**2. प्रबंधक अफसर शहर रेवाडी- 7056666121**
**3. कंट्रोल रूम रेवाड़ी- 01274-225156, 9306952004**
पीआरडीएच-1084/11/5043/2027/47293/88/7 दि. 17.07.2026


## अधिकारी की बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या केस में 973 पन्नों की चार्जशीट दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण पूर्वी जिले की पुलिस ने भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के वरिष्ठ अधिकारी की 22 वर्षीय बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपी राहुल मीणा के खिलाफ 973 पन्नों की चार्जशीट अदालत में दाखिल की है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि केस में 82 गवाहों को सूचीबद्ध किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी राहुल अधिकारी के यहां घरेलू सहायक के तौर पर काम करता था और वित्तीय हेरफेर के कारण उसे फरवरी में नौकरी से निकाला गया था। मीणा घर की चाबियों के ठिकाने के बारे में पूरी तरह से अवगत था। इसी का फायदा उठाते हुये उसने 22 अप्रैल की सुबह घर में प्रवेश किया और अधिकारी की बेटी का बलात्कार किया। घटना के वक्त पीड़िता घर पर अकेली थी। सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ग्रेजुएट पीड़िता को उसके माता-पिता ने सुबह करीब आठ बजे जिम से लौटने पर जख्मी पाया था। उसे तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया था जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था। आरोप पत्र के अनुसार मीणा ने युवती से न सिर्फ दुष्कर्म किया था बल्कि पैसे की मांग का विरोध करने पर मोबाइल फोन की चार्जिंग केबल से लड़की गला घोंट दिया था। इसके बाद उसने लगभग दो से ढाई लाख रुपये नकदी भी चुराई थी। आरोपी पीड़िता के भाई के कपड़े पहनकर मौके से फरार हुआ था। आरोप पत्र में उल्लेख किया गया है कि अपराध स्थल से बरामद उंगलियों, हथेलियों और अंगूठे के निशान आरोपी से मेल खाते हैं और उसका डीएनए पीड़िता के शरीर से एकत्र किए गए नमूनों से मेल खाता है। पुलिस ने घटना के क्रम को स्थापित करने के लिए 82 गवाहों को सूचीबद्ध किया है। सीसीटीवी फुटेज में मीणा को सुबह 6:30 बजे आवासीय परिसर में प्रवेश करते और 7:20 बजे बाहर निकलते देखे जाने के बाद उसी शाम उसे द्वारका के एक होटल से गिरफ्तार किया गया था। मीणा को जुए की लत थी और ऑनलाइन गेमिंग ऐप्लिकेशन के कारण उस पर पांच से सात लाख रुपये का कर्ज था।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C./84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **चेतन धवन, पुत्रः** अशोक धवन, **पताः** मकान नंबर 208, स्टेट बैंक नगर, पश्चिम विहार, दिल्ली, ने **FIR No. 52/2020 U/s 3 DPDP थानाः पंजाबी बाग, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चेतन धवन** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चेतन धवन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 52/2020 U/s 3 DPDP थानाः पंजाबी बाग, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **चेतन धवन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो

**आदेशानुसार**
**सुश्री वसुन्धरा आज़ाद**
**सीजेएम, कमरा नंबर 146 प्रथम तल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/9673/WD/2026**
**(Court Matter)**

# डेरा मंडी क्षेत्र में नए प्रीकास्ट आरसीसी ड्रेन निर्माण से होगा जलभराव का समाधानः प्रवेश

- दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के डेरा मंडी क्षेत्र में लंबे समय से बनी हुई जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में दिल्ली सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। लोक निर्माण एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुक्रवार को छतरपुर स्थित डेरा मंडी रोड का दौरा कर क्षेत्र में जलभराव, सीवर और सड़क की स्थिति का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों के साथ मौके पर विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने डेरा मंडी रोड के पास मंडी गांव में भारी जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों ने उन्हें मौजूदा स्थिति और जल निकासी व्यवस्था की जानकारी दी। मौके पर विस्तृत समीक्षा के बाद निर्णय लिया गया कि लोक निर्माण विभाग डेरा मंडी रोड से डेरा भाटी रोड होते हुए बांध रोड तक नया प्रीकास्ट आरसीसी ड्रेन बनाएगा, जहां से पंपिंग व्यवस्था के माध्यम से पानी को एसएसएन मार्ग ड्रेन में छोड़ा जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में वर्षाजल निकासी की स्थायी व्यवस्था विकसित करना और भविष्य में जलभराव की समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।




## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बोली : डीबीटी के जरिए किसानों खातों में पहुंचेगी धनराशि

# बारिश से खराब हुई फसलों की एवज में अगले महीने किसानों को मिलेगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने निर्णय लिया है कि जिन किसानों की फसलें अगस्त और सितंबर 2025 में हुई अत्यधिक बारिश के कारण पूरी तरह नष्ट हो गई थीं। उन्हें दिल्ली सरकार की तरफ से 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत दिल्ली के विभिन्न जिलों और सब-डिवीजनों में 4442.41 हेक्टेयर से अधिक प्रभावित कृषि भूमि को शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में भारी बारिश और जलभराव से पूरी तरह फसल गंवाने वाले किसानों के लिए 33.31 करोड़ रुपये से अधिक की अनुग्रह सहायता राशि को मंजूरी दे दी है। दिल्ली सरकार का कहना है कि किसानों की आजीविका की सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। इस सहायता से प्रभावित किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा और वे आगामी फसल की तैयारी बेहतर तरीके से कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग और संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राहत राशि के वितरण की प्रक्रिया बिना किसी देरी के शुरू की जाए ताकि पात्र किसानों के बैंक खातों में सहायता राशि जल्द से जल्द सीधे हस्तांतरित की जा सके। रेखा गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि सहायता राशि अगले महीने से डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से पात्र किसानों के बैंक खातों में सीधे भेजी जाएगी, ताकि राहत राशि बिना किसी देरी और पारदर्शी तरीके से लाभार्थियों तक पहुंच सके।

### कुल 4442 हेक्टेयर प्रभावित कृषि क्षेत्र योजना के दायरे में शामिल

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि सरकार के निर्णय के अनुसार दिल्ली के विभिन्न जिलों और सब-डिवीजनों के अंतर्गत आने वाले कुल 4442.41 हेक्टेयर प्रभावित कृषि क्षेत्र को इस सहायता योजना के दायरे में शामिल किया गया है।

इसके तहत अलीपुर (नरेला) के 364.74 हेक्टेयर प्रभावित क्षेत्र के लिए 2.74 करोड़ रुपये, बुराड़ी के 17.33 हेक्टेयर के लिए 13 लाख रुपये, पंजाबी बाग (मुंडका) के 51.50 हेक्टेयर के लिए 38.63 लाख रुपये और विकासपुरी के 26.55 हेक्टेयर प्रभावित क्षेत्र के लिए 19.92 लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर की गई है। इसी प्रकार कंझावला क्षेत्र के अंतर्गत मुंडका और बवाना में कुल 1758.76 हेक्टेयर प्रभावित कृषि भूमि के लिए क्रमशः 8.70 करोड़ रुपये और 4.49 करोड़ रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। रोहिणी (मुंडका) के 137.59 हेक्टेयर प्रभावित क्षेत्र के लिए 1.03 करोड़ रुपये, कापसहेड़ा (मटियाला) के 625.93 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 4.69 करोड़ रुपये, जबकि नजफगढ़ और मटियाला के अंतर्गत कुल 1459.97 हेक्टेयर प्रभावित क्षेत्र के लिए क्रमशः 9.98 करोड़ रुपये तथा 96.74 लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर की गई है।

### भूमि के पंजीकृत या रिकॉर्डेड मालिक को मिलेगा मुआवजा

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट पात्रता शर्तें तय की हैं कि सहायता राशि केवल वास्तविक और पात्र किसानों तक पहुंचे। योजना का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा जो उस भूमि के पंजीकृत या रिकॉर्डेड मालिक हैं और जिनकी फसल अगस्त-सितंबर 2025 की भारी बारिश और जलभराव के कारण खराब हुई थी। नियमों के अनुसार किसी कंपनी (कॉरपोरेट प्रकृति) के स्वामित्व वाली भूमि, गांव सभा की जमीन की खेती और पक्की बाउंड्री वॉल वाले प्लॉट के रूप में विकसित फार्म हाउसों को इस योजना के दायरे से बाहर रखा गया है।

## डीयू में सीटें बढ़ाने की मांग

# एबीवीपी ने किया विशाल प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दिल्ली (एबीवीपी) ने दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन की छात्रविरोधी नीतियों जिसमें मुख्य रूप से एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सीटों की अपर्याप्त संख्या के विरोध में शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कला संकाय के बाहर विशाल प्रदर्शन किया जिसके बाद डीयू रजिस्ट्रार प्रो विकास गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता कर विश्वविद्यालय प्रशासन से तत्काल सीटों में वृद्धि की मांग की। एबीवीपी दिल्ली के प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय देशभर के लाखों विद्यार्थियों की पहली पसंद है, किंतु वर्तमान प्रवेश व्यवस्था में सीटों की अपर्याप्त संख्या विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय है। चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के बाद एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, इसलिए डीयू प्रशासन को तत्काल प्रभाव से सीटों में पर्याप्त वृद्धि करनी चाहिए।

### 10 दिनों के भीतर छात्रों के हित में निर्णय लेगी समिति

एबीवीपी प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष अपनी मांगों को जोरदार ढंग से रखा तथा एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में शीघ्र सीट वृद्धि की मांग की। एबीवीपी के इस प्रदर्शन और ज्ञापन के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन ने अधिष्ठाता नामांकन (डीन एडमिशन) के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया जो 10 दिनों के भीतर छात्रों के हित में निर्णय लेगी।

# शिक्षा निदेशालय और डीएसएसएसबी के बीच दौड़ लगाने पर मजबूर सहायक शिक्षक भर्ती के परीक्षार्थी

- दिल्ली सरकार की सहायक शिक्षक (प्राइमरी) भर्ती, पोस्ट कोड 802/25 की परीक्षा हुए कई महीने बीते पर रिजल्ट अधर में लटका
- शिक्षा निदेशालय और डीएसएसएसबी अपने पाले से गेंद एक दूसरे की तरफ उछाल में व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली सरकार के दो विभाग सहायक शिक्षक (प्राइमरी) भर्ती, पोस्ट कोड 802/25 के परीक्षार्थियों को इधर से उधर दौड़ा रहे हैं। परीक्षा के रिजल्ट की मांग को लेकर पिछले कई दिन से आग्रह करते घूम रहे इन परीक्षार्थियों की बात न तो दिल्ली सरकार का शिक्षा निदेशालय सुन रहा है और न ही दिल्ली अधिनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) कोई सुध ले रहा है। शिक्षा निदेशालय और डीएसएसएसबी अपने दरवाजे पर आते ही परीक्षार्थियों को एक दूसरे के वहां दौड़ा देता है। शुक्रवार को भी परीक्षार्थियों को ऐसी परेशानी झेलनी पड़ी।

गौरतलब है कि इस साल फरवरी से अप्रैल के दौरान डीएसएसएसबी ने सहायक शिक्षक प्राइमरी पोस्ट कोड 802/25 की प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की थी। इस परीक्षा में करीब 11 सौ रिक्त पदों के लिए लगभग 85 हजार परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। परेशानी यह है कि परीक्षा आयोजित हुए कई महीने हो चुके हैं पर डीएसएसएसबी रिजल्ट की घोषणा नहीं कर रहा है। परीक्षा देने वाले युवा पिछले करीब दस दिन में कई बार डीएसएसएसबी के सामने रिजल्ट की मांग को लेकर धरना दे चुके हैं। दिलचस्प यह है कि डीएसएसएसबी रिजल्ट निकालने की बजाय कभी कैट में चल रहे किसी केस का हवाला देने लग जाता है तो कभी शिक्षा निदेशालय के पाले में गेंद फेंक देता है। शुक्रवार को शिक्षा निदेशालय और डीएसएसएसबी के बीच परीक्षार्थी दौड़ते रहे।

दरअसल डीएसएसएसबी ने दो दिन पहले परीक्षार्थियों को बोला था कि शिक्षा निदेशालय अगर रिजल्ट जारी करने की बात कहेगा तो बोर्ड रिजल्ट डिक्लेयर कर देगा। इसके बाद शुक्रवार सुबह काफी संख्या में परीक्षार्थी पुराना सचिवालय विधानसभा स्थित शिक्षा निदेशालय के कार्यालय पहुंचें। काफी देर की जद्दोजहद के बाद शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों ने परीक्षार्थियों से कहा कि हमारे यहां से कई दिन पहले रिजल्ट डिक्लेयर करने के लिए डीएसएसएसबी को ईमेल भेजी जा चुकी है। इसके बाद ये परीक्षार्थी कई किलोमीटर दूर कड़कड़डूमा स्थित डीएसएसएसबी कार्यालय पहुंचें। वहां फिर इनको कई घंटे इंतजार कराया गया। काफी मशक्कत के बाद डीएसएसएसबी ने बताया कि शिक्षा निदेशालय से ईमेल आई हुई है पर इसमें स्पष्टता नहीं है। परीक्षार्थियों ने कहा कि डीएसएसएसबी ईमेल के जरिये शिक्षा निदेशालय को सूचित कर दे कि उनकी ईमेल में स्पष्टता नहीं है। डीएसएसएसबी ने इसके जवाब में कहा कि तीन चार दिन का समय दीजिए।

अब सोचिए देश की राजधानी में दिल्ली सरकार के स्कूलों में जहां स्थायी शिक्षकों की भारी कमी है वहां किस प्रकार से आयोजित हो चुकी सहायक शिक्षक प्राइमरी परीक्षा के रिजल्ट की मांग को लेकर परीक्षार्थियों को बेवजह इधर से उधर दौड़ाया जा रहा है।

### उपराज्यपाल संधू और मुख्यमंत्री गुप्ता से लगाई गुहार




परीक्षार्थियों ने दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से रिजल्ट जारी करवाने की गुहार लगाई है। परीक्षार्थियों का कहना है कि दोनों विभाग ईमेल ईमेल खेल रहे हैं और हजारों बेरोजगार युवाओं को बिना कसूर परेशानी झेलनी पड़ रहा है। परीक्षार्थियों ने कहा कि उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री को इस मामले का संज्ञान लेकर जल्द से जल्द रिजल्ट जारी करवाना चाहिए।

## भाजपा के इशारे पर दिल्ली में प्री-एसआईआर के बहाने काट दिए गए 14 लाख वोट : सौरभ

नई दिल्ली। दिल्ली में इन दिनों चल रही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर वोट कटवाने के गंभीर आरोप लगाए है। प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान आरोप लगाए कि भाजपा के इशारे पर दिल्ली में प्री-एसआईआर के बहाने 14 लाख वोट काट दिए गए है। उन्होंने बताया कि तीन तरह से वोट काटे जा रहे हैं। पहला दिल्ली के अंदर एसआईआर करने से पहले ही प्री एसआईआर के नाम पर 14 लाख लोगों के वोट हमेशा के लिए काट दिए गए हैं। दूसरा, झुग्गी झोपड़ी के अंदर रहने वाले गरीब लोगों की झुग्गी झोपड़ी उजाड़ कर उनके वोट हमेशा के लिए खत्म करने का षड्यंत्र चल रहा है। तीसरा चुनाव आयोग गणना फार्म (एन्यूमरेशन फॉर्म) भरने का ढोंग कर रहा है। प्रेसवार्ता में भारद्वाज के अलावा बुराड़ी से विधायक संजीव झा, कोंडली से विधायक कुलदीप कुमार और पूर्व पार्षद विकास गोयल मौजूद थे। गरीब इलाकों में हर घर में गणना फार्म नहीं दिए गए। फिर भी सरकारी डेटा कह रहा है कि 100 फीसद फार्म बांट दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह, जिनकी झुग्गियां तोड़ दी गई और जिन्हें सरकार ने मकान दिए हैं, उनको भी बीएलओ गणना फार्म नहीं दे रहे हैं। भाजपा ने चुनाव आयोग के सहयोग से पश्चिम बंगाल में जो बेइमानी की थी, उससे भी एक कदम आगे बढ़कर दिल्ली में कर रही है। इस मौके पर विधायक संजीव झा ने कहा कि मैपिंग के नाम काटे गए 14 लाख वोटरों को अब गणना फार्म तक नहीं मिलेगा और वह एसआईआर में भाग नहीं ले सकेंगे। संजीव झा ने आरोप लगाया कि रेखा गुप्ता सरकार से परेशान गरीब-प्रवासी भाजपा के खिलाफ हैं, इसलिए उनका वोटिंग राइट छीना जा रहा।

## मालवीय नगर विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती की याचिका सुप्रीम कोर्ट में स्वीकार : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी दिल्ली प्रदेश ने बयान जारी कर कहा कि मालवीय नगर विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती की याचिका सुप्रीम कोर्ट में स्वीकार कर ली है। जबकि इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी के पक्षकार नहीं बनने पर दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमनाथ भारती की याचिका को खारिज कर दिया था। आप का कहना है कि अब भाजपा प्रत्याशी की जीत, कांग्रेस प्रत्याशी की भूमिका और चुनावी शुचिता से जुड़े अहम सवालों पर सुनवाई होगी। इस मामले पर सोमनाथ भारती ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश लोकतंत्र और हर मतदाता की जीत है, मेरी याचिका कभी मेरिट पर खारिज नहीं हुई। लिखित सूचना देने के बाद भी कांग्रेस प्रत्याशी हाई कोर्ट में पक्षकार नहीं बने, जबकि वह बन सकते थे। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि आखिर में सत्य की जीत होगी और लोकतंत्र की गरिमा सुरक्षित रहेगी शुक्रवार को जज विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने मामले की सुनवाई की और याचिका को सुनने को तैयार हो गए। अब भाजपा प्रत्याशी सतीश उपाध्याय की जीत, कांग्रेस प्रत्याशी की भूमिका और चुनावी शुचिता से जुड़े अहम सवालों पर सुनवाई हो सकेगी।



## खबर संक्षेप

### 12.50 लाख रुपए लेकर फरार कर्मचारी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने एल-1 शराब गोदाम के 12.50 लाख रुपए लेकर फरार हुए कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। वह कई दिनों से पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए राजस्थान के कोटपुतली में अपने एक परिचित के यहां छिपा हुआ था। पुलिस ने उसे दबोच लिया। रमामले की गहन पूछताछ के लिए आरोपी का एक दिन का पुलिस रिमांड पर लिया है।

### मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में 2 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस ने मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। दोनों मामलों में आरोपियों ने पुरानी रंजिश और मुकदमा वापस लेने के दबाव में वारदात को अंजाम दिया था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### देसी कट्टा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने अवैध हथियार पर कार्रवाई करते हुए 16 जुलाई को एक व्यक्ति को अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान विजय निवासी ओल्ड फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि विजय के पास अवैध हथियार है और बिजली घर, ओल्ड फरीदाबाद के पास मौजूद है। ब्रांच की टीम ने विजय को मौका से काबू किया है। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ।

## वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर पर्यावरण नीति का खाका सामने आया

# एनसीआर में सड़क पुनर्विकास का नया मॉडल, हरियाली को मिलेगी प्राथमिकता, 7 लाख प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सड़कों के पुनर्विकास और वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर एक नई पर्यावरणीय नीति का खाका सामने आया है। अब सड़कों के निर्माण और पुनर्विकास के दौरान हरियाली को प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि दिल्ली में पेड़ काटने की अनुमति प्राप्त करना पहले की तुलना में



कहीं अधिक कठिन बना दिया गया है। राजधानी में आयोजित 'क्लीन एयर डायलॉग' के तीसरे संस्करण में वरिष्ठ अधिकारियों और पर्यावरण विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी। कार्यक्रम में इस बात पर विशेष जोर दिया गया शहरों को तालाबों, झीलों, जंगलों, सड़कों, पार्कों, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और खुले स्थानों के समग्र पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में विकसित और संरक्षित किया जाना चाहिए। विशेषज्ञों ने इसे स्वच्छ वायु, बेहतर सार्वजनिक स्वास्थ्य और टिकाऊ शहरी विकास के लिए आवश्यक बताया।

### 13 हजार नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जाएगी

उन्होंने बताया कि दिल्ली में 13 हजार नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जा रही हैं। वहीं, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अब तक 17 लाख पेड़ और झाड़ियां लगाई जा चुकी हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (दिल्ली वन विभाग) श्याम सुंदर कंडपाल ने बताया कि वन विभाग 10 लाख मुफ्त पौधे वितरित कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत वन सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 25 वर्षों में दिल्ली का हरित आवरण 8 प्रतिशत से बढ़कर 25 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के उप महानिरीक्षक (वन) प्रशांत राजगोपाल ने कहा कि दिल्ली में पेड़ काटने की अनुमति प्रक्रिया को अत्यंत सख्त बनाया गया है। अब इसके लिए सामाजिक ऑडिट और वृक्ष गणना जैसी प्रक्रियाओं से गुजरना अनिवार्य होगा। डीडीए की अतिरिक्त आयुक्त नीलिमा सोनी ने बताया कि दिल्ली के फ्लडप्लेन क्षेत्रों में सात लाख देशी प्रजातियों के पौधे और एक करोड़ घास लगाई गई हैं।

## मंत्री विपुल गोयल ने कहा-हाइड्रोजन आधारित परिवहन भविष्य की आवश्यकता, हरित ऊर्जा को मिलेगा बढ़ावा

# जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन रवाना, हरित ऊर्जा और विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदमः राज्यमंत्री गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं फरीदाबाद के सांसद कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज का दिन हरियाणा और देश के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना कर एक नए युग की शुरुआत की है। इस अवसर पर बल्लभगढ़ स्थित अटल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर तथा हरियाणा सरकार में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा, बड़खल विधायक धनेश अदलखा, एनआईटी विधायक सतीश फागना, महापौर प्रवीण जोशी, फरीदाबाद भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, बल्लभगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह, जिला परिषद चेयरमैन विजय लोहिया, पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा, पूर्व विधायक नरेंद्र गुप्ता तथा पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जींद से देश की प्रथम हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया, जिसका सीधा प्रसारण किया गया। साथ ही कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की चार महिलाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के चार लाभार्थियों और हरियाणा रोडवेज के द्वारा पांच लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित किए गए।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि यह केवल एक नई ट्रेन की



शुरुआत नहीं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, आधुनिक तकनीक और विकसित भारत के संकल्प की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे निर्णय ले रहा है, जिनका लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नवाचार, अनुसंधान और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज पूरी दुनिया के सामने गंभीर चुनौती है और डीजल तथा पेट्रोल जैसे जीवाश्म ईंधनों से निकलने वाला कार्बन प्रदूषण इसका प्रमुख कारण है। ऐसे में हाइड्रोजन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देकर भारत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2030 तक हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए थेए उन्हें निर्धारित समय से पहले 2025 में प्राप्त कर विकास की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है।


केंद्रीय सहकारिता मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि पिछले वर्षों में भारतीय रेल के व्यापक विद्युतीकरण का कार्य रिकॉर्ड स्तर पर किया गया है। अधिकांश रेल मार्गों का विद्युतीकरण होने से डीजल की खपत में उल्लेखनीय कमी आई है, जिससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत हुई है बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि पहले बड़ी मात्रा में पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर खर्च होने वाला धन अब देश के विकास कार्यों में उपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों के कारण भारत आज दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है और शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं चला रही है, जिससे आम नागरिकों को स्वच्छ परिवहन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके।

### हाइड्रोजन आधारित परिवहन भविष्य की आवश्यकता, हरित ऊर्जा को मिलेगा बढ़ावाः विपुल गोयल

हरियाणा सरकार में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि आज का दिन हरियाणा और देश के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को रवाना कर स्वच्छ ऊर्जाए आधुनिक परिवहन और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी बधाई दी। प्रधानमंत्री ने लगभग 14700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, परिवहन, उद्योग, ऊर्जा और जन सुविधाओं को नई गति मिलेगी तथा हरियाणा के विकास को और मजबूती मिलेगी। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाई है और देश का सम्मान लगातार बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक विकास के साथ सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत के संरक्षण के लिए भी ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

## समर्पित लंग्स फेलियर क्लीनिक का शुभारंभ

# गंभीर फेफड़ों के मरीजों को मिलेगी विशेषज्ञ उपचार सुविधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, मानेसर ने क्षेत्र के पहले समर्पित लंग्स फेलियर क्लीनिक का शुभारंभ किया है। इस क्लीनिक के माध्यम से फेफड़ों की गंभीर और अंतिम चरण की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को एक ही स्थान पर उन्नत उपचार, लंग ट्रांसप्लांट मूल्यांकन और दीर्घकालिक देखभाल की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, यह क्लीनिक प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को संचालित किया जाएगा। कमान डॉ गोविनी बालासुब्रमणि, डायरेक्टर – लंग ट्रांसप्लांट एंड एडवांस लंग फेलियर, ग्लेनईगल्स हॉस्पीटल, चेन्नई तथा डॉ कर्ण मेहरा, सीनियर कंसल्टेंट एंड यूनिट हेड – एडवांस लंग फेलियर एंड ट्रांसप्लांट पल्मोनोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल मानेसर संभालेंगे। मरीजों को एडवांस पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट, ब्रॉन्कोस्कोपी, पोषण परामर्श, नींद संबंधी मूल्यांकन और नॉन-इन्वेसिव वेंटिलेशन सपोर्ट जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। डॉ. गोविनी बालासुब्रमणि ने कहा कि बढ़ते वायु प्रदूषण, तंबाकू सेवन और अन्य कारणों से गंभीर फेफड़ों के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डॉ. कर्ण मेहरा ने कहा कि फेफड़ों की कई गंभीर बीमारियां धीरे-धीरे विकसित होती हैं मरीज अक्सर देर से विशेषज्ञों तक पहुंचते हैं। नए क्लीनिक के माध्यम से मरीजों को समय पर इलाज और व्यक्तिगत उपचार योजना का लाभ मिलेगा। फोर्टिस हेल्थकेयर के अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य मानेसर और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को विश्वस्तरीय रेस्पीरेटरी और ट्रांसप्लांट केयर उनके घर के नजदीक उपलब्ध कराना है।

**मरीजों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी**


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तग **इस्माइल, पिताः कंबिरे, निवासीः डब्ल्यूजेड–एफ–15डी, गली नंबर 06, संत गढ़, तिलक नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 691/2021, U/s: 14/14C, पुलिस थाना तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **इस्माइल** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इस्माइल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना तिलक नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **इस्माइल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.08.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विकास मदान
जेएमएफसी, पश्चिम, कमरा नंबर 289
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/9581/WD/2026


## मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में 1096 प्रधानमंत्री आवासों का भी किया लोकार्पण

# गाजियाबाद को 868 करोड़ की सौगात दी सीएम योगी ने, 57 विकासकार्यों का शिलान्यास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को जिले की जनता के लिए विकास के नए द्वार खोल दिए। मोदीनगर और मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री कुल 868.17 करोड़ रुपए की लागत वाली 90 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुरादनगर के तेजपाल त्यागी कुशलपाल त्यागी मेमोरियल कॉलेज में उन्होंने जनसभा को संबोधित करने के साथ ही 57 नए विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। जिस पर 685.14 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री के इस दौरे से जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, आवासीय सुविधा, सड़क निर्माण आदि क्षेत्रों में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ शाम 4 बजे मुरादनगर के रावली सोहाना मार्ग पर स्थित तेजपाल त्यागी कुशलपाल त्यागी मेमोरियल कॉलेज में जनसभा को संबोधित करने के दौरान गृह विभाग, शिक्षा विभाग, डूडा, पीडब्ल्यूडी, पंचायती राज विभाग, आवास शहरी विकास नियोजन विभाग की कुल 57 नवीन परियोजनाओ का शिलान्यास करेंगे। इन योजनाओं के माध्यम से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना बापूधाम के प्रशासनिक भवन में 807 लाख की लागत से निर्माण कार्य होगा। इसके साथ ही पुलिस लाइन में 1627 लाख से ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कराया जाएगा। नगर निगम की 9 परियोजनाओं पर कुल 1734 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। मुरादनगर के भदौली में 147 लाख .रुपए की लागत से नवीन हाईस्कूल भवन का निर्माण कराया जाएगा।

**807 लाख की लागत के निर्माण कार्य होंगे**

### मुरादनगर क्षेत्र के लोगों का आसान होगा आवागमन

मुरादनगर क्षेत्र के लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करने के लिए मतौर-डोलचा सीमा के बीच और भदौली के निकट हिंडन नदी पर दो लेन सेतु पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। जिस पर 4802 लाख रुपए की धनराशि योगी सरकार के द्वारा खर्च की जाएगी।

### जीडीए को मिलेंगे 505 करोड़ रुपए

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 19 परियोजनाओं का भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं पर 505 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी। इसी धनराशि में से हापुड़ चुंगी चौराहे पर 125 करोड़ रुपए की लागत से फलाई ओवर बनाया जाएगा। इसके निर्माण से वहां लगने वाले जाम से जनता को मुक्ति मिलेगी वहीं समय और धन की भी बचत होगी।

## सीएम ने स्वर्गीय राजपाल सिंह त्यागी की मूर्ति का अनावरण कर दी श्रद्धांजलि

# सुशासन व विकास का मॉडल बना गाजियाबादः मुख्यमंत्री योगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री स्वः राजपाल सिंह त्यागी को श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनकी मूर्ति का अनावरण किया। अपने संबोधन के प्रारंभ में मुख्यमंत्री ने पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि स्वर्गीय श्री राजपाल सिंह त्यागी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जनसेवा एवं सार्वजनिक जीवन में दिए गए योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि छह बार विधायक निर्वाचित होना उनकी लोकप्रियता एवं जनस्वीकार्यता का प्रमाण है। उद्बोधन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी ने स्व.राजपाल त्यागी की मूर्ति का अनावरण करते हुए उन्हें श्रदांजलि अर्पित की।

### अन्नप्राशन संस्कार व गोदभराई रस्म

सीएम ने कार्यक्रम स्थल पर स्थापित विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने विराज एवं रिधिमा का अन्नप्राशन संस्कार सम्पन्न कराया तथा काजल एवं रेखा की गोदभराई की रस्म निभाकर मातृ एवं शिशु कल्याण योजनाओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। गाजियाबाद के विकास एवं सुशासन की बदली तस्वीर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय गाजियाबाद गुंडागर्दी, गंदगी एवं अराजकता जैसी समस्याओं के लिए चर्चित था तथा जनपद की छवि को लेकर विभिन्न प्रकार की नकारात्मक चर्चा होती थीं।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सतीश कुमार, पिताः राम कुमार, निवासीः मकान संख्या 424, गली नंबर 2, मंगोल पुर कलां, दिल्ली** ने **CC No. 3519/22, U/s: 138 NI Act, पुलिस थाना साउथ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सतीश कुमार** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सतीश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना साउथ रोहिणी, दिल्ली** के अभियुक्त **सतीश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.08.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री गौरव कटारिया
जेएमएफसी–07, उत्तर–पश्चिम,
दूसरी मंजिल, कमरा नंबर 208,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9821/RD/2026


## चार मंजिला मकानों पर कार्रवाई रोकने की मांग

**निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए**

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिला कांग्रेस कमेटी फरीदाबाद के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने शुक्रवार को नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त से मुलाकात कर शहर में पहले से निर्मित चार मंजिला इमारतों को तोड़े जाने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने और प्रभावित परिवारों को कंपाउंड फीस के माध्यम से राहत प्रदान करने की मांग की। अतिरिक्त आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि फरीदाबाद के शहरी क्षेत्रों में



हजारों परिवार वर्षों की मेहनत और जीवनभर की कमाई से अपने घर बनाकर रह रहे हैं। ऐसे मकानों को ध्वस्त करना न केवल परिवारों के लिए आर्थिक संकट पैदा करेगा, बल्कि सामाजिक रूप से भी उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि पहले से बने निर्माणों को राहत दी जाए और नागरिकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यदि भवन निर्माण में किसी स्तर पर नियमों की अनदेखी हुई है, तो इसकी जिम्मेदारी आम नागरिकों पर नहीं डाली जानी चाहिए। जिन अधिकारियों की लापरवाही या अनियमितता के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है, उनकी जवाबदेही तय करते हुए निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। बलजीत कौशिक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी मजबूती के साथ जनता की आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए संवेदनशील निर्णय लेने चाहिए, न कि ऐसे कदम उठाने चाहिए।


## हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | DST/LNB/PIPLI/01 TENDERID-2026_HRY_5259231 | पिपली (कुरुक्षेत्र) में बस टर्मिनल का विकास सहित पीपीपी मोड के तहत वाणिज्यिक सुविधाएं। बंद होने की तिथि 17.08.2026 तक 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तकनीकी बोली का खुलना 18.08.2026 को 12:00 बजे के बाद होगा। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 1722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 2 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | DST/LNB/GURUGRAM/01 TENDERID-2026_HRY_5258841 | सेक्टर-29 गुरूग्राम में बस टर्मिनल का विकास सहित पीपीपी मोड के तहत वाणिज्यिक सुविधाएं। बंद होने की तिथि 17.08.2026 तक 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तकनीकी बोली का खुलना 18.08.2026 को 12:00 बजे के बाद होगा। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 1722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 3 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | DST/LNB/KARNAL/01 TENDERID-2026_HRY_525904_1 | करनाल (बलारी बाई-पास) में बस टर्मिनल का विकास सहित पीपीपी मोड के तहत वाणिज्यिक सुविधाएं। बंद होने की तिथि 17.08.2026 तक 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तकनीकी बोली का खुलना 18.08.2026 को 12:00 बजे के बाद होगा। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 1722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 4 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | 01/2026-27/SPA-1/TECH TENDER ID:-2026HRY531091 | 24 अदद 125 केवीए जेन सैट्स की स्थापना और प्रचालन हेतु ऑनलाइन निविदा, बंद होने की तिथि 24.07.2026 तक 15:00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तकनीकी बोली का खुलना 27.07.2026 को 15:00 बजे के बाद होगा। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 01722710371 jstchry@gmail.com |
| 5 | कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई), हरियाणा | MEMONO. 1/336-ESI-G2-2026/4167 DATED07.07.2026 | हरियाणा में (फरीदाबाद और गुरुग्राम को छोड़कर) ईएसआई स्कीम के तहत बीमित व्यक्ति के लिए माध्यमिक देखभाल स्वास्थ्य सुविधा हेतु निजी हस्पतालों के टाइ-अप के लिए आवेदन, ईओआई के पेज नं. 17 पर क्लॉज 3 प्वाइंट नं. 2 (डी-एम्पैनलमेंट/ ब्लैकलिस्टिंग के लिए प्रक्रिया) को परिशिष्ट सहित रूपांतरित किया गया है। कृपया ई-निविदा हरियाणा वेबसाइट पर निविदा के शुद्धिपत्र कॉलम पर पधारें। | hryesi.gov.in | 9988701049 esi@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2027/120/47295/I/88/7 दि. 17.07.26

## खबर संक्षेप

### यूपी में पांच आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने पांच आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। रामपुर,ललितपुर,




लखनऊ समेत कई पदों पर नई तैनाती की गई है। आईपीएस अनिल कुमार सिंह को पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ से पुलिस अधीक्षक, रामपुर, वहीं गोपाल कृष्ण चौधरी को पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से सेनानायक, 32वीं वाहिनी पीएसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### उर्दू देसी, संस्कृत बाहरी जुबान; बयान पर खलबली


**किशनगंज।** कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद के बयान से बिहार समेत देश भर में सियासी खलबली



मच गई है। भाजपा, जदयू ने कांग्रेस पर करारा हमला बोला है तो राजद ने सांसद की निजी राय बताकर किनारा कर लिया है। हिंदू और मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भी बयान के विवादास्पद और नफ़रती बताया है। जब-जब चुनावी दौर चलता है, नेताओं के जुबान से ऐसे बयान आते हैं ।

### हाथ पकड़ने से लज्जा भंग नहीं होती

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि केवल शादी का प्रस्ताव देना व कुछ समय लड़की के



साथ बिना किसी अश्लील या गलत मंशा के एक-दो दिन जाना भी उसे अगवा करने का अपराध नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि आईपीसी की धारा 354 लगाए जाने के लिए यह साबित करना जरूरी है कि आरोपी की मंशा महिला की गरिमा भंग करने की थी।

## पीएम मोदी ने किया ऐशबाग जंक्शन के आधुनिकीकृत स्टेशन का लोकार्पण

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 24.13 करोड़ से बदला राजधानी की ऐशबाग स्टेशन का स्वरूप

लखनऊ के ऐशबाग जंक्शन रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर नया स्वरूप दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 24 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से हुए इस पुनर्विकास कार्य का लोकार्पण किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

लखनऊ के ऐशबाग जंक्शन रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर नया स्वरूप दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 24 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से हुए इस पुनर्विकास कार्य का लोकार्पण किया। स्टेशन के उन्नयन के बाद यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलने लगी हैं। लखनऊ में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने लोकार्पण समारोह को अध्यक्षता की।

**आधुनिक वेटिंग हॉल, दिव्यांग सुविधाएं व नया फुट ओवर ब्रिज बने आकर्षण**



**परिसर में स्थानीय कला प्रदर्शित**

डीआरएम गौरव अग्रवाल ने बताया कि पुनर्विकास के तहत प्लेटफॉर्मों पर नए पीपी शेल्टर, आधुनिक वेटिंग हॉल, पुरुष, महिला और दिव्यांग यात्रियों के लिए अलग शौचालय, शिशु आहार कक्ष, नया पार्सल कार्यालय, पे एंड यूज टॉयलेट, विस्तृत पार्किंग और आकर्षक स्टेशन फसाड विकसित किया गया है। स्टेशन परिसर में स्थानीय कला को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है।

### 20 किलोवाट का सोलर प्लांट, 250 केवी का डीजी सेट

डीआरएम ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। स्टेशन पर 20 किलोवाट का सोलर प्लांट, 250 केवी का डीजी सेट और एक लाख लीटर क्षमता वाला रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए रैम्प, व्हीलचेयर, ब्रेल मैप और विशेष टिकट काउंटर की व्यवस्था की गई है। वहीं सितंबर 2026 से नए 6 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज, अतिरिक्त लिफ्ट और एस्केलेटर के निर्माण का कार्य भी शुरू होगा, जिससे ऐशबाग जंक्शन उत्तर प्रदेश के आधुनिक और यात्री-अनुकूल रेलवे स्टेशनों में शामिल हो जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने कैराना की 581 करोड़ से 89 परियोजनाओं का किया

# 10 साल पूर्व आतंक व भय का प्रतीक था शामली अब गन्ने की मिठास व एक्सप्रेसवे की 'त्रिवेणी'

मुख्यमंत्री ने कैराना, शामली व थानाभवन विधानसभा क्षेत्र की 581 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 89 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास का विवरण देते हुए कहा कि 10 साल में यहां सकारात्मक बदलाव आए हैं...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ /शामली

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा व कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जिन्ना के उपासक लोग डेमोग्राफी बदल रहे थे और इसीलिए कैराना व कांधला से पलायन हो रहा था। मुख्यमंत्री शुक्रवार को कैराना, शामली व थानाभवन विधानसभा क्षेत्र की 581 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 89 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने लोकार्पण व शिलान्यास की गई योजनाओं का विवरण देते हुए गत 10 वर्ष में शामली, थानाभवन व कैराना में आए सकारात्मक बदलाव की भी चर्चा की।

**कांवड़ यात्रा में अनुशासनहीनता स्वीकार नहीं**

### चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार कर रही डबल इंजन सरकार



सीएम ने कहा कि भारत रत्न चौधरी चरण सिंह ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश, किसानों, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए जो सपना देखा था, उसे डबल इंजन सरकार साकार कर रही है। एक तरफ किसान के चेहरे पर खुशहाली लाई जा रही है तो दूसरी तरफ युवाओं के लिए रोजगार व नौकरी है। हर गरीब को शासन की योजना का लाभ मिल रहा है। हर व्यापारी के निवेश को सुरक्षा मिल रही है।

### एक्सप्रेसवे का 'संगम' बन चुका है शामली

सीएम ने कहा कि 10 साल पहले लोग पूछते थे कि आतंक-भय का प्रतीक शामली जनपद कहां है। शामली, कैराना-कांधला से पलायन होता था, यहां गुंडागर्दी होती थी। शरारत के तहत डेमोग्राफी को बदलने की साजिश हो रही थी। अब यहां के गन्ने की मिठास प्रसिद्ध है। पीएम मोदी जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार शामली की गति को प्रगति में बदल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शामली अब दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, शामली-अंबाला एक्सप्रेसवे और गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे का 'संगम' बन चुका है। यहां की युवा पीढ़ी की ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक दिशा में किया गया तो आने वाले समय में इंफ्रास्ट्रक्चर व सुरक्षा का यह बेहतर माहौल शामली को एनसीआर के सबसे धनी व समृद्ध जनपदों में खड़ा कर देगा।

### 2007 से 2017 के बीच 29 चीनी मिलें बंद हुईं, आज 122 चल रहीं

सीएम ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों चौधरी जयंत सिंह, वीरेंद्र सिंह, मोहित बेनीवाल, पूर्व मंत्री सुरेश राणा के कार्यों की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में चौधरी चरण सिंह के बाद चीनी मिलों की स्थिति में सुधार व पुनरोद्धार का बीड़ा 2017 में सुरेश राणा ने उठाया था। 2007 से 2017 के बीच तत्कालीन सरकारों में 29 चीनी मिलें बंद हुईं। 21 मिलें औने-पौने दाम पर बेची गईं। 2017 में सुरेश राणा ने मंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाली तो मैंने पूछा कि अब मिलें बिकेंगी तो नहीं, तब उन्होंने कहा था कि इन मिलों को वापस लेकर चलाएंगे।

## 3.5 कुंतल चांदी और सोने के जेवरात जब्त

# अयोध्या में बड़ी रेड, कार में मिला करोड़ों का खजाना



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

जीएसटी विभाग ने पुलिस की मदद से अयोध्या लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ी कार्रवाई की है। कार में करोड़ों का खजाना मिला है। अयोध्या के रोनाही टोल प्लाजा पर कार्रवाई करते हुए एक स्पोर्ट्स कार से करीब साढ़े तीन कुंतन चांदी, चांदी के आभूषण और कुछ सोने के आभूषण बरामद किए। बरामद माल के संबंध में मौके पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। जानकारी के अनुसार, जीएसटी विभाग को दोपहर में इनपुट मिला था कि अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते बड़ी मात्रा में बिना वैध दस्तावेज के चांदी का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर जीएसटी अधिकारियों ने पुलिस के सहयोग से रोनाही टोल प्लाजा पर वाहनों की सघन जांच शुरू की। इसी दौरान एक स्पोर्ट्स कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में चांदी, चांदी के आभूषण और कुछ सोने के आभूषण मिले।

### माल को जब्त कर लिया गया

अपर आयुक्त (ग्रेड-1) बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वाहन में मौजूद व्यक्ति बरामद सोना-चांदी के संबंध में कोई वैध बिल या अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। फिलहाल पूरे माल को जब्त कर लिया गया है और संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी कर दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

### कोषागार में जमा कराने की तैयारी

उन्होंने बताया कि यदि निर्धारित समय में वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं तो नियमानुसार जुर्माना लगाने के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जब्त किए गए सोना-चांदी को सुरक्षा की दृष्टि से कोषागार में जमा कराने की तैयारी की जा रही है।

## पेज एक का शेष

### पीएम ने ...

विशेषताओं के बारे में बताते हुए कहा कि नई लॉन्च की गई ट्रेन विश्व स्तर पर अपनी तरह की सबसे शक्तिशाली ट्रेन है, जिसकी क्षमता 3,200 हॉर्सपावर है और जिसमें दस कोच लगे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी रेलगाड़ियों में जिनमें आमतौर पर केवल तीन से चार कोच होते हैं, उनसे तुलना करते हुए, मोदी ने कहा कि देश ने अपने पहले ही प्रयास में यह साहसिक परिचालन क्षमता हासिल की है। उन्होंने कहा कि भारत ने दस डिब्बे वाली हाइड्रोजन ट्रेन सफलतापूर्वक चलाकर अपनी क्षमता प्रदर्शित की है।

### सिख संग्रहालय की ...

164 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाला यह संग्रहालय सिख इतिहास, गुरुओं की शिक्षाओं, वीरता, बलिदान और भारतीय संस्कृति में सिख समुदाय के अमूल्य योगदान को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित करेगा। इससे कुरुक्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान और सुदृढ़ होगी तथा देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए यह एक महत्वपूर्ण आकर्षण का केंद्र बनेगा।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह ...

धरती इतिहास, वीरता, धर्म और गौरव की धरती सै। शक्ति पीठ माता जयंतियां का नाम और आशीर्वाद इस शहर पर बना रहता है। यहां के लोगों ने जो अपनत्व दिया, जो प्रेम दिया, वो आज तक नहीं भूला। मुर्रा भैंस का दूध-दही और घी, जींद का देसी बुरा, और यहां का घेवर, ये वो यादें हैं, जो जींद से जुड़ ही जाती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतने वर्षों में जींद का घी और घेवर तो नहीं बदला, लेकिन जींद के तेवर बदल गए हैं। आज जींद, बीजेपी-एनडीए के सुशासन मॉडल की तस्वीर बन रहा है। बीते वर्षों में पूरा हरियाणा ही, विकास की नई पटरी पर चल पड़ा है। आज का ये कार्यक्रम, डबल इंजन की बीजेपी सरकार के इसी मिशन को, नई ऊर्जा से भर रहा है।

**जींद का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज :** उन्होंने कहा कि आज जींद, हरियाणा का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। आज यहां से, देश को पहली हाइड्रोजन ट्रेन मिली है। आज भी हम पढ़ते हैं, सुनते हैं कि भारत में पहली ट्रेन बॉम्बे से ठाणे के बीच चली थी। वैसे ही भविष्य में जब भी हाइड्रोजन ट्रेन का जिक्र आएगा, तो जींद का, सोनीपत का, हरियाणा का नाम भी आएगा। उन्होंने कहा कि आज 14 हजार करोड़ रुपए से अधिक के अन्य प्रोजेक्ट्स भी हरियाणा को मिले हैं। इसमें रेलवे, हाईवे, विरासत से जुड़े प्रोजेक्ट्स हैं और दो नए मेडिकल कॉलेज भी हरियाणा की सेवा के लिए समर्पित हुए हैं। इससे यहां के नौजवानों के लिए, डॉक्टर और अन्य मेडिकल प्रोफेशनल्स बनने के नए रास्ते भी बनेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के 5 लाभार्थियों को मंच पर प्रतीकात्मक रूप से घर की चाबी सौंप कर उनके अपने घर का सपना पूरा किया।

**जींद देश का पहला जिला जिससे पांच हाइवे जुड़े :** पीएम मोदी ने कहा कि आज जींद, जो इतने सारे हाइवे से जुड़ रहा है। आज दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के हरियाणा वाले हिस्से का लोकार्पण हुआ है। जींद-गोहाना नेशनल हाईवे भी राष्ट्र को समर्पित किया गया है। इसके अलावा, अंबाला-कालाअंब फोरलेन से भी, हरियाणा और हिमाचल, दोनों राज्यों के लोगों को बहुत सुविधा होगी। अब जींद देश का ऐसा जिला बन गया है, जो पांच-पांच नेशनल हाइवे से कनेक्टेड है। ऐसी कनेक्टिविटी से, यहां के किसानों और पशुपालकों की उपज को बड़ी मंडियों तक पहुंचाना आसान और सस्ता होगा। इससे उद्योगों को बल मिलेगा, पर्यटन को पंख लगेंगे, और इससे बड़ी संख्या में नए रोजगार भी बनेंगे।

**किसान हित हमारी प्राथमिकता में :** प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों का हित हमारी प्राथमिकता में है। जींद की मंडी, तो हरियाणा की सबसे बड़ी मंडियों में से एक है। डबल इंजन की भाजपा सरकार के कारण, हरियाणा के किसानों को बहुत लाभ हो रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि से, हरियाणा के किसानों को, करीब 8 हजार करोड़ रुपये मिल चुके हैं। इसमें जींद के हमारे किसानों को भी 600 करोड़ रुपए से ज्यादा मिल चुके हैं।

### अमेरिका के हमले में ...

की आवाजाही के लिए मददगार यानी ट्रैफिक कंट्रोल टावर को नुकसान पहुंचा है। ब्रीफिंग में रणधीर ने पश्चिम-एशिया के मौजूदा तनावपूर्ण हालात, भारतीय नाविकों के सामने खड़ी सुरक्षा चुनौती, केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय के महानिदेशक के परामर्श जैसे कुछ अन्य मुद्दों को लेकर पूछे गए सवालों के भी जवाब दिए हैं।

### अफगानिस्तान, मध्य ...

मंत्रालय द्वारा दिए गए ताजा परामर्श को हमने भी देखा है। जिसका आधार सिर्फ और सिर्फ क्षेत्र में बने हुए तनावपूर्ण हालात ही हैं। परामर्श में भारतीय नाविकों को होर्मुज और ओमान की खाड़ी के इलाके से दूर रहने की सलाह दी गई है। जिसे लेकर रणधीर ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में मौजूद नाविक समुदाय में कई भारतीय शामिल हैं। जिसे लेकर हमारा यह दायित्व बनता है कि हम अपने देश के लोगों को आगाह करें कि किस प्रकार से वो अपने आप को सुरक्षित कर सकते हैं। इसके अलावा युद्ध के दौर में भारत साफ शब्दों में यह भी कह चुका है कि किसी भी परिस्थिति में नागरिक ढांचों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।

**युद्ध में मारे गए 14 भारतीय, 2 लापता :** इस साल 28 फरवरी से शुरू हुए इस युद्ध के बीच अब तक भारत के कुल 14 नागरिकों की मौत हो गई हैं। जबकि 2 लापता हैं। इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि भारत और फारस की खाड़ी के मध्य लगातार जहाजों की आवाजाही बनी रहती है। अभी भी वहां पर हमारे 7 भारतीय ध्वज वाले जहाज मौजूद हैं।

**तेल खरीद पर साफ-सुथरा सिद्धांतः** उन्होंने रूस से तेल खरीद को लेकर 100% टैरिफ लगाने के अमेरिकी ऐलान पर कहा कि वर्तमान समय में भारत विश्व के कई देशों से तेल की खरीद कर रहा है। इस मामले में हमारी सोच ऊर्जा स्रोतों की उपलब्धता पर आधारित है। जिसमें आज भी देश की आम जनता की जरूरतों की पूर्ति ही नई दिल्ली की प्राथमिकता बनी हुई है।

### भारत को मिलेगी ई-20 ...

संचालन शुरू करने पर अपनी सहमति जताई है। इसके लिए सिग्नलिंग उपकरणों का ऑर्डर दे दिया गया है। जो वैश्विक मानकों के अनुरूप हैं। रणधीर ने यह भी कहा कि मामले में जापान की ओर से कोई प्रस्ताव नहीं मिला था। इस परियोजना को शीघ्र अति शीघ्र पूरा करने का काम हाईस्पीड रेल प्रोजेक्ट को जल्द शुरू करने के दोनों देशों के साझा लक्ष्य से मेल खाता है।

**आतंकवाद को लेकर तिलमिलाया पाकिस्तान :** रणधीर ने ब्रीफिंग में सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत और जापान द्वारा हालिया समय में जारी किए गए एक संयुक्त बयान में की गई निंदा से तिलमिलाए पाकिस्तान को लेकर पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि जापान की प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान एक संयुक्त बयान जारी किया गया था। जिसमें शामिल कई मुद्दे द्विपक्षीय थे और उन्हें लेकर हमारा कुछ पक्ष भी रहा है। ऐसे में इसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि संयुक्त बयान अपने आप में पूरी तरह से स्पष्ट और पर्याप्त है और इसे लेकर अन्य कुछ भी कहने की आवश्यकता नहीं है। यहां बता दें कि मामले में बुरी तरह से बौखलाए पाकिस्तान ने अपने देश में जापान के राजदूत को तलब कर विरोध (डिमार्श) जताया था।

**आतंकवाद समर्थन की दशकों पुरानी नीति :** उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले में हमारे कई निर्दोष नागरिक मारे गए थे। हमले के दौरान की गई बर्बरता के हम साक्षी रहे हैं और हमने भी उसे देखा था। भारत की जांच एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। जो अभी भी जारी है। जहां तक सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा है, तो सभी यह जानते हैं कि उसे लेकर पाकिस्तान की दशकों पुरानी एक नीति रही है। जिसमें वह आतंकवाद का प्रायोजक होने के साथ उसका समर्थक भी रहा है। आतंकवाद को पाकिस्तान अपनी राज्य प्रायोजित नीति के रूप में इस्तेमाल करता है। इसके अलावा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के मसले पर कहा कि जम्मू-कश्मीर और लेह-लद्दाख का समूचा इलाका भारत का अंग था, है और हमेशा रहेगा। पाकिस्तान को भारत के आंतरिक मामलों में टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है।

### सतीश गोलछा...

साल तक दिल्ली पुलिस के बाहर डेपुटेशन पर थे। गुरुवार को ही इन्हें वापस यूटी कैडर में लाया गया था और शुक्रवार को दिल्ली पुलिस का कमिश्नर नियुक्त कर दिया गया। सिर्फ दो दिन के भीतर अनुराग कुमार ने दिल्ली वापसी के साथ ही कमिश्नर का पदभार भी संभाल लिया। अनुराग कुमार की गिनती यूटी कैडर के बेहद ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में होती हैं। उनकी कमिश्नर पद पर नियुक्ति इतनी तेजी और गोपनीयता से हुई कि पूरा पुलिस महकमा हैरान रह गया।

**खुद गोलछा के साथ दूसरे अधिकारी भी रह गये अचंभितः** शुक्रवार सुबह 11 बजे तक दिल्ली पुलिस मुख्यालय में सब कुछ नॉर्मल था। पुलिस कमिश्नर के रूप में सतीश गोलछा भी दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के साथ एक पौधारोपण कार्यक्रम में रिज एरिया में मौजूद थे। उस समय तक गोलछा भी शायद इस नियुक्ति से अनजान थे। कार्यक्रम के दौरान ही उन्हें जानकारी मिली और वह तुरंत कार्यक्रम छोड़कर मुख्यालय पहुंचे। उन्हें फिलहाल एलजी को रिपोर्ट करने को कहा गया है। यह पहला मौका है जब दिल्ली पुलिस के किसी कमिश्नर को अचानक पद से हटाने का ऑर्डर जारी करने के दो घंटे के अंदर नए कमिश्नर ने पदभार ग्रहण कर लिया हो।

### 'वंदे मातरम' का अपमान...

उसके खिलाफ कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा सकती है। जिस तरह से हमारे राष्ट्रगान जन गण मन को सम्मान दिया जाता है उसी तरह का सम्मान वंदे मातरम को भी देना जरूरी होगा।

**क्या है विधेयक का उद्देश्य?:** प्रस्तावित संशोधन के तहत यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर 'वंदे मातरम' का अपमान करता है, उसके गायन में बाधा उत्पन्न करता है या उसे रोकने का प्रयास करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकेगी। सरकार का मानना है कि राष्ट्रीय गीत स्वतंत्रता आंदोलन का महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है और उसे भी राष्ट्रीय सम्मान के दायरे में समान संरक्षण मिलना चाहिए।

**तीन वर्ष तक की सजा का प्रावधान :** प्रस्तावित विधेयक में राष्ट्रीय गीत का अपमान करने या उसके गायन में बाधा डालने के दोषी पाए जाने पर तीन वर्ष तक के कारावास, जुर्माना या दोनों का प्रावधान किया गया है। यह दंड व्यवस्था राष्ट्रीय गान के अपमान से जुड़े मौजूदा प्रावधानों के अनुरूप रखने का प्रस्ताव है।

**पहले ही मिल चुकी है केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी :** सरकार इस विधेयक को पहले ही केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी दिला चुकी है। अब इसे मानसून सत्र में संसद के समक्ष पेश किया जाएगा। यदि लोकसभा और राज्यसभा से पारित होकर राष्ट्रपति की मंजूरी मिल जाती है, तो यह कानून पूरे देश में लागू हो जाएगा।

**स्वतंत्रता आंदोलन का रहा है प्रमुख प्रतीकः** 'वंदे मातरम' भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय चेतना और स्वाधीनता के संघर्ष का प्रमुख उद्घोष रहा है। सरकार का कहना है कि इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को देखते हुए इसे भी राष्ट्रीय सम्मान के दायरे में प्रभावी कानूनी सुरक्षा प्रदान करना आवश्यक है।

### न चन्नी लड़ेंगे ...

अनुशासन में रहें। नेतृत्व के फरमान जारी करने के बाद पंजाब कांग्रेस में पिछले कई सप्ताह से चल रही अंदरूनी खींचतान माना जा रहा है थम गया। चन्नी ने सार्वजनिक रूप से कहा कि "हम पार्टी के सिपाही हैं। हाईकमान जो भी निर्णय करेगा, उसे पूरी निष्ठा से स्वीकार करेंगे।" इतना ही नहीं अब तक विधायकों, सांसदों को अपने खेमें में इकट्ठा कर ताल ठोक रहे चन्नी ने कहा कि मीडिया में जिस तरह पंजाब कांग्रेस को लेकर विभाजन की तस्वीर पेश की जा रही है, वह वास्तविकता से अलग है। उन्होंने कहा कि उनकी मंशा किसी नेता को नीचा दिखाने की नहीं थी, बल्कि संगठन की मजबूती के लिए अपना पक्ष रखना था। उन्होंने दोहराया कि राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेतृत्व पर उनका पूरा विश्वास है तथा पार्टी की एकजुटता सर्वोच्च प्राथमिकता है। यही बात प्रभारी भूपेश बघेल ने पंजाब दौरे से लौट कर कही थी। दिल्ली में हुई बैठकों के बाद कांग्रेस नेतृत्व ने असंतुष्ट नेताओं को साफ संदेश दिया कि सार्वजनिक बयानबाजी से पार्टी की छवि प्रभावित हो रही है और अब सभी नेताओं को सामूहिक निर्णय का पालन करना होगा। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले संगठन में स्थिरता बनाए रखना सबसे बड़ी आवश्यकता है। कांग्रेस इस बार 2021 जैसी परिस्थितियों को दोहराना नहीं चाहती। उस समय लगातार दबाव और आंतरिक संघर्ष के बीच नेतृत्व परिवर्तन हुआ था, लेकिन उसके बाद भी पार्टी को 2022 विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। इस बार कांग्रेस नेतृत्व का आकलन है कि बार-बार नेतृत्व बदलने से कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में अस्थिरता का संदेश जाता है। इसलिए पार्टी ने यह रणनीति अपनाई है कि विभिन्न गुटों को संगठन और चुनावी समितियों में प्रतिनिधित्व दिया जाए, लेकिन शीर्ष नेतृत्व में बदलाव न किया जाए। यही कारण है कि राजा वड़िंग को प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखते हुए चरणजीत सिंह चन्नी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर संतुलन साधने की कोशिश की गई है। हालांकि चन्नी ने सार्वजनिक रूप से पार्टी लाइन का समर्थन किया है, लेकिन राजनीतिक हलकों का मानना है कि पंजाब कांग्रेस के भीतर गुटबाजी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। पिछले दिनों "सारा पंजाब चन्नी दे नाल" जैसे सोशल मीडिया अभियान भी चले, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि चन्नी समर्थक अपनी राजनीतिक ताकत का संदेश देना चाहते हैं। कांग्रेस नेतृत्व अब चाहता है कि पंजाब इकाई का पूरा ध्यान आम आदमी पार्टी के खिलाफ चुनावी तैयारी पर रहे। पार्टी का मानना है कि यदि आंतरिक विवाद सार्वजनिक होते रहे तो विपक्ष को राजनीतिक लाभ मिलेगा। इसलिए हाईकमान ने साफ संकेत दिया है कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर संगठन और चुनावी रणनीति को रखा जाएगा।

### उनसे सीधी...

संघर्ष है। भाजपा और कांग्रेस में से दूसरे नंबर पर कौन आएगा यह तय नहीं है।

■ **प्रश्नः आपकी पार्टी को ढाई साल पहले हुए चुनाव में बमुश्किल 450 वोट मिले थे और आज आप जीत का कैसे दावा कर रहे हैं?**

**उत्तरः** देश और प्रदेश की राजनीति में हर जगह तीसरे विकल्प का अवसर रहता है। और लगभग 30 से 40 प्रतिशत वोट ऐसा होता है जो इन दोनों दलों से संतुष्ट नहीं रहता है। पहले ये जगह बहुजन समाज पार्टी भरा करती थी लेकिन जब से बसपा से लोगों का मोह भंग हुआ है तबसे आजाद समाज पार्टी ने ये स्थान ले लिया। सेवढ़ा में तो 30 हजार वोट सिर्फ 16 दिन में आ गए थे।

■ **प्रश्नः लेकिन पिछले चुनाव में तो आजाद समाज पार्टी को सिर्फ 450 वोट ही मिले थे, अब ऐसा क्या होगा?**

**उत्तरः** कांग्रेस से निराश और भाजपा से नाराज लोगों को तीसरे विकल्प की आवश्यकता थी। मजबूत लीडर की जरूरत थी। मजबूत लीडर के रूप में चंद्रशेखर आजाद उस काम को कर रहे हैं। तीसरे विकल्प के रूप में तमिलनाडु का उदाहरण हमारे सामने है। देश और प्रदेश की राजनीति करवट ले रही है। विकास के विकल्प के रूप में हमारी पार्टी खड़ी है।

■ **प्रश्नः ढाई साल पहले हुए चुनाव में आजाद समाज पार्टी का वो कद, वो प्रभाव क्यों नहीं दिखा?**

**उत्तरः** उस समय हमारी पार्टी के दतिया प्रत्याशी ने चुनाव जैसा लड़ना था वैसा नहीं लड़ा था। उस समय हम पूरे दतिया जिले को छोड़कर एक जगह सेवढ़ा में ही ध्यान दे रहे थे। 40 प्रतिशत क्षेत्र में भी नहीं जा पाया लेकिन मुझे 30 हजार वोट मिले, मैं 10 हजार वोट से हारा था। दतिया में न मैं न अन्य कोई कार्यकर्ता प्रचार के लिए गया था। हमको नरोत्तम मिश्रा को हराना था उसमें हम सफल रहे।

■ **प्रश्नः कांग्रेस से बगावत के बाद आपने दतिया छोड़ सेवड़ा से क्यों चुनाव लड़ा था?**

■ **उत्तरः** सेवड़ा में 2008 में पहली बार चुनाव लड़ा था, 8 हजार वोट आए थे। 2013 में 16 हजार वोट मिले। 2018 में कमलनाथ औ दिग्विजय सिंह के मनाने पर चुनाव नहीं लड़ा था तो कांग्रेस जीत गई थी। 2023 में फिर आजाद समाज पार्टी से लड़ा। सेवड़ा से मैं हमेशा चुनाव लड़ते आया हूं, दतिया से कभी चुनाव लड़ने का मन ही नहीं बनाया। लोकसभा चुनाव से पहले ही राष्ट्रीय अध्यक्ष और हमने तय कर लिया था कि जिला मुख्यालय यानी दतिया से चुनाव लड़ूंगा। अब आगे यही से चुनाव लड़ता रहूंगा।

■ **प्रश्नः आप में ऐसा क्या हैं जिसके आधार पर आप कह रहे हैं कि आई एम द बेस्ट?**

**उत्तरः** मैं अपने दोनों प्रतिद्वंदियों की तुलना करूं तो आशुतोष तिवारी पहचान के मोहताज हैं। मैंने 10 गांवों में प्रचार के दौरान उनके बारे में पूछा एक ने भी हाथ नहीं उठाया। कांग्रेस के घनश्याम सिंह साल 2008 में चुनाव लड़े थे और तीसरे स्थान पर आए थे ऐसे में आप उनकी ख्याति या स्वीकार्यता को समझ सकते हैं। जहां तक मेरी बात है तो बिना कोई चुनाव जीते मैं आज तक छह बार किसानों के लिए जेल जा चुका हूं।

■ **प्रश्नः क्या इस चुनाव में आप सरकार को हल्के में ले रहे हैं?**

**उत्तरः** जब मैं समाजवादी पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष हुआ करता था तब मेरे नेतृत्व में किशोर समरीते नाम के एक विधायक बने थे। भाजपा की ही सरकार थी। तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह की 27 सभाएं हुई थीं। फिर भी हम 5,500 वोट से चुनाव जीत गए थे। वो ट्रेंड चला गया कि जिसकी सरकार उसकी उप चुनाव में जीत। पूरे देश में भी देखेंगे तो 50-50 प्रतिशत का परिणाम आने लगा है।

**प्रश्नः नरोत्तम मिश्रा के मैदान में नहीं होने से आप कितने खुश हैं?**

**उत्तरः** दतिया में हारने के बाद भी नरोत्तम मिश्रा का प्रभाव और खौफ कम नहीं हुआ था। लोगों को लग रहा था कि हारने के बाद नरोत्तम और ज्यादा सक्रिय हो गए। जैसे दांतों के बीच जीभ जकड़ी रहती है वैसे दतिया की जनता नरोत्तम से जकड़ी हुई थी। इस बात से आजाद कराने की जो इच्छा शक्ति थी और उनकी दमनकारी सोच को खत्म करने की जो इच्छाशक्ति थी उसमें मजा ज्यादा था। भले ही वो कांग्रेस के राजेंद्र भारती से हार गए थे लेकिन दतिया में तो विधायक के रूप में वो ही काम कर रहे थे, इसलिए मैं उनको हारा हुआ नहीं मानता था, दतिया ने भी हारा हुआ नहीं माना था।

■ **प्रश्नः राजेंद्र भारती की आपने हमेशा मदद की इस बार क्या आपको उनसे मदद मिल रही है?**

**उत्तरः** मैं उम्मीद करता हूं कि उनसे मदद मिलेगी क्योंकि हमारा उद्देश्य एक ही है। उनके 80 प्रतिशत से अधिक समर्थक हमारा साथ दे रहे हैं। नरोत्तम मिश्रा के भी एससी और ओबीसी समर्थक अब स्वतः हमारा साथ दे रहे हैं।

■ **प्रश्नः अवधेश नायक क्या कर रहे हैं?**

**उत्तरः** उनकी कोर टीम के 90 प्रतिशत लोग मुझे समर्थन देने को तैयार नहीं है इसलिए मैं उनसे अपने लिए कोई मदद नहीं मांग रहा हूं। इसलिए मैं उन्हें इस धर्म संकट में नहीं डालना चाहता हूं कि वे मेरी मदद करें। उनका पुराना घर भाजपा है। मुझे पूरा विश्वास है वो भाजपा में जाते तो टिकट पा जाते।

**प्रश्नः क्या घनश्याम सिंह आपके लिए चुनौती हैं?**

**उत्तरः** घनश्याम सिंह कितनी भी ताकत लगा लें, कितना भी मजबूत दिखा दें लेकिन कांग्रेस का जो गुब्बारा है वो एक छोटी से नोंक से भाजपा फोड़ देगी। सत्ता का उपयोग, दुरूपयोग, सदुपयोग जो कुछ भी आप कह लें। संसाधनों का शासन का प्रशासन का वो सिर्फ घनश्याम सिंह के वोट को तोड़ने के लिए होगा क्योंकि हमारा वोट तो मरने को तैयार है, लेकिन झुकने को तैयार नहीं है।



# ओएमजी 2 का आइडिया मेरा था क्रेडिट तक नहीं दिया गया : परेश

**मुंबई।** अभिनेता परेश रावल ने अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'ओएमजी 2' को लेकर एक बड़ा दावा किया है। एक्टर ने दावा किया कि 'ओएमजी 2' की कहानी असल में एक आइडिया के तौर पर शुरू हुई थी, जिसे उन्होंने डायरेक्टर अमित राय के साथ मिलकर डेवलप किया था। बाद में उन्हें ही इस कहानी या कॉन्सेप्ट का क्रेडिट नहीं दिया गया। एक्टर ने यह भी कहा कि अक्षय कुमार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद कहानी में काफी बदलाव किए गए, जिसकी वजह से उन्होंने फिल्म से अलग होने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि उनकी ओरिजिनल कहानी पिता-बेटे के रिश्ते पर आधारित एक ड्रामा थी, जिसमें यौन शिक्षा, लोगों के बीच बेइज्जती और न्याय के लिए माता-पिता की लड़ाई जैसे मुद्दे शामिल थे।

## लाइफ Style



# कृति सनकी लड़की का रोल करना चाहती हूं

कृति सेनन का कहना है कि अब वे लीक से हटकर किरदारों के जरिए खुद को चुनौती देने के लिए उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने माना कि वे जाने-पहचाने किरदारों से आगे बढ़ना चाहती हैं और उन्हें खास तौर पर साइकोलॉजिकली इंटेंस किरदार पसंद हैं। उन्होंने कहा कि वे पर्दे पर 'साइको चिक' का रोल निभाना पसंद करेंगी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


कृति सेनन ने हाल ही में एक बातचीत में उस तरह के किरदारों के बारे में बात की, जिन्हें वे भविष्य में आजमाना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि साइकोलॉजिकल ड्रामा 'ऑब्सेशन' देखने के बाद उन्हें स्क्रिप्ट चुनने के अपने तरीके पर फिर से सोचने की प्रेरणा मिली। फिल्म के असर के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा, 'जब मैंने 'ऑब्सेशन' देखी, तो मुझे लगा, 'अरे बाप रे, हमें सेफ खेलने की आदत छोड़नी होगी। हमें कुछ हटकर करना होगा'। इसने मुझे सच में बहुत उत्साहित किया। कृति सेनन एक 'साइको' लड़की का किरदार निभाना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने जेंडाया जैसे स्टार्स को भी इसका क्रेडिट दिया, जिन्होंने अपनी शानदार परफॉर्मेंस मुश्किल किरदारों को निभा पाने की हिम्मत से प्रेरित किया है। कृति ने रियल पर्सनैलिटी से बिल्कुल हटकर किरदार निभाने की ख्वाहिश जताई। उन्होंने कहा, 'मैं एक सनकी किरदार निभाना चाहती हूं'। कृति सेनन ने कहा, 'मैं किरदारों को लेकर सेफ साइड में नहीं चलना चाहती। एक अभिनेत्री के रूप में, ऐसा जीवन जीना बहुत रोमांचक है, जो आपके जीवन से बिल्कुल अलग है और उस व्यक्ति का पता लगाना जो आप नहीं हैं। मैं पूरी तरह से किसी मानसिक रोगी का किरदार निभाना पसंद करूंगी'। कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें 'कॉकटेल 2' में देखा गया।

## हॉलीवुड मसाला



# बड़े शहरों में द ओडिसी के टिकट काफी महंगे

**नई दिल्ली।** क्रिस्टोफर नोलन की मच अवेटेड फिल्म 'द ओडिसी'शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। टिकट की कीमतें चौंकाने वाली हैं। पुणे के आईएनओएक्स मेगाप्लेक्स में रिक्लाइनर सीट की कीमत 3,400 है। मुंबई के लोअर परेल स्थित पीवीआर आइकान, फीनिक्स पैलेडियम में यही सीट 3,100 में मिल रही है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर के पीवीआर आईमैक्स (प्रिया) में टिकट 2,500 तक पहुंच गए हैं। बेंगलुरु में सिनेपोलिस नेक्सस शांतिनिकेतन में एक टिकट 1,950 का है, जबकि आईएनओएक्स साउथ सिटी मॉल में टिकट 1,240 तक मिल रहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट है और एडवांस बुकिंग भी तेजी से हो रही है।



# सिनेमा में आने से पहले करता था कारपेंटर का काम

**नई दिल्ली।** ऐसे कई एक्टर हुए, जिन्होंने अपने स्ट्रगल के दिनों में छोटे- मोटे काम किए और फिर सिनेमा के बड़े स्टार बने. उनके टैलेंट को पूरी दुनिया ने सराहा। आज हम ऐसे ही एक एक्टर के बारे में बताने जा रहे हैं। वो एक्टर हैं हैरिसन फोर्ड। 1960 के दशक के आखिर में संघर्ष कर रहे हैरिसन फोर्ड ने अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए लाइब्रेरी की किताबों को पढ़ कर कारपेंटरी (बढ़ई का काम) सीखी और वह हॉलीवुड सेलेब्स के बीच पसंदीदा कारीगर बन गए। 1975 में जब वह उस ऑफिस में दरवाजा लगा रहे थे, जहां जॉर् 'स्टार वॉर्स' के लिए ऑडिशन ले रहे थे। तब फोर्ड से ऑडिशन देने वाले एक्टर्स के साथ डायलॉग पढ़ने के लिए कहा गया। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें 'हान सोलो' के रोल के लिए चुना गया। फोर्ड 1960 के दशक में हॉलीवुड आए और कोलंबिया पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। उन्हें सिर्फ छोटे-मोटे और असंतोषजनक रोल मिले, जिनसे मुश्किल से ही गुजारा हो पाता था।



# हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लोग सपोर्ट नहीं करते

**मुंबई।** अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह कई तेलुगु और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने दोनों इंडस्ट्रीज में काम करने के माहौल के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें लगता है कि टॉलीवुड में लोग एक बड़े परिवार की तरह काम करते हैं, जबकि बॉलीवुड में माहौल अलग होता है। रकुल प्रीत सिंह ने बताया कि तेलुगु इंडस्ट्री ने हमेशा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है और सपोर्ट किया है। रकुल के मुताबिक, वहां के एक्टर्स, डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स हमेशा एक-दूसरे का हौसला बढ़ाने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि वे खुशी-खुशी एक-दूसरे के ट्रेलर को प्रमोट करते हैं। दूसरी ओर, उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें अक्सर लोगों में असुरक्षा की भावना महसूस होती है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से कई लोग खुलकर दूसरों की फिल्मों को सपोर्ट नहीं करते हैं।



# 4000 करोड़ की रामायण में भगवान शिव बनेगा ये एक्टर

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की 'रामायण' में भगवान शिव के किरदार के लिए मोहित रैना का नाम सबसे आगे चल रहा है। हालांकि, फिल्म के मेकर्स की ओर से अभी तक इस कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया और फिल्मी गलियारों में लगातार यही दावा किया जा रहा है कि मेकर्स इस अहम भूमिका के लिए मोहित रैना को लेकर काफी उत्साहित हैं। मोहित रैना ने टीवी के पॉपुलर शो 'देवों के देव... महादेव' में भगवान शिव का किरदार निभाकर जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी। उनकी एक्टिंग, डायलॉग्स और स्क्रीन प्रेजेंस ने इस किरदार को दर्शकों के बीच बेहद खास बना दिया था। यही वजह रही कि आज भी बड़ी संख्या में लोग उन्हें 'महादेव' के नाम से पहचानते हैं। अगर रिपोर्ट्स सही साबित होती हैं तो लंबे समय बाद दर्शकों को एक बार फिर उन्हें भगवान शिव के रूप में देखने का मौका मिल सकता है।

## टीवी मसाला



# सोनू ने गाया था दूरदर्शन के पॉपुलर शो का गाना

**नई दिल्ली।** टीवी पर सिर्फ एक धुन बजती थी।.. और अगले ही पल पूरा घर चुप हो जाता था। बच्चों की बातें रुक जाती थीं, बड़े भी अपनी जगह छोड़ने का नाम नहीं लेते थे। जैसे-जैसे गाने की धुन आगे बढ़ती, वैसे-वैसे तिलिस्म और रोमांच से भरी एक नई दुनिया का दरवाजा खुलने लगता था। मजेदार बात ये है कि उस धुन को सुनकर करोड़ों लोगों ने बचपन बिताया, लेकिन उसकी आवाज के पीछे कौन था, ये राज आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेरने से पहले एक मशहूर सिंगर ने दूरदर्शन के इस सुपरहिट शो को अपनी आवाज देकर हमेशा के लिए यादगार बना दिया। ये शो था 'चंद्रकांता', जिसने 90s में दूरदर्शन पर आते ही दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया था। शो की कहानी जितनी दिलचस्प थी, उसका टाइटल सॉन्ग भी उतना ही खास था। बहुत कम लोग जानते हैं कि इस यादगार टाइटल ट्रैक को सोनू निगम ने अपनी आवाज दी थी। उनकी आवाज ने शो के रहस्यमयी माहौल को ऐसा रंग दिया कि पहली धुन बजते ही लोग टीवी के सामने टिक जाते थे। तिलिस्म, ऐयारी, प्यार और सस्पेंस से भरी चंद्रकांता की दुनिया हर हफ्ते दर्शकों को नई रोमांचक यात्रा पर ले जाती थी। लेकिन शो का टाइटल सॉन्ग भी इसकी सबसे बड़ी पहचान बन गया. उस दौर में ना सोशल मीडिया था और ना ही यूट्यूब, फिर भी लोग इसकी धुन गुनगुनाते थे। यही वजह है कि आज भी ये गाना सुनते ही 90s की ढेर सारी यादें ताजा हो जाती हैं।

## आकांक्षा के कारण असहज हो जाते हैं धीरज

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर धीरज धूपर ने रियलिटी शो "लॉक अपः सच या सजा" में अपनी को-कंटेस्टेंट आकांक्षा चमोला को 'रेड फ्लैग' कहा है, क्योंकि उनके व्यवहार से धीरज को असहज महसूस होता है। शो के आने वाले 'जजमेंट डे'



एपिसोड में एक्टर अर्जुन कपूर धीरज से पूछेंगे कि वह आकांक्षा को क्या टैग देना चाहेंगे। आकांक्षा ने पहले खुलकर खुद को 'बाइसेक्सुअल' बताया था और बाद में शो के दौरान खुद को 'एसेक्सुअल' कहा। धीरज ने उन्हें रेड फ्लैग का टैग दिया और इसकी वजह भी बताई। उन्होंने कहा, रेड फ्लैग, जिस तरह से वह व्यवहार करती हैं, उससे मैं असहज हो जाता हूं। उन्होंने पामेला सेरेना के साथ आकांक्षा की करीबी बॉन्डिंग की ओर भी इशारा किया. धीरज की बात सुनकर आकांक्षा नाराज हो गईं और कहा- ऐसा लग रहा है जैसे मैं आपको शारीरिक रूप से असहज कर रही हूं। नेटफ्लिक्स के इस शो में आकांक्षा चौधरी, योगेश रावत, राम कपूर, श्रेया कालरा, शिवांगी जोशी, हर्षद चोपड़ा, सूफी मोतीवाला, धीरज धूपर और वरुण यादव (उर्फ लैला) जैसे मशहूर नाम शामिल हैं।

# 7 महीने की प्रेग्नेंसी में किया ताबड़तोड़ एक्शन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण पर्दे पर कई तरह के रोल कर चुकी हैं। उन्होंने रोमांटिक हीरोन से लेकर एक्शन हीरोइन तक माना जाता है। दीपिका पादुकोण इन दिनों प्रेग्नेंट हैं। लेकिन, इस दौरान भी दिग्गज एक्ट्रेस का जज्बा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दीपिका पादुकोण अपनी तीसरी तिमाही में भी रुके बिना काम कर रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, दीपिका अपनी आने वाली फिल्म राका की शूटिंग लगातार चला रही हैं। आठ घंटे की तय शिफ्ट और वर्क-लाइफ बैलेंस की वकालत के बावजूद वे फिल्म को समय पर पूरा करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं।सात महीने की प्रेग्नेंसी में दीपिका नाइट शिफ्ट्स कर रही हैं और बेहद चुनौतीपूर्ण एक्शन सीक्वेंस शूट कर रही हैं। मैटरनिटी लीव से पहले वे इस प्रोजेक्ट को पूरा करने पर पूरा ध्यान दे रही हैं। फिल्म की टीम दीपिका के प्रोफेशनलिज्म से काफी प्रभावित है। टीम के एक सदस्य ने कहा, "दीपिका ने मैटरनिटी ब्रेक से पहले फिल्म पूरी करने का फैसला कर लिया था। कुछ एक्शन सीक्वेंस बेहद मुश्किल और थकाऊ थे, लेकिन उन्होंने हर चुनौती को पार कर लिया. सेट पर उनका यह जुनून सबके लिए प्रेरणादायक है। साथ ही घर पर उनकी डेढ़ साल की बेटी को भी वे पूरा समय और प्यार दे रही हैं।" राका एटली की महत्वाकांक्षी साइंस-फिक्शन फैंटेसी एक्शन फिल्म है, जिसमें अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में हैं। बड़े बजट वाली इस पैन-इंडिया फिल्म में शानदार विजुअल इफेक्ट्स और दमदार एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे.

# बंटवारा 1947 से पहले रिलीज हो रही हैं सनी की ये 3 फिल्में

**मुंबई।** सनी देओल अगले महीने फिर से पर्दे पर नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्म बंटवारा 1947 सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 14 अगस्त को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। लेकिन, उससे पहले सनी देओल की लगातार तीन हफ्ते में तीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। सनी देओल बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। फैंस उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार करते हैं। आने वाले 20 दिन के अंदर सनी देओल ने तीन बड़ी हिट फिल्में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं।




## कौन-कौन सी फिल्में होंगी रिलीज


दरअसल, पीवीआर इनॉक्स सनी देओल और राजकुमार संतोषी की शानदार विरासत का जश्न मना रहा है। इसके लिए वे 90 के दशक की तीन यादगार ब्लॉकबस्टर फिल्मों को फिर से रिलीज कर रहे हैं। इस रेट्रोस्पेक्टिव की शुरुआत 24 जुलाई को दामिनी से होगी, इसके बाद 31 जुलाई को घातक और 7 अगस्त को घायल को सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। यह दर्शकों को 14 अगस्त को 'बंटवारा 1947' की रिलीज से पहले बड़े पर्दे पर इन क्लासिक फिल्मों का अनुभव करने का मौका देता है। यह पहल भारतीय सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्ममेकर-एक्टर जोड़ी को सम्मान देती है और साथ ही पुराने फैंस और नई पीढ़ी के दर्शकों को इन यादगार फिल्मों को एक बार फिर थिएटर में देखने के लिए आमंत्रित करती है। बात करें फिल्म 'दामिनी' की तो यह फिल्म पहली बार साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बड़े पर्दे पर खूब पसंद किया गया था। 'दामिनी' में सनी देओल के साथ ऋषि कपूर,मीनाक्षी शेषाद्री और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, फिल्म घातक में साल 1996 में सिनेमाघरों में आई थी। इस फिल्म ने उस वक्त बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। 'घायल' की सनी देओल के कॅरियर की कल्ट फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1990 में रिलीज हुई थी। इन सभी फिल्मों में सनी देओल के साथ मीनाक्षी शेषाद्री मुख्य भूमिका में थीं।

## पर्दे पर शायर बनते-बनते रह गए, लीना के साथ आने वाले थे नजर

# 57 साल पहले डिब्बा बंद हुई थी अमिताभ की फिल्म

एजेंस ⏭ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन को आज के समय में हिंदी सिनेमा का महानायक माना जाता है। पिछले 6 दशकों से ज्यादा लंबे करियर में अमिताभ ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। ज्यादा बातें उनकी हिट फिल्मों की जाती है, लेकिन आज चर्चा बिग बी की उस फिल्म के बारे में होगी, जिसमें अमिताभ बच्चन एक शायर की भूमिका निभाने वाले थे। ये एक बायोपिक मूवी थी और इसकी शूटिंग भी शुरू हो गई थी। लेकिन. फिर बाद में जाकर ये डिब्बा बंद हो गई। आइए जानते हैं कि अमिताभ बच्चन की 57 साल पुरानी वह फिल्म कौन सी थी।



### मिर्जा गालिब पर बनी हैं ये फिल्म

अमिताभ बच्चन बेशक पर्दे पर शायर मिर्जा गालिब की भूमिका नहीं निभा पाए। लेकिन, इस शायर की जिंदगी पर बनी सबसे मशहूर फिल्म मिर्जा गालिब (1954) में दिग्गज अभिनेता रहे भरत भूषण ने मुख्य भूमिका निभाकर वाहवाही लूटी थी।

### कुछ दिनों की शूटिंग के बाद बंद हो गई

फिल्म की कास्ट के स्क्रीन टेस्ट भी हो गए थे, जिसमें अमिताभ ने सभी को प्रभावित किया। इसी वजह से सवान कुमार ने मिर्जा गालिब के शुरुआती सीन्स को भी फिल्मा लिया था। लेकिन, कुछ दिनों की शूटिंग के बाद मिर्जा गालिब बंद हो गई। आईएमडीबी की रिपोर्ट में ये दावा किया जाता है कि इस मूवी के निर्माताओं का अमिताभ बच्चन की आवाज और दुबले-पतले शरीर को लेकर स्क्रीन प्रजेंस पर संदेह होने लगा। उन्होंने मिर्जा गालिब पर पैसा लगाने से मना कर दिया और सावन कुमार टांक की मूवी से हाथ पीछे खींच लिए। इस तरह से अमिताभ बच्चन और लीना चंदावरकर की मिर्जा गालिब ठंडे बस्ते में चली गई और फिर कभी रिलीज नहीं हो पाई।

### सावन कुमार ने बनाई थी फिल्म बनाने की योजना

साल 1969 में आई निर्देशक ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म सात हिंदुस्तानी से अमिताभ बच्चन ने बतौर अभिनेता हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इससे पहले एक और ऐसी फिल्म बन रही थी, जिससे बिग बी का डेब्यू हो सकता था। इसी साल निर्देशक सावन कुमार टांक ने एक फिल्म बनाने की योजना बनाई थी, जिसका नाम था- मिर्जा गालिब। जी हां, मशहूर शायर रहे मिर्जा गालिब की बायोपिक में अमिताभ बच्चन को लीड एक्टर के तौर पर चुना गया। उनके साथ इस मूवी में अभिनेत्री लीना चंदावरकर को कास्ट किया गया था। सब कुछ सही चल रहा था।

# धार जिले के पीएम मित्र पार्क में 90 प्रतिशत भूखंड आवंटित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र के धार जिले में गारमेंट सेक्टर में देश का सबसे बड़ा पीएम मित्र पार्क है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर 2025 को इस देश के पहले पीएम मित्र पार्क की सौगात दी थी। गारमेंट सेक्टर के इस पार्क के भूमि-पूजन के साथ ही 90 प्रतिशत भू-खंडों का आवंटन पूरा कर लिया गया है।

यह एक रिकॉर्ड है और काम के प्रति राज्य सरकार की दक्षता प्रकट करती है। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार ने नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स 2026 में टेक्सटाइल, गारमेंट और फुटवियर इंडस्ट्री में आगे बढ़ने की संभावनाओं और क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री नई दिल्ली स्थिति भारत मंडपम में भारत टैक्स-2026 के अवसर पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धार जिले में पीएम मित्र पार्क के आसपास भी निवेशक अब उद्योग स्थापित करने के लिए जमीन की मांग कर रहे है। प्रदेश में उद्योगों के लिए अनुकूलता, कच्चे धागे के लिए माल की उपलब्धता, बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर मध्यप्रदेश निवेशकों को आकर्षित कर रहा है।

## मप्र में गारमेंट सेक्टर में देश का सबसे बड़ा पीएम मित्र पार्क

## नई दिल्ली के भारत मंडपम में मुख्यमंत्री ने की मीडिया से चर्चा

**1** पीएम मित्र पार्क के पास भी निवेशक भूमि की मांग कर रहे

**2** प्रदेश में 37 से अधिक इंडस्ट्रियल पार्क संचालित



भारत मंडपम में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### छोटे शहरों में औद्योगिक विकास की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की गईं, जिससे छोटे शहरों में भी औद्योगिक विकास हुआ है। नर्मदापुरम में 11 हजार 500 करोड़ से निवेश से नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो रहा है। रीवा में आईटी पार्क शुरू हो रहा है। ग्वालियर, जबलपुर, सिंगरौली, सतना, कटनी और सागर में इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। शिवपुरी को डिफेंस पार्क और गुना को बड़े सीमेंट प्लांट की सौगात मिली है। वर्तमान में प्रदेश में 37 से अधिक इंडस्ट्रियल पार्क संचालित हैं। मध्यप्रदेश टेक्सटाइल और गारमेंट के साथ उद्योग के अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ रहा है। राज्य में पर्याप्त मात्रा में कपास और रेशम उत्पादन हो रहा है।

### कई देशों में विशेष पहचान बना रही टेक्सटाइल इंडस्ट्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है, जहां टेक्ससाइल एंड अपेरल सेक्टर की वैल्यू चेन उपलब्ध है। कपास से धागा तैयार करने, गारमेंट निर्माण और मशीनरी की उपलब्धता मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाती है। जैविक कपास के उत्पादन में भी मध्यप्रदेश नंबर वन है। राज्य में केवल कपास का उत्पादन ही नहीं, बल्कि फॉर्म टू फैशन तक इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। मध्यप्रदेश से 11 हजार 750 करोड़ का टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में निर्यात हुआ है। हमारी टेक्सटाइल इंडस्ट्री अमेरिका, बांग्लादेश, जापान, जर्मनी, विएतनाम, इटली, नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों में विशेष पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई यूनिट्स की संख्या भी 43 हजार से अधिक हो चुकी है। इस क्षेत्र में 2400 करोड़ रुपए के निवेश के फलस्वरूप 3 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। धार के पीएम मित्र पार्क से 20 हजार करोड़ से अधिक निवेश का आना और 30 बड़ी कंपनियों का आगमन महत्वपूर्ण है।

### मुख्यमंत्री ने कहा- मप्र निवेश का रिकॉर्ड तोड़ेगा

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योगों को आर्थिक सब्सिडी, बिजली आपूर्ति, भूमि आवंटन, स्टांप ड्यूटी में छूट से निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। राज्य में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन, कौशल विकास प्रशिक्षण और इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम हो रहा है। मध्यप्रदेश देश के मध्य में होने और अपनी विशेषताओं के कारण दुनिया भर के निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में मध्यप्रदेश को प्राप्त निवेश प्रस्ताव में से लगभग 10 लाख करोड़ का निवेश धरातल पर आ चुका है। वर्ष 2027 में फिर जीआईएस का आयोजन होगा, उम्मीद है कि इसमें निवेश का रिकॉर्ड टूटेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि उद्यमियों को साढ़े पांच हजार करोड़ की सब्सिडी राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा चुकी है।

### किसान, बिजली उत्पादन में बने सहयोगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने गैर-जरूरी खर्चों को कम करते हुए वैश्विक चुनौतियों के बीच भी अपने वार्षिक बजट में बढ़ोतरी की है। पहले सरकार किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की सब्सिडी देती थी, इसके स्थान पर सोलर एनर्जी को प्रोत्साहन प्रदान करते हुए किसानों को सोलर पंप दिए जा रहे हैं। किसान अपनी जरूरत की बिजली का स्वयं उत्पादन कर रहे हैं। जरूरत से अधिक बिजली को राज्य सरकार खरीद भी रही है। नदी जोड़ो परियोजनाओं के माध्यम से जल बंटवारे को नई दिशा दी गई है। मध्यप्रदेश सरकार पड़ोसी राज्यों के साथ परस्पर संबंधों को बेहतर करते हुए पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। इससे प्रदेश को लाभ मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### पदोन्नति से पद रिक्त पर स्थाई कर्मी हों नियमित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रदेश के शासकीय अर्द्ध शासकीय विभागों में पदोन्नति से रिक्त हुए तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर प्रदेश में कार्यरत स्थाई कर्मचारियों को नियमित नियुक्ति देने की मांग की है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि वर्ष 2016 में नियुक्त हुए स्थाई कर्मियों को 10 वर्ष से अधिक का समय हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के उमा देवी बनाम कर्नाटक सरकार के फैसले में स्पष्ट आदेश है कि 10 वर्ष की सेवा के बाद कर्मचारियों को नियमित किया जाएं।

### अपना दल (एस) की प्रदेश स्तरीय बैठक 19 को

**भोपाल।** अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी आर.बी. सिंह पटेल का 12 जुलाई से शुरू हुआ प्रदेशव्यापी संगठनात्मक दौरा लगातार गति पकड़ रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में संगठन विस्तार के लक्ष्य के साथ जबलपुर संभाग से शुरू हुआ यह अभियान प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यकर्ता बैठकों और सदस्यता अभियान के माध्यम से आगे बढ़ रहा है। अभियान का समापन 19 जुलाई को भोपाल में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक के साथ होगा, जिसे संगठन की रणनीति और विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## डीपीसी से संबंधित नोटशीट पिछले कई दिनों से प्रमुख सचिव के स्तर पर लंबित

# आबकारी विभाग में पदोन्नति अटकी.... सीएस एवं मंत्री ने जताई नाराजगी, जांच के घेरे में चार अफसर

### 70 से अधिक अधिकारियों की पदोन्नति अटक गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र सरकार के निर्देश पर विभिन्न विभागों में पदोन्नति (डीपीसी) की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है, लेकिन आबकारी विभाग में वरिष्ठ अधिकारियों की पदोन्नति सूची अब तक जारी नहीं हो सकी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, डीपीसी से संबंधित नोटशीट पिछले कई दिनों से प्रमुख सचिव के स्तर पर लंबित है, जिसके कारण 70 से अधिक अधिकारियों की पदोन्नति अटक गई है। सूत्रों के मुताबिक, मामले की जानकारी मिलने के बाद मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रमुख सचिव अमित राठौर को प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। वहीं, ग्वालियर मुख्यालय में स्थापना शाखा की कार्यप्रणाली को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने भी नाराजगी जताई है। इसके बावजूद डीपीसी और पदोन्नति सूची जारी नहीं हो सकी है।

> उप मुख्यमंत्री एवं आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने भी जताई नाराजगी

विभागीय जानकारी के अनुसार, जांच और विभागीय कार्रवाई के दायरे में आने वाले चार अधिकारियों की पदोन्नति पर सबसे अधिक संशय बना हुआ है। इनमें संजीव दुबे, वर्तमान में जबलपुर में सहायक आबकारी आयुक्त, इंदौर के 68 करोड़ रुपये के कथित घोटाले की जांच के दायरे में हैं। वीरेन्द्र धाकड़, भोपाल में सहायक आबकारी आयुक्त, शिवपुरी में पदस्थापना के दौरान दंडित किए जा चुके हैं। प्रमोद झा, ग्वालियर मुख्यालय में स्थापना प्रभारी, उज्जैन में तीन करोड़ रुपए की बैंक गारंटी की वसूली नहीं होने के मामले में लोकायुक्त जांच का सामना कर रहे हैं। वहीं राजनारायण सोनी इंदौर में चार करोड़ रुपए की कथित फर्जी बैंक गारंटी प्रकरण में जांच के घेरे में हैं। सूत्रों का कहना है कि जिन अधिकारियों की पदोन्नति प्रस्तावित है, वे सूची जारी कराने के प्रयास कर रहे हैं, जबकि जांच का सामना कर रहे अधिकारियों को लेकर विभाग के भीतर मतभेद की स्थिति बनी हुई है। आबकारी विभाग में सहायक जिला आबकारी अधिकारी से जिला आबकारी अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी से सहायक आबकारी आयुक्त तथा सहायक आबकारी आयुक्त से उप आबकारी आयुक्त के पदों पर पदोन्नति की जानी है। विभागीय स्तर पर अब सभी की निगाहें डीपीसी और पदोन्नति सूची जारी होने पर टिकी हैं। हालांकि, इस संबंध में प्रमुख सचिव अमित राठौर और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आ सका है।

### स्वास्थ्य विभाग में तृतीय एवं नर्सिंग संवर्ग की प्रमोशन प्रक्रिया सवालों में

स्वास्थ्य विभाग में तृतीय श्रेणी के लिपिक एवं नर्सिंग संवर्ग की प्रमोशन प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ गई है। इस प्रक्रिया के लिए जो समय सीमा निर्धारित की जाती है। उसका कोई ध्यान नहीं रखा गया है। आनन-फानन में चहेतों को उपकृत करने पत्र जारी किया और प्रमोशन की शुरुआत कर दी गई। जबकि इस प्रकिया में कम से कम 15 दिवस का समय का निर्धारण जरूरी है। क्योंकि 80 फीसदी सीधी भर्ती के पद हैं। जबकि 20 पद विभागीय पदोन्नति से भरे जाने हैं।

इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है। पता किया जाएगा। रिटायर स्वास्थ्य सेवक एवं वरिष्ठ कर्मचारी नेता टीएस मिश्रा का कहना है कि इस प्रक्रिया में 4 जुलाई को मध्य प्रदेश के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में संचनालय स्वास्थ्य सेवाएं से पत्र भेजा जाता है कि सहायक प्रबंधक के लिए डीपीसी होनी है। 7 जुलाई तक निर्धारित में जानकारी भेजें जबकि 4 जुलाई को 4 बजे पत्र अपलोड किया जाता है।

शनिवार 5 जुलाई को जबकि रविवार 6 जुलाई को था एवं सात को जानकारी मंगाई जा रही है। इसमें विस्तृत जानकारी है कि दूर दराज के जिलों में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी 7 जुलाई तक संचनालय में किसी भी स्थिति में नहीं पहुंच सकती थी। जबकि गोपनीय प्रतिवेदन संभागीय कार्यालय में रहता है। प्रपत्र के अनुसार सभी जानकारी तैयार करने में कम से कम दो दिन लगेंगे।

मिश्रा के अनुसार इसके पीछे मंशा साफ है कि संचनालय स्वास्थ्य सेवाओं में लिपिक श्रेणी में दो कर्मचारी हैं। उन्हें सेलेक्ट करना है। इसलिए कम समय दिया गया है। पुरानी पेंशन बहाली के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद तिवारी कहते हैं कि यह गंभीर मामला है। मुख्यमंत्री स्वयं प्रत्येक विभाग में पदोन्नतियों की पारदर्शी समीक्षा कर रहे हैं। उनके समक्ष इस मामले की शिकायत की जाएगी।

### मानसून सत्र से पहले पदोन्नतियां पूरी करने पर सरकार का जोर

मध्य प्रदेश सरकार ने 20 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र से पहले सभी विभागों में लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय ने भी पूरी प्रक्रिया की निगरानी शुरू कर दी है और सामान्य प्रशासन विभाग से 1 जुलाई से 15 जुलाई के बीच विभिन्न विभागों में जारी किए गए पदोन्नति आदेशों और विभागीय पदोन्नति समितियों की प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। सरकार ने निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द पदोन्नति आदेश जारी किए जाएं। शासन का प्रयास है कि मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 को लेकर हाईकोर्ट में किसी संभावित निर्णय से पहले अधिकतम पदोन्नतियां पूरी कर ली जाएं।

### सीएम ने की बड़वानी के अभिनव स्वास्थ्य अभियान की सराहना

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़वानी जिले के पाटी विकासखंड के बोकराटा सेक्टर में संचालित 'मिशन ग्रीन कमांडो' अभियान की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अंतिम छोर पर बसे प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि दुर्गम एवं वनांचल क्षेत्रों में कार्यरत स्वास्थ्य अमले का समर्पण, प्रशासन की बेहतर कार्ययोजना और जनसहभागिता इस संकल्प को साकार कर रही है। उन्होंने अभियान में शामिल सभी स्वास्थ्य कर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों, वालंटियर्स एवं जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अभियान सिद्ध करता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और समन्वित प्रयासों से सबसे कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा सकती हैं। बड़वानी जिले के पाटी विकासखंड का बोकराटा सेक्टर प्रदेश के सबसे दुर्गम आदिवासी क्षेत्रों में से एक है। यहां अनेक फालिया एवं बस्तियां पहाड़ियों की ऊंचाइयों पर स्थित हैं, ऐसे कठिन भौगोलिक क्षेत्र में गुरुवार को संचालित 'मिशन ग्रीन कमांडो' ने यह साबित किया कि जब लक्ष्य सेवा का हो तो पहाड़ भी रास्ता बन जाते हैं। स्वास्थ्य टीमों ने कई किमी पैदल चलकर घर-घर दस्तक दी और यह भरोसा मजबूत किया कि शासन की स्वास्थ्य सेवाएं हर जरूरतमंद तक पहुंचेंगी। उन्हें योजनाओं का लाभ मिलेगा।

### सोहा अली खान के 8 स्मार्ट फूड विकल्प, वजन नियंत्रण होगा आसान

**नई दिल्ली।** डाइट कल्चर और स्वास्थ्य से जुड़ी विरोधाभासी सलाहों के बीच वजन का प्रबंधन अक्सर एक ऐसा सफर बन जाता है, जिसमें लोगों को बार-बार नई शुरुआत करनी पड़ती है। हालांकि, सख्त डाइट और कठिन वर्कआउट से जल्दी परिणाम मिल सकते हैं, लेकिन लंबे समय तक इन्हें लगातार अपनाए रखना आसान नहीं होता। वास्तव में, प्रभावी वजन प्रबंधन का मतलब खुद को पसंदीदा चीजों से वंचित रखना नहीं है। बल्कि, इसका मतलब ऐसी टिकाऊ आदतें अपनाना और समझदारी भरे विकल्प चुनना है, जिन्हें आज की व्यस्त और तेज़ रफ्तार जीवनशैली में आसानी से शामिल किया जा सके। कैलिफ़ोर्निया बादाम ऐसा ही एक स्मार्ट विकल्प हैं। प्राकृतिक रूप से पोषक तत्वों से भरपूर कैलिफ़ोर्निया बादाम में 24 पोषक तत्व पाए जाते हैं। इनमें तृप्ति देने वाले गुण होते हैं, जो लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराने में मदद कर सकते हैं और प्रभावी वजन प्रबंधन की दिशा में आपके प्रयासों को सहयोग दे सकते हैं।इस सफर को थोड़ा आसान बनाने के लिए, बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने ऐसे कुछ सरल लेकिन समझदारी भरे फूड विकल्प साझा करते हुए कहा अपनी पसंदीदा चीज़ों को पूरी तरह छोड़ने के बजाय, ऐसे पौष्टिक विकल्प चुनें जो आपके आहार में पोषण की कमी को पूरा करने में मदद करें।

### मिरे एसेट एमएफ ने लॉन्च किया भारत का पहला हाइब्रिड ईटीएफ लॉन्च

**नई दिल्ली।** मिरे एसेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने दो नए फंड ऑफर एनएफओ लॉन्च करने की घोषणा की है। इनमें भारत का पहला हाइब्रिड ईटीएफ मिरे एसेट निफ्टी200 मोमेंटम 30 प्लस 8 13 वर्ष जी सेक 50:50 ईटीएफ शामिल है, जो एक ओपन एंडेड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड है और निफ्टी200 मोमेंटम 30 प्लस 8 13 वर्ष जी सेक 50:50 टोटल रिटर्न इंडेक्स' को ट्रैक / रेप्लिकेट करता है। यह एक स्मार्ट बीटा बैलेंस्ड हाइब्रिड ईटीएफ है।दूसरा फंड भारत का पहला स्मार्ट बीटा आधारित हाइब्रिड इंडेक्स फंड –मिरे एसेट निफ्टी200 मोमेंटम 30 प्लस 8 13 वर्ष जी सेक 75:25 इंडेक्स फंड है। यह एक ओपन एंडेड इंडेक्स फंड है, जो निफ्टी200 मोमेंटम 30 प्लस 8 13 वर्ष जी सेक 75:25 इंडेक्स को ट्रैक / रेप्लिकेट करता है और एक इक्विटी ओरिएंटेड हाइब्रिड इंडेक्स फंड है।ये दोनों फंड एक ही इक्विटी और डेट अंडरलाइंग पर आधारित हैं। मिरे एसेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में हेड ईटीएफ प्रोडक्ट एवं फंड मैनेजर सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने कहा इक्विटी और डेट के मेल का उद्देश्य विकास के साथ स्थिरता प्रदान करना है। इक्विटी हिस्से में मोमेंटम रणनीति के साथ ये हाइब्रिड फंड आक्रामक तरीके से इक्विटी बाजार की बढ़त को पकड़ने की कोशिश करते हैं, जबकि डेट हिस्सा जोखिम और अधिक उतार चढ़ाव को कम करने की दिशा में काम करता है।

### क्रिसिल ने वेदांता समूह की मजबूत वित्तीय स्थिति को देखते हुए रेटिंग बढ़ाकर एए+ की

**मुंबई।** क्रिसिल रेटिंग्स ने वेदांता लिमिटेड एनएसईः वीईडीएल, वेदांता एल्युमिनियम एनएसईः वीएएमएल और वेदांता ऑयल एंड गैस एनएसईः वीओजीएल की दीर्घकालिक क्रेडिट रेटिंग बढ़ाकर AA+/स्टेबल कर दी है। साथ ही, इन तीनों कंपनियों को रेटिंग वॉच विद डेवलपिंग इम्प्लिकेशंस की सूची से भी हटा दिया गया है। वहीं, वेदांता आयरन एंड स्टील एनएसईः वीईडीएल की सहायक कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड की एए /स्टेबल रेटिंग को बरकरार रखा गया है। इसके अलावा, वेदांता पावर एनएसईः वेदपावर की गारंटी वाली सुविधाओं की रेटिंग बढ़ाकर एए+ सीई कर दी गई है। यह पिछले एक दशक में वेदांता लिमिटेड की सबसे मजबूत क्रेडिट रेटिंग है और वर्ष 2014 के बाद कंपनी की सबसे ऊँची रेटिंग भी है। वेदांता लिमिटेड मजबूत आधार और बेहतरीन वित्तीय स्थिति वेदांता लिमिटेड अपने बड़े परिचालन और भारत में मजबूत बाजार हिस्सेदारी के साथ समूह की प्रमुख कंपनी है। कंपनी की हिंदुस्तान जिंक में 61 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जो जस्ता जिंक, सीसा लेड और चांदी सिल्वर के प्रमुख उत्पादकों में शामिल है। इसके अलावा, कंपनी की तांबा कॉपर, निकल और फेरोएलॉय कारोबार में भी मजबूत मौजूदगी है। साथ ही, उसके पास 10 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉक भी हैं। कंपनी की वित्तीय स्थिति पर क्रिसिल ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक विभाजित डीमर्जर संरचना के तहत कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत बनी हुई है।

## रायपुर में 10 मिनट के भीतर दो लूट

# हथियार दिखाकर मोबाइल व नकदी लूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर ग्रामीण के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में महज 10 मिनट के भीतर दो लूट की वारदातें हुई हैं। बदमाशों ने दोनों घटनाओं में एक जैसा तरीका अपनाया। पहले राहगीरों को सुनसान रास्ते पर रोका, मोबाइल से बात करने का बहाना बनाया और फिर धारदार हथियार दिखाकर मोबाइल व नकदी लूटकर फरार हो गए। दोनों घटनाओं में तीन-तीन युवक एक ही बाइक पर सवार थे और दो आरोपियों ने चेहरे स्कार्फ से ढंक रखे थे। वारदात का तरीका एक जैसा होने के कारण पुलिस को एक ही गिरोह के सक्रिय होने की आशंका है। पहली घटना 15 जुलाई की शाम 6:19 बजे मंदिर हसौद से नवा रायपुर जाने वाले नहर किनारे मार्ग पर हुई। बीएससी तक पढ़े मिथलेश कुमार, जो नवा रायपुर सेक्टर-17 के शासकीय आवास में रहते हैं, निजी काम से मंदिर हसौद आए थे। लौटते समय उन्होंने लघुशंका के लिए स्कूटी रोकी।

**उत्तर रेलवे**

पत्र सं०:– स्क्रैप यूज्ड ऑयल/ई–नीलामी/शकूरबस्ती/2026–27
दिनांकः 16.07.2026

पर्यावरण एंव वन मंत्रालय द्वारा पंजीकृत क्रेता/फर्म, जो यूज्ड ऑयल/अनयूज्ड ऑयल के लिये रिसाईकिलर्स/रिप्रोसेसेर्स के रूप में पंजीकृत है, के लिए सामान्य भण्डार डिपो/उ०रे० /शकूरबस्ती में दिनांक–29.07.2026 (10.30 बजे) से होने वाली ई–नीलामी में बोली के द्वारा खरीदारी हेतु निम्न लॉट आमंत्रित किये जाते हैं:–

**क्रमसं० 1, लॉट सं०:** 4-2026-27-ELS-GZB, **विवरणः** ऐम.ऐस. ड्रम में भरा हुआ मिक्स्ड ऑयल (ड्रम की ऑयल के साथ क्षमता लगभग 205 kg) 'जैसा है, जहाँ है' के आधार पर बेचा जा रहा है। यह ड्रम के साथ ही बेचा जाएगा। ड्रम की संख्या 100 (जैसी स्थिति में है), अगर डिलीवरी के समय खरीदार को पानी मिला तो उसे अलग करने की अनुमति है। खरीददार द्वारा लोडिंग। लोकेशनः– गाजियाबाद के इलेक्ट्रिक लोको शेड में मशीन शॉप के पास पड़ा हुआ। **मात्राः** 100 ड्रम ।

रेलवे उपरोक्त दिनांक को यूज्ड ऑयल के ई–नीलामी को बिना बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिना बिके हुए सामग्री यूज्ड ऑयल यदि शेष हो तो आगे होने वाली ई–नीलामी में रखा जायेगा। पूर्ण विवरण के लिये वेबसाइट www.ireps.gov.in पर नीलामी सूची दिनांक– 29.07.2026 पर देखें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2478/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुख्तियार पुत्रः आलम खान पताः झुग्गी नं.483, जी ब्लॉक, जहांगीर पुरी, दिल्ली** ने **एफआईआर संख्या 1/24, धारा 25/54/59 ए एक्ट के तहत** थानाः जहांगीर पुरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मुख्तियार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मुख्तियार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर नं.1/24 धारा 25/54/59 ए एक्ट तहत थानाः जहांगीर पुरी, दिल्ली के उक्त मुख्तियार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
साहिल गुप्ता
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
उत्तर कोर्ट नं.6, भूतल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9499/NW/2026

## डीजीपी कैलाश मकवाणा का एक वर्ष का सेवा विस्तार 1 दिसंबर को हो रहा समाप्त

# दिसंबर में मिल सकते हैं नए डीजीपी! उपेंद्र जैन, वरुण कपूर और पंकज श्रीवास्तव प्रमुख दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद पर इस वर्ष दिसंबर में बदलाव की संभावना है। वर्तमान डीजीपी कैलाश मकवाना का एक वर्ष का सेवा विस्तार 1 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। यदि राज्य सरकार उन्हें दोबारा सेवा विस्तार नहीं देती है, तो नए डीजीपी की नियुक्ति तय मानी जा रही है। \इसे लेकर पुलिस मुख्यालय और शासन स्तर पर वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नामों पर मंथन शुरू हो गया है। वरिष्ठता और न्यूनतम कार्यकाल के आधार पर डीजी आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) उपेन्द्र जैन सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। उनके अलावा डीजी जेल वरुण कपूर और स्पेशल डीजी सीआईडी पंकज श्रीवास्तव भी डीजीपी की दौड़ में प्रमुख नाम हैं। मकवाणा का मूल कार्यकाल 1 दिसंबर 2025 को पूरा हो गया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के आधार पर राज्य सरकार ने उन्हें एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया था। हालांकि इस बार दोबारा विस्तार मिलने की संभावना कम मानी जा रही है।




> अगस्त में होंगे अजय शर्मा आशुतोष रॉय सेवानिवृत्त

### वर्ष 2027 में प्रदेश के 13 आईपीएस अधिकारी सेवानिवृत्त होंगे, इनमें सात प्रमोटी और छह डायरेक्ट आईपीएस अधिकारी शामिल हैं

#### आईपीएस अफसरों का सेवानिवृत्ति का संभावित कार्यक्रम

**जनवरी**: राकेश सगर
**मार्च**: मुकेश श्रीवास्तव
**मई**: वरुण कपूर
**जून**: ओमप्रकाश त्रिपाठी, विनोद कुमार सिंह, संतोष सिंह गौर
**जुलाई**: जी. अखेतो सेमा, राजाबाबू सिंह
**अगस्त**: उपेन्द्र जैन
**अक्टूबर**: उमेश जोगा, मनोज कुमार सिंह, रसना ठाकुर
**दिसंबर**: पंकज श्रीवास्तव

#### इस वर्ष भी 16 आईपीएस हो रहे हैं रिटायर

प्रदेश में वर्ष 2026 के दौरान 16 आईपीएस अधिकारियों का सेवानिवृत्त होना निर्धारित है। इनमें से जगदीश डाबर, अंशुमान सिंह, हिमानी खन्ना, सविता सोहाने, जितेंद्र सिंह पंवार, महेशचंद्र जैन, संजीव शमी, आलोक रंजन और संजय तिवारी पहले ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसी माह अरविंद सक्सेना और शशिकांत शुक्ला सेवानिवृत्त होंगे। अगस्त में अजय शर्मा, आशुतोष रॉय, ए. साई मनोहर और मिथिलेश शुक्ला रिटायर होंगे, जबकि अक्टूबर में सोनाली मिश्रा, जो आरपीएफ में महानिदेशक हैं, सेवानिवृत्त होंगी।

## चिंतन

# हाइड्रोजन ट्रेन भारत की नई उम्मीदों का प्रतीक

भारत को मिली पहली हाइड्रोजन ट्रेन असल में ट्रांसपोर्ट से अधिक आधुनिक तकनीक का उत्कृष्ट नमूना है। दुनिया में अब तक जो भी हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही थीं, वे कम दूरी की छोटी ट्रेनें थीं, लेकिन हरियाणा के जींद से सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर के सफर में 2600 यात्री क्षमता वाली यह ट्रेन दुनिया की सबसे ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेनों में गिनी जाएगी। बता दें कि इससे पहले जापान, चीन, जर्मनी और अमेरिका में हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही थीं। ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का पांचवां देश बन गया है। यह भारत की तकनीकी क्षमता, ऊर्जा नीति और हरित विकास के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। जिस समय पूरी दुनिया जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने और स्वच्छ ऊर्जा के नए विकल्प तलाशने में जुटी है, उस समय भारत का इस दिशा में इतना बड़ा कदम भविष्य की ऊर्जा व्यवस्था का संकेत देता है। यह उपलब्धि बताती है कि भारत अब केवल नई तकनीकों का उपभोक्ता नहीं, बल्कि उन्हें विकसित और अपनाने वाले अग्रणी देशों की श्रेणी में भी तेजी से स्थान बना रहा है। भारतीय रेलवे पहले ही दुनिया के सबसे बड़े विद्युतीकृत रेल नेटवर्क में शामिल हो चुका है। देश के ब्रॉड गेज नेटवर्क का लगभग 99.6 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है और 25 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल किया जा चुका है। जहां कुछ कार्य शेष है, उसे भी जल्द पूरा करने की तैयारी है। ऐसे में स्वच्छ ऊर्जा आधारित ट्रेनों की दिशा में बढ़ाया गया यह कदम रेलवे के आधुनिकीकरण की अगली कड़ी माना जा सकता है। हरित हाइड्रोजन तैयार करने के लिए पहले बिजली की आवश्यकता होती है, फिर उसी हाइड्रोजन से ऊर्जा बनाकर ट्रेन संचालित की जाती है। इसलिए इसकी लागत पारंपरिक ईंधन या सीधे विद्युत संचालन की तुलना में अधिक दिखाई देती है। दूसरी ओर, हाइड्रोजन का उपयोग उर्वरक उद्योग, इस्पात उत्पादन तथा अनेक औद्योगिक क्षेत्रों में भी होता है। अब तक बड़े पैमाने पर प्रयुक्त हाइड्रोजन का अधिकांश उत्पादन पारंपरिक तरीकों से होता रहा है, जिससे कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण बढ़ता है। इसलिए हरित हाइड्रोजन की दिशा में बढ़ना केवल परिवहन सुधार नहीं, बल्कि संपूर्ण औद्योगिक परिवर्तन का आधार बन सकता है। हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौतियों में सुरक्षित भंडारण और आपूर्ति व्यवस्था को माना जाता है। भारत ने हाइड्रोजन ट्रेन के सफल विकास के साथ यह संकेत भी दिया है कि वह इस चुनौती का समाधान विकसित करने की क्षमता रखता है। किसी भी नई ऊर्जा प्रणाली की सफलता केवल उत्पादन पर नहीं, बल्कि उसके सुरक्षित भंडारण, परिवहन और उपयोग की विश्वसनीय व्यवस्था पर निर्भर करती है। सरकार का अगला लक्ष्य सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्त्रोतों से हरित हाइड्रोजन का उत्पादन बढ़ाना है। यदि ऐसा होता है तो न केवल प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा भी मजबूत होगी। वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट, तेल-गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक तनावों के दौर में भारत जैसे विशाल देश के लिए ऊर्जा के स्वदेशी और स्वच्छ स्त्रोत विकसित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कुल मिलाकर, हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन केवल रेलवे की उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत के वैज्ञानिक आत्मविश्वास, हरित विकास और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम है। यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। असल में यह हाइड्रोजन ट्रेन देश की नई उम्मीदों का प्रतीक है।



विक्रम-1 रॉकेट
महेन्द्र तिवारी

# अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र की ऊंची उड़ान

भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में 18 जुलाई का दिन एक ऐसे स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी यात्रा की दिशा को हमेशा के लिए बदल देगा। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस का स्वदेशी रूप से विकसित विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली कक्षीय उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह केवल एक रॉकेट का प्रक्षेपण नहीं है, बल्कि यह उस नए और आत्मनिर्भर भारत का उद्घोष है, जहां निजी क्षेत्र अब अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों को नापने के लिए पूरी तरह से सक्षम हो चुका है। इस रॉकेट का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के सम्मान में रखा गया है

भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में 18 जुलाई का दिन एक ऐसे स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी यात्रा की दिशा को हमेशा के लिए बदल देगा। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस का स्वदेशी रूप से विकसित विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली कक्षीय उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह केवल एक रॉकेट का प्रक्षेपण नहीं है, बल्कि यह उस नए और आत्मनिर्भर भारत का उद्घोष है, जहां निजी क्षेत्र अब अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों को नापने के लिए पूरी तरह से सक्षम हो चुका है।

दशकों तक भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम पूर्ण रूप से सरकारी नियंत्रण और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो के कुशल मार्गदर्शन में पलता और बढ़ता रहा है। इसरो ने सीमित संसाधनों के बावजूद दुनिया को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है और मंगल ग्रह से लेकर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक तिरंगा फहराया है। अब समय बदल रहा है और वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी अनिवार्य हो गई है। इसी आवश्यकता को समझते हुए भारत सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया था, यह प्रक्षेपण उसी नीतिगत बदलाव का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष परिणाम है। जब हम स्काईरूट एयरोस्पेस और उसके महत्वाकांक्षी रॉकेट विक्रम-1 की बात करते हैं तो हमें इसके पीछे के तकनीकी चमत्कार और वर्षों की अथक मेहनत को समझना होगा। इस रॉकेट का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के सम्मान में रखा गया है जो अपने आप में एक बहुत बड़ा प्रतीकात्मक संदेश है। विक्रम-1 कोई साधारण लॉन्च वाहन नहीं है, बल्कि यह अत्याधुनिक तकनीकों का एक अद्भुत संगम है। इस रॉकेट की सबसे बड़ी विशेषता इसके निर्माण में थ्रीडी प्रिंटिंग तकनीक का व्यापक उपयोग है। पारंपरिक निर्माण विधियों की तुलना में थ्रीडी प्रिंटिंग से रॉकेट के पुर्जे बनाने में लगने वाला समय और लागत दोनों काफी कम हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त रॉकेट का बाहरी ढांचा कार्बन फाइबर कंपोजिट से बनाया गया है, जो इसे बेहद हल्का लेकिन इस्पात से भी अधिक मजबूत बनाता है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उप कक्षीय और कक्षीय उड़ानों के बीच एक बहुत बड़ा तकनीकी अंतर होता है, जिसे समझना यहां बेहद प्रासंगिक है। नवंबर 2022 में स्काईरूट एयरोस्पेस ने ही अपना पहला रॉकेट विक्रम एस लॉन्च किया था, जो एक उप कक्षीय उड़ान थी। उप कक्षीय उड़ान का अर्थ होता है कि रॉकेट अंतरिक्ष की सीमा को तो छूता है लेकिन वह पृथ्वी की परिक्रमा करने के लिए आवश्यक गति प्राप्त नहीं कर पाता और गुरुत्वाकर्षण के कारण वापस लौट आता है। इसके विपरीत अठारह जुलाई को होने वाला विक्रम-1 का प्रक्षेपण एक कक्षीय मिशन है। इसका मतलब है कि यह रॉकेट न केवल अंतरिक्ष में जाएगा बल्कि यह इतनी तेज गति प्राप्त करेगा कि यह पृथ्वी की कक्षा में स्थापित हो सके और अपने साथ ले जाए गए उपग्रहों को सटीक रूप से उनकी निर्धारित जगह पर छोड़ सके। कक्षीय उड़ान तकनीकी रूप से बहुत अधिक जटिल चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरी होती




है। इसमें रॉकेट के इंजनों को कई बार चालू और बंद करना पड़ता है और इसकी नेविगेशन प्रणाली को बिल्कुल अचूक होना पड़ता है। अगर स्काईरूट की टीम इस चुनौती को सफलतापूर्वक पार कर लेती है तो यह भारतीय निजी क्षेत्र की तकनीकी क्षमता का विश्व स्तर पर सबसे बड़ा प्रमाण होगा। आर्थिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो इस प्रक्षेपण के मायने बहुत गहरे और दूरगामी हैं। आज पूरी दुनिया में संचार मौसम पूर्वानुमान कृषि निगरानी और नेविगेशन के लिए छोटे उपग्रहों की मांग में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। पारंपरिक रूप से बड़े रॉकेटों के जरिए इन उपग्रहों को लॉन्च करने में बहुत समय लगता है क्योंकि सरकारी एजेंसियों के पास अपने स्वयं के बड़े मिशन होते हैं और छोटे उपग्रहों को उन बड़े मिशनों के साथ सह यात्री के रूप में भेजा जाता है। इस प्रक्रिया में कई बार निजी कंपनियों और विश्वविद्यालयों को अपने उपग्रह लॉन्च करने के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़ता है। स्काईरूट जैसी कंपनियां इसी समस्या का समाधान लेकर आई हैं। विक्रम-1 जैसे रॉकेट ऑन डिमांड लॉन्च की सुविधा प्रदान करते हैं। इसका मतलब है कि जब भी किसी ग्राहक को अपना उपग्रह लॉन्च करना हो, यह रॉकेट कुछ ही हफ्तों की तैयारी के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार हो सकता है। यह लचीलापन और कम लागत भारतीय अंतरिक्ष उद्योग को वैश्विक कमर्शियल मार्केट में एक बहुत बड़ा प्रतिस्पर्धी लाभ प्रदान करेगा। वर्तमान में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी बहुत कम है लेकिन विक्रम-1 की सफलता इस हिस्सेदारी को कई गुना बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगी और एलन मस्क की स्पेसएक्स जैसी दिग्गज अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को सीधे चुनौती देने की नींव रखेगी। इस निजीकरण और तकनीकी विकास का एक और महत्वपूर्ण पहलू रोजगार सृजन और प्रतिभा पलायन को रोकना है। भारत में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग डीप टेक और उन्नत विनिर्माण के क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। लेकिन अतीत में उचित अवसर और निजी क्षेत्र में निवेश न होने के कारण हमारी कई बेहतरीन प्रतिभाएं विदेशों का रुख कर लेती थीं। स्काईरूट एयरोस्पेस जैसी स्वदेशी कंपनियों का उदय इन युवा इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को अपने ही देश में विश्व स्तरीय परियोजनाओं पर काम करने का अवसर दे रहा है। इससे देश में एक मजबूत अंतरिक्ष इकोसिस्टम तैयार हो रहा है। रॉकेट निर्माण के लिए आवश्यक कल पुर्जे सॉफ्टवेयर विकास परीक्षण सुविधाएं और ग्राउंड स्टेशन ऑपरेशंस जैसे क्षेत्रों में हजारों नए रोजगार पैदा हो रहे हैं।

यह पूरी प्रक्रिया मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के सपनों को सही मायनों में साकार कर रही है। सरकार द्वारा स्थापित नोडल एजेंसी इन स्पेस का समर्थन और इसरो द्वारा प्रदान की जा रही तकनीकी और बुनियादी ढांचागत सहायता यह दर्शाती है कि भारत में अब सार्वजनिक और निजी क्षेत्र एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि एक दूसरे के पूरक बनकर काम कर रहे हैं। विक्रम-1 की उड़ान केवल एक कंपनी की व्यावसायिक सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश की उम्मीदों और आकांक्षाओं का प्रतीक है। अठारह जुलाई को जब विक्रम-1 के इंजन आग उगलते हुए आसमान का सीना चीरेंगे तो वह केवल एक मशीन की उड़ान नहीं होगी बल्कि वह एक नए भारत के आत्मविश्वास की उड़ान होगी। यह उड़ान उन तमाम छोटे और मझोले स्टार्टअप्स के लिए एक प्रेरणा है जो नवाचार के क्षेत्र में कुछ नया करने का सपना देखते हैं। यह प्रक्षेपण आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाएगा कि जब सपने बड़े होते हैं और हौसले बुलंद होते हैं तो आसमान की कोई सीमा नहीं होती और सितारे भी हमारी पहुंच में होते हैं।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी
सोनम लववंशी



# विदेशी बाजारों में खारिज होते भारतीय उत्पाद

किसी भी देश की आर्थिक ताकत उसके उत्पादन से नहीं, बल्कि इस बात से तय होती है कि दुनिया उसके उत्पादों पर कितना भरोसा करती है। निर्यात केवल विदेशी मुद्रा अर्जित करने का माध्यम नहीं होता, वह किसी राष्ट्र की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण भी होता है। इसलिए जब विदेशी बाजार किसी देश के उत्पादों को गुणवत्ता संबंधी खामियों के कारण लौटाने लगें या उन पर प्रतिबंध लगाने लगें, तो यह व्यापारिक नुकसान ही नहीं , देश की साख पर लगा गंभीर धब्बा भी होता है। दुर्भाग्य से आज भारत इसी चुनौती से जूझ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय मसाले, आम, मिर्च और चावल जैसे उत्पाद लगातार अंतरराष्ट्रीय जांच और प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं। हाल ही में चीन ने भारत से भेजी गई मिर्च की खेप को यह कहते हुए रोक दिया कि उसमें खतरनाक कीटनाशक मेथामिडोफॉस की मात्रा तय सीमा से अधिक थी। इससे पहले चीन गैर-बासमती चावल की लगभग 70 खेप भी लौटा चुका है। दूसरी ओर, जापान ने भारतीय आमों के आयात पर रोक लगा दी, क्योंकि निरीक्षण के दौरान फ्यूमिगेशन प्रणाली में गंभीर कमियां मिलीं। इतना ही नहीं, हांगकांग ने लोकप्रिय भारतीय मसालों में एथिलीन ऑक्साइड की मौजूदगी पर सवाल उठाए, जिसके बाद सिंगापुर सहित कई देशों ने भारतीय मसालों पर प्रतिबंध, रिकॉल अथवा जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी। ये घटनाएं एक खतरनाक प्रवृत्ति का संकेत हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि भारत की वैश्विक पहचान गुणवत्ता से नहीं, गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों से बनने लगी है। दुनिया के सबसे बड़े कृषि उत्पादक देशों में शामिल होने के बावजूद वैश्विक कृषि व्यापार में भारत की हिस्सेदारी आज भी तीन प्रतिशत से कम है। वर्ष 2024-25 में कृषि निर्यात लगभग 51 अरब डॉलर तक जरूर पहुंचा, फिर भी हमारी क्षमता और संसाधनों की तुलना में यह बेहद सीमित है। ऐसे समय में, जब भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का प्रमुख केंद्र बनने का दावा कर रहा है, गुणवत्ता संबंधी ऐसी घटनाएं हमारे प्रयासों को ही कमजोर कर रही हैं। जापान का फैसला विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वह दुनिया के सबसे सख्त और भरोसेमंद आयातक देशों में गिना जाता है। वर्ष 1986 में भी फ्रूट-फ्लाई की आशंका के कारण उसने भारतीय आमों पर प्रतिबंध लगाया था। लगभग बीस वर्षों की मेहनत, बेहतर क्वारंटीन व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन के बाद 2006 में भारतीय आमों को फिर जापानी बाजार मिला। इस वर्ष निरीक्षण में दोबारा खामियां मिलने के बाद वही बाजार भारत के लिए बंद हो गया। यह केवल एक व्यापारिक निर्णय नहीं, हमारी गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली पर अविश्वास का संकेत है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सबसे मूल्यवान चीज उत्पाद नहीं, भरोसा होता है। एक बार यदि कोई देश भारतीय उत्पादों पर संदेह करने लगे, तो उसका असर दूसरे बाजारों पर भी पड़ता है। जापान द्वारा गुणवत्ता पर सवाल उठाने के बाद यूरोपीय संघ, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश भी भारतीय कृषि उत्पादों की जांच और कड़ी कर देते हैं। परिणामस्वरूप हमारे प्रतिस्पर्धी देश पाकिस्तान, वियतनाम, थाईलैंड और ताइवान उन बाजारों में तेजी से अपनी जगह बना लेते हैं। महाराष्ट्र के अल्फांसो उत्पादक हों या गुजरात के केसर आम उगाने वाले किसान, वे पहले ही मौसम की मार झेल रहे हैं। ऐसे समय में निर्यात रुकने से प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पाद घरेलू बाजार में औने-पौने दाम पर बिकते हैं और किसानों की आय पर सीधा प्रहार होता है। यदि विनिर्मित और कृषि उत्पाद भी वैश्विक बाजार में भरोसा खोने लगेंगे, तो तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य और कठिन हो जाएगा। सवाल यह है कि जिन खामियों का पता विदेशी प्रयोगशालाएं लगा रही हैं, वे भारत से उत्पाद भेजने से पहले हमारी जांच प्रणाली को क्यों नहीं दिखाई देतीं? यदि विदेशी एजेंसियां ही हमारे उत्पादों की गुणवत्ता का प्रमाणपत्र देंगी, तो 'मेड इन इंडिया' की विश्वसनीयता कभी मजबूत नहीं हो सकेगी। खेत से लेकर प्रयोगशाला, प्रसंस्करण केंद्र, पैकेजिंग और निर्यात तक पूरी व्यवस्था को 'जीरो एरर' की संस्कृति अपनानी होगी। भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख रहा है। यह सपना केवल उत्पादन बढ़ाने से पूरा नहीं होगा। वैश्विक बाजार सस्ता माल नहीं, भरोसेमंद माल खरीदता है। अब समय आ गया है कि गुणवत्ता को औपचारिकता नहीं, राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाए। दुनिया में सबसे महंगा बिकने वाला उत्पाद मसाला, आम या चावल नहीं, विश्वसनीयता होती है। यदि हम उसे खो देंगे, तो विदेशी बाजार ही नहीं, भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाएं भी धीरे-धीरे हमारे हाथों से फिसलती चली जाएंगी।

( लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित
## दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

# अपने रूप, रंग या गुण पर घमंड ना करें




संकलित
## प्रेरणा

एक समय की बात है एक बार दांत और जीभ में भयंकर युद्ध छिड़ गया। दांत ने जीभ से कहाः अरे! तुम सिर्फ माँस के लोथड़े हो। तुममें तो कोई भी खुबी नहीं है। न ही तुम्हारा कोई रूप है और न ही कोई रंग। हमारे सभी दाँत को देख रहे हो कैसे मोतियों की भाँति चमक रहे हैं। जीभ बेचारी ने कुछ भी नहीं कहा और वह चुप रही।

दिन बीतते गये, समय अपनी रफ्तार के साथ आगे बढ़ता गया और देखते ही देखते कई माह और वर्ष बीत गये। अब उम्र ढलने के साथ-साथ, धीरे-धीरे करके एक-एक दांत गिरते गये लेकिन होना क्या था जीभ वहीं ज्यो की त्यो बनी रही। अब कुछ बचे हुए दाँत जब गिरने को हुए, तब जीभ ने दांत से कहाः भैया बहुत दिन पहले आपने मुझसे कुछ कहा था। आज उन सबका उत्तर दे रही हूँ। इंसान के मुँह में आप सब दाँत मुझसे बहुत बाद में आए हैं। मैं तो जन्म के साथ ही पैदा हुई हूँ। अब आयु में भी तुम मुझसे छोटे हो लेकिन छोटे होने के बावजूद भी एक-एक करके तुम सब मुझसे पहले विदा हो रहे हो! इसका कारण पता है? दांत ने जीभ से अब विनम्र भाव से बोलाः दीदी अब तक तो नहीं समझते थे पर अब बात समझ में आ गई। तुम कोमल और मुलायम हो और हम कठोर हैं। कठोर होने का दंड ही हमें मिला है। आपके कार्य दूसरों को सुख ही प्रदान करें। अपने रूप रंग या किसी भी गुण के दम पर कभी भी घमंड ना करें। किसी का भी अनादर न करें चाहे कोई आपसे उम्र में छोटा हो या फिर बड़ा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ई-वाहनों में आग : मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट्स या लापरवाही?

सरकार प्रदूषण मुक्त यातायात करने के मद्देनजर ई-वाहन के निर्माण करने वालों और उसका उपयोग करने वालों को सब्सिडी के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है। साथ ही मेन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट्स में सुधार हेतु कदम उठा रही है, ताकि उसकी वजह से कोई दुर्घटना/हादसा न होने पाए। अच्छी बात है। इसके बावजूद सरकारी आंकड़े कह रहे हैं कि पिछले तीन वर्षों में ई-वाहनों के 23,865 हादसे हुए और 26 बार उसमें आग लगी। बात यहीं तक साफ नजर नहीं आ रही है क्योंकि बैटरी चार्ज के वक्त वाहनों में आग लगने से घरों में भी आग लगी है और भारी नुकसान हुआ है। हाल ही में नोयडा के मामोरा में पांच मंजिल बिल्डिंग में आग लगने से दो लोगों की दुखद मौत हो गई। - **पुनीत अग्रवाल**, रायगढ़

## ट्रेंड

### पर्यावरण संरक्षण



प्रधानमंत्री मोदी का 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आज पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण का पर्याय बन रहा है। इसी दिशा में, 'सामूहिक वृक्षारोपण अभियान' के ज़रिए गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र को 'ग्रीन लोकसभा' में बदलने का संकल्प लिया गया है और इस पर काम चल रहा है।
- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### जन आरोग्य मंदिर



आज शकूरपुर में 45 नए आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन किया गया। हमारा संकल्प है कि दिल्ली के हर निवासी को उनके घर और कॉलोनी के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### कोटि-कोटि नमन



1971 की लड़ाई में दुश्मन के जहाज़ों के परखच्चे उड़ाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों जी की जयंती पर, मैं उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूँ। आज देश का हर बच्चा उनके बलिदान से प्रेरित है। जय हिंद।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### धार्मिक संपत्ति



जिन बीजेपी सदस्यों और उनके साथियों ने भगवान के खजाने में हाथ डालने और 'धार्मिक संपत्ति' तक चुराने की हिम्मत की, वे किसी पुजारी या इंसान का क्या सम्मान करेंगे? यह बेहद निंदनीय है! कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।
- **अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# यूरोप में भीषण गर्मी से इस साल 10 हजार लोगों की मौत



यूरोप ने इस साल अप्रत्याशित रूप से भीषण गर्मी का सामना किया और पूरे महाद्वीप से संकलित आंकड़ों के मुताबिक तापमान में बेतहाशा वृद्धि से जुड़ी घटनाओं में सामान्य से कहीं अधिक करीब 10 हजार लोगों की जान गई है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार जून के आखिर में इसमें तेजी से तब वृद्धि हुई जब यूरोप के कुछ हिस्सों में तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। जानकारों का कहना है कि पूरी स्थिति समझने में समय लगता है और गर्मी से होने वाली कई मौतों को आधिकारिक तौर पर उस तरह दर्ज नहीं किया जाता। उदाहरण के लिए, भीषण गर्मी से दिल का दौरा पड़ सकता है, खासतौर पर उन लोगों को जो उम्रदराज हैं और पहले से किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं। लेकिन उनकी मौत होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र में मौत की वजह दिल का दौरा लिखा जा सकता है। अध्ययनकर्ताओं के मुताबिक गर्मियों की शुरुआत चिंताजनक रही है। पिछले कुछ सालों में यूरोप में कई बार भीषण गर्मी पड़ी जिसकी वजह से हजारों लोगों की मौत हुई है। फिर भी, गर्मी के कारण यूरोप में 2003 का साल सबसे ज़्यादा जानलेवा रहा, जिसमें लगभग 70,000 लोगों की मौत हुई थी।

## ऑफ बीट

# भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग



जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा – और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा-बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## राहुल ने की देश की शिक्षा प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव की वकालत कहा- भारत को अपनी परीक्षा व्यवस्था नए सिरे से गढ़नी होगी

# पिछले दस वर्षों में 152 पेपर लीक हुए और इससे साढ़े सात करोड़ छात्र प्रभावित हुए, पेपर लीक माफिया ने पूरी व्यवस्था पर कब्जा कर रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पेपर लीक के खिलाफ सभी राजनीतिक दलों में एक राय लाने पर बल देते हुए लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने देश की शिक्षा प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव के साथ परीक्षा व्यवस्था को नए सिरे से गढ़ने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि व्यवस्था को इस तरह पुनर्गठित किया जाना चाहिए कि छात्रों के हित सर्वोपरि हों और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली स्थापित हो, संस्थानों की स्वतंत्रता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए तथा शिक्षा निजीकरण और एक विचारधारा के नियंत्रण से मुक्त हो। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में बेहद सफल 'छात्रों की गूंज' महारैली में राहुल ने भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में पहुंचे छात्रों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि देश की परीक्षा व्यवस्था 19वीं सदी की चल रही है, जबकि आज 21वीं सदी की व्यवस्था की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि परीक्षा व्यवस्था छात्र-केंद्रित होनी चाहिए, जिसमें परीक्षा की तारीखें लचीली, सुरक्षित प्रश्न बैंक और रैंडम प्रश्न पत्र हों। इसी के साथ स्वतंत्र और जवाबदेह संस्थाएं हों। शिक्षा को राजनीतिक हस्तक्षेप और आरएसएस के प्रभाव से मुक्त रखा जाए, निजीकरण पर रोक लगे और पेपर लीक के दोषियों



को सख्त सजा मिले। इसके अतिरिक्त प्रभावित छात्रों के लिए तुरंत पुनः परीक्षा कराई जाए और उन्हें उचित मुआवजा देकर उनके हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। महारैली में राहुल के साथ मंच पर वे छात्र भी मौजूद थे, जो पेपर लीक या परीक्षा रद्द होने से प्रभावित हुए थे। इस दौरान आत्महत्या करने वाली छात्रा रिया कुमारी थापा के पिता ने भी अपना दर्द साझा किया और प्रसिद्ध गणित शिक्षक अभिनय सर ने मौजूदा व्यवस्था की पोल खोलते हुए कहा कि देश में पेपर लीक उद्योग चल रहा है। छात्रों से सीधा संवाद करते हुए राहुल ने कहा कि पिछले दस वर्ष में 152 पेपर लीक हो चुके हैं और इससे साढ़े सात करोड़ छात्र प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक माफिया ने ऊपर से लेकर नीचे तक पूरी व्यवस्था पर कब्जा कर रखा है, इसमें कोचिंग सेंटर से लेकर मंत्रालय में बैठे लोग शामिल हैं। उन्होंने लीक हुए अलग-अलग प्रश्न-पत्रों के रेट कार्ड का भी खुलासा किया। उन्होंने हैरानी जताई कि आज तक पेपर लीक करने वाले किसी व्यक्ति को सजा नहीं मिली है और इस व्यवस्था के कारण छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। देश में करोड़ों युवा अपनी सामान्य जिंदगी को छोड़कर पांच साल तक दिन-रात परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, जिसमें उनके साथ पूरा परिवार संघर्ष करता है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एक छात्र की तैयारी और पढ़ाई पर औसतन नौ लाख रका खर्चा आता है, परिवार इसके लिए अपनी जीवनभर की जमापूंजी लगाते हैं या कर्ज लेने को मजबूर हो जाते हैं। रकरोड़ों युवाओं को सरकारी नौकरी की तैयारी के रास्ते पर इसलिए चलना पड़ता है, क्योंकि बाकी सभी अवसर बंद हो गए हैं। देश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पूरी तरह ठप पड़ा है, क्योंकि देश में सभी सामान चीन से आ रहे हैं। उद्यमिता का रास्ता भी बंद हो गया है, क्योंकि बैंक कुछ चुनिंदा औद्योगिक समूहों की ही मदद कर रहे हैं, युवाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंक से मदद नहीं मिलती। कॉर्पोरेट और आईटी सेक्टर की नौकरियों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने बहुत जबरदस्त चोट की है। सरकार द्वारा पब्लिक सेक्टर का निजीकरण करने से यह दरवाजा भी युवाओं के लिए लगभग बंद हो चुका है। इन चार दरवाजों के बंद होने के कारण सरकारी नौकरी ही एकमात्र विकल्प है, जिसके लिए आज देश के करोड़ों बच्चे तैयारी कर रहे हैं। लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले लगभग नौ करोड़ अभ्यर्थियों में से केवल छह लाख ही सफल हो पाते हैं। उन्होंने कहा कि 150 युवाओं में से केवल एक युवा को सफलता मिल रही है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि आज देश की परीक्षा प्रणाली में दो रास्ते बन गए हैं। एक रास्ता ईमानदारी और कड़ी मेहनत का है, जहां छात्रों को आर्थिक तंगी, पारिवारिक दबाव और उम्र सीमा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, दूसरा रास्ता पेपर लीक का एक छुपा हुआ चोर दरवाजा है, जिसका इस्तेमाल केवल वो एक प्रतिशत लोग कर पाते हैं जिनके पास बेईमानी का पैसा है।

## खबर संक्षेप

### सुले ने जंतर मंतर में वांगचुग से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सांसद सुप्रिया सुले दिल्ली के जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल कर रहे पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से मिलने पहुंचीं। सोनम अनशन के 20वें दिन पर हैं॥ सुले ने उनसे भूख हड़ताल समाप्त करने की भावुक अपील की। सुले ने कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तो विपक्ष संसद में आवाज उठाएगा।

### शिकोहाबाद मुठभेड़ में दोनों बदमाश ढेर



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले का शिकोहाबाद शुक्रवार सुबह गोलियों की तड़तड़हाट से गूंज उठा। यहां नगला कन्हई क्षेत्र में स्कूल के पास पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से करीब आधा घंटे तक गोलियां चलीं। इस दौरान पुलिस टीम ने दोनों बदमाशों को मार गिराया। ये बदमाश इटावा में बड़ी लूट करके भाग रहे थे।

### ट्रेन की टक्कर से स्कूल वैन के 3 छात्रों की मौत



**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक रेल हादसा हो गया। रेलवे ट्रैक पार करते समय एक स्कूल वैन को तेज रफ्तार ट्रेन ने टक्कर मार दी। इसमें 3 स्कूली छात्रों की मौत हो गई जबकि4 बच्चे घायल हो गए। गोबिंदपुर रेलवे गेट पर हादसा हुआ। हावड़ा जा रही नवद्वीप धाम एक्सप्रेस के गुजरने के कुछ ही देर बाद हुआ।

### नांदेड़ में टीचर ने 2 बच्चों समेत नदी में कुदाई कार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में शुक्रवार सुबह स्कूल टीचर ने अपनी कार गोदावरी नदी में कुदा दी। इससे उनकी और उनके 2 बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पोटा बुद्रुक जिला परिषद स्कूल में तैनात सुनील मोरे कार से बेटी सारा और बेटे सुमित के साथ अमदुरा-पुणेगांव रोड परगोदावरी नदी पर रेलिंग से कार टकरा दी।

## पंजाब में प्रधानमंत्री मोदी ने आप और कांग्रेस पर बोला हमला

# पंजाब में नशा तस्करी का धंधा और गैंगवार छिपे नहीं, कांग्रेस में कुर्सी की जंग चल रही

### जालंधर से किया 5,470 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन

एजेंसी ⏭ जालंधर

पीएम मोदी ने जालंधर दौरे पर 5470 करोड़ की रेल व सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने यहां से 75 अमृत भारत स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा हमारी सरकार पंजाब में नहीं है लेकिन फिर भी हम राज्य के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे। पीएम मोदी ने दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेव, अमृतसर-वाराणसी एक्सप्रेस ट्रेन, करतौली पंजाब-अंबाला एक्सप्रेस ट्रेन सेवा, दौलतपुर चौक-करतौल पंजाब न्यू रेल लाइन का शुभारंभ किया। ये सेवाएं पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश के बीच संपर्क को मजबूत करेंगी। पीएम मोदी मंच पर हरी पगड़ी में नजर आए। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि रेलवे का जो कायाकल्प अब हुआ है। यह काम पुरानी सरकारों में हो जाना चाहिए था लेकिन पुरानी सरकारों की प्राथमिकता में ये काम ही नहीं था। उन्होंने कहा पंजाब कांग्रेस में कुर्सी की लड़ाई चल रही है।

नियति और ईमानदारी पर उठाए सवाल



### आप सरकार पर जमकर बरसे

पीएम मोदी ने पंजाब की मौजूदा सरकार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा पंजाब में नशा तस्करी का धंधा और गैंगवार किसी से छिपे नहीं हैं। उन्होंने कहा पंजाब की सत्ता में बैठे लोग देश की राजनीति बदलने का दावा कर रहे हैं लेकिन न उनकी नियत साफ है न वो ईमानदार हैं। आप केंद्र की योजनाओं पर अपना स्टिकर लगा रही है।

### 12 वर्षों में हमने रेल नेटवर्क का 99 फीसदी बिजलीकरण किया

पीएम मोदी ने कहा कि रेलवे के बिजलीकरण की शुरुआत 1925 में हुई थी।करीब 100 साल पहले। 1925 से लेकर 2014 तक करीब 90 साल में पूरे देश के रेल नेटवर्क का करीब 30फीसदी ही बिजलीकरण हो पाया था। 70प्रतिशत क्षेत्र डीजल से चलता था। बीते 12 वर्षों में भारत के करीब 99फीसदी रेल नेटवर्क का बिजलीकरण हो चुका है। हरियाणा में रेल नेटवर्क का शत-प्रतिशत बिजलीकरण हो गया है। इस वजह से लड़ाई होने के बावजूद भी, तेल का संकट होने के बाद भी, भारत की रेल रुकी नहीं है।

### जालंधर को स्पोर्टस हब के रूप में करेंगे विकसित

जालंधर को विश्व में स्पोर्टस हब के रूप में पहचान दिलाने को लेकर पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब के युवाओं में खेलों को लेकर जोश है। हमारी सरकार ने खेलो इंडिया योजना खेलों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की थी। वहीं, जालंधर को विश्व में स्पोर्टस हब के रूप में पहचान दिलाना हमारा लक्ष्य है। पंजाब के खेल के उत्पाद विदेशों में निर्यात हों यह हमारा लक्ष्य है जिससे पंजाब और देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

### जींद का दूध-दही, बूरा और घेवर भूला नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि शक्तिपीठ माता जयंती का नाम और आशीर्वाद इस शहर पर बना रहता है। मेरे लिए तो जींद आना पुरानी यादों का झरोखा खोलने जैसा है। मैं बैठे-बैठे कई पुराने व परिचित चेहरे देख रहा था। कई दशक पहले मैं संगठन के काम से पहली जींद आया था। फिर आप लोगों ने मुझे जो अपनत्व व प्रेम दिया, वो आज तक मैं भूला नहीं हूं। मुर्रा भैंस का दूध-दही और घी। जींद का देसी बूरा और यहां का घेवर...ये वो यादें हैं जो जींद से जुड़ ही जाती हैं।

## हरियाणा के खिलाड़ियों को बहुत लाभ होगा

पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि अभी मैं कुछ दिन पहले ही इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा से लौटा हूं। वहां भारत ने अनेक समझौते किए हैं। लेकिन एक विषय ऐसा है, जिसपर उतनी बात नहीं हुई है। ये विषय मेरे देश के और विशेषकर हरियाणा के युवाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में स्पोर्ट्स को लेकर मेरी चर्चा हुई। इन दोनों देशों के साथ मिलकर हम स्पोर्ट्स इंडस्ट्री, खिलाड़ियों की ट्रेनिंग आदि में हम बहुत काम करने वाले हैं, इससे खिलाड़ियों को बहुत लाभ होगा।

### 'डबल इंजन' सरकार का आह्वान

अपने संबोधन में उन्होंने संत रविदास जी महाराज का उल्लेख किया और जालंधर में डेरा सचखंड बल्लां के प्रमुख संत निरंजन दास से अपनी मुलाकात का जिक्र कर दलित समुदाय को एक बड़ा संदेश दिया। पीएम मोदी ने हरियाणा में भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई 24 फसलों पर एमएसपी और सिख संग्रहालय बनाने जैसे कार्यों का हवाला देते हुए, पंजाब में भी 'डबल इंजन' की सरकार बनाने की अपील की।

## रिटर्निंग ऑफिसर ने सर्टिफिकेट दिया

# टीएमसी छोड़ भाजपा में शामिल तीनों सांसद निर्विरोध रास पहुंचे



एजेंसी ⏭ नई दिल्ल

पूर्व टीएमसी सांसद सुखेंदु शेखर रॉय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक शुक्रवार को पश्चिम बंगाल से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए। पार्टी बदलने के कुछ ही दिनों बाद तेजी से बदले राजनीतिक घटनाक्रम ने सबको चौंका दिया। 15 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच के बाद मैदान में कोई अन्य उम्मीदवार नहीं बचा था, इसलिए शुक्रवार को नामांकन वापस लेने की समय-सीमा खत्म होने के बाद इन तीनों नेताओं को निर्वाचित घोषित कर दिया गया। रिटर्निंग ऑफिसर ने तीनों नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों को निर्विरोध चुने जाने की औपचारिक घोषणा के बाद जीत का प्रमाण पत्र सौंपा।

### राजनीतिक घटनाक्रम

रॉय, देव और चिक बारिक नौ जुलाई को कोलकाता में भाजपा में शामिल हुए थे। इसके कुछ ही घंटों बाद भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने उन्हें राज्यसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार भी घोषित कर दिया था।

### टीएमसी को झटका

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद इन तीनों नेताओं ने पिछले महीने राज्यसभा और टीएमसी दोनों से इस्तीफा दे दिया था, जिससे उच्च सदन की तीन सीटें खाली हो गई थीं और उपचुनाव की जरूरत पड़ी थी। उनके चुने जाने से ममता बेनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी को एक और झटका लगा, क्योंकि पार्टी छोड़ने के कुछ ही हफ्तों के भीतर ये तीनों भाजपा के टिकट पर राज्यसभा लौट आए।

### भाजपा के लिए क्यों अहम है यह फैसला?

तीन पूर्व सांसदों को शामिल करना विधानसभा चुनाव में जीत और पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार बनने के बाद पार्टी की ओर से तृणमूल नेताओं को शामिल करने का पहला बड़ा कदम भी है। इससे संकेत मिलता है कि चुनाव के बाद टीएमसी नेताओं को शामिल करने में भाजपा की जो हिचक थी, वह उन नेताओं के मामले में लागू नहीं होगी, जिन्हें पार्टी राजनीतिक रूप से मजबूत मानती है और जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं हैं।

## फिर टली जेपीसी की रिपोर्ट

# पीएम-सीएम को पद से हटाने वाला बिल फिर रुका, वापस लिए 'असहमति' नोट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद से हटाने का प्रावधान करने वाले 130वें संविधान संशोधन विधेयक की समीक्षा कर रही संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने मसौदा रिपोर्ट को अपनाने का फैसला फिलहाल टाल दिया। समिति ने माना कि इस पर व्यापक चर्चा तथा संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श की जरूरत है। समिति की अध्यक्ष अपराजिता सारंगी ने बताया कि सदस्यों की राय थी कि मसौदा रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय लेने से पहले और चर्चा की जानी चाहिए। इसी कारण रिपोर्ट को अभी स्वीकार नहीं किया गया और प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित कर दिया गया। 130वें संविधान संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति ने अपनी मसौदा रिपोर्ट में 5 सिफारिशें शामिल की थीं। यह मसौदा हाल ही में समिति के सभी सदस्यों के बीच विचार के लिए वितरित किया गया था।

### विचार मंथन के लिए टाला फैसला

समिति की बैठक में मसौदा रिपोर्ट की प्रत्येक सिफारिश पर अलग-अलग मतदान की प्रक्रिया चल रही थी। सदस्यों ने महसूस किया कि विभिन्न पक्षों से और सुझाव लेने तथा विचार के बाद ही अंतिम निर्णय लेना उचित होगा। इसके बाद रिपोर्ट को अपनाने का फैसला टाल दिया गया। सारंगी ने कहा कि समिति ने माना कि इस पर और अधिक परामर्श की आवश्यकता है।

### ओवैसी और सुले ने असहमति नोट वापस लिया



एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी और एनसीपी (शरद पवार) सांसद सुप्रिया सुले ने असहमति नोट (डिसेंट नोट) समिति को सौंपे थे। हालांकि, जब समिति ने रिपोर्ट को अपनाने की प्रक्रिया स्थगित करने का निर्णय लिया, तो दोनों नेताओं ने अपने असहमति नोट वापस ले लिए।

## जनभागीदारी से मजबूत होगा वन संरक्षण



**राष्ट्रपति आईएफएस के प्रशिक्षु अधिकारियों से मिलीं**

**नई दिल्ली।** भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि वे केवल वनों के प्रशासक नहीं, बल्कि भारत की प्राकृतिक धरोहर के संरक्षक भी हैं। समाज को वनों की सुरक्षा के कार्य में भागीदार बनाने से संरक्षण के प्रयास अधिक प्रभावी और दीर्घस्थायी बनेंगे। जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता से निपटने में वन अहम हैं।

## एनडीए के प्रमुख नेताओं की बैठक में संसद सत्र की रणनीति पर हुआ मंथन

# राजनाथ की अध्यक्षता में बैठक में बिल पास कराने पर भी बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र आगामी सोमवार से शुरू हो रहा है। सत्तापक्ष को इस बात की भली भांति जानकारी है कि विपक्षी दल सरकार को कई चर्चित मुद्दों पर पुरजोर तरीके से घरने की कोशिश करेंगे। इसी के चलते सत्ताधारी एनडीए कुनबे ने शुक्रवार को एक बैठक में संसद के भीतर रहने वाली अपनी रणनीति, विपक्ष के दांव कैसे ध्वस्त करें और प्रस्तावित बिलों को पास कराने को लेकर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। इसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, जेडीयू के नेता ललन सिंह, टीडीपी के राम मोहन नायडू समेत एनडीए के कई प्रमुख नेता शामिल रहे। बताया गया है कि मंगल मिलन के साथ एनडीए संसदीय दल की पहली बैठक 21 जुलाई को सुबह 9.30 बजे संसद भवन में होने वाली है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी एनडीए सांसदों को संबोधित भी करेंगे।

संसद में सत्तापक्ष के सामने इस बार विपक्षी दल राम मंदिर चढ़ावा चोरी, कॉकरोच जनता पार्टी के धरने और एथेनाल मिश्रित पट्रोल ई-20 जैसे मुद्दों पर बड़ी चुनौती पेश कर सकता है। अमेरिका ईरान के बीच चल रही जंग से भारत में उपजे हालातों को लेकर भी विपक्ष सरकार को घेरने की जुगत में है। इसके अलावा संसद में पेश किए जाने वाले बिलों को पास कराने को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर हो सकता है। इसके अलावा नीट-यूजी परीक्षा में गड़बड़ियों को लेकर लगातार हमलावर रहे विपक्ष को नई ऊर्जा जंतर-मंतर पर शुरू हो चुके सोनम वांगचुक के अनशन ने दे दी है। इसे देखते हुए ही अपनी रणनीति को मजबूत करने के लिए राजग के मंत्रियों की बैठक हुई। सूत्रों ने बताया कि सरकार मानकर चल रही है कि विरोधी खेमा इन विषयों को लेकर सदन की कार्यवाही को बाधित करना चाहेगा, लेकिन सरकार की प्राथमिकता है कि आवश्यक विधेयकों को पारित कराया जाए। निस्संदेह सामान्य विधेयकों को पारित कराने के लिए सरकार के पास बहुमत है।

वहीं, परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक पर भी चर्चा हुई, जिसके लिए सरकार के पास अभी दो-तिहाई बहुमत नहीं है। हालांकि, टीएमसी और आम आदमी पार्टी जैसे विपक्षी दलों में टूट के बाद जिस तरह से कुछ अन्य दलों का रुख बदला है, उसने सभी सरकार को संभावनाओं की राह दिखाई है। उल्लेखनीय है कि अब तक परिसीमन का खुलकर विरोधी करने वाला डीएमके अब कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए से दूरी बना चुका है। साथ ही हाल ही बयान दिया है कि डीएमके कांग्रेस से दूर रहेगा और परिसीमन विधेयक को देखने के बाद उस पर निर्णय करेगा।

वहीं, विपक्षी गठबंधन के साथ रहते हुए भी एनसीपी शरद गुट की नेता सुप्रिया सुले ने भी बिल देखने के बाद निर्णय की बात कह कर इस पर नरम रुख के संकेत दे दिए हैं। बताया गया है कि राजग संसदीय दल की बैठक में भी इस पर चर्चा हुई और कहा गया कि इन दलों का स्पष्ट रुख सामने आने के बाद इससे संबंधित रणनीति को अंतिम रूप दिया जा सकता है। सरकार जिन पांच नए विधेयकों को संसद में पेश करने की तैयारी कर रही है, उनमें इनकम टैक्स (संशोधन) विधेयक, 2026, सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन विधेयक 2026, जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026 और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विकास संशोधन विधेयक, 2026 शामिल हैं। इनमें से इनकम टैक्स और सुप्रीम कोर्ट से जुड़े विधेयक अध्यादेशों की जगह लाए जाएंगे।

## सीएम धामी ने किया ऐलान

# उत्तराखंड 'अग्निवीर रोजगार सेल' खोलने वाला पहला राज्य

एजेंसी ⏭ देहरादून



उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अग्निवीरों के लिए बड़ा ऐलान किया। सीएम ने बताया कि उत्तराखंड में देश का पहला 'अग्निवीर रोजगार सेल' स्थापित होगा। देहरादून में यूथ फाउंडेशन के 'युवा अग्निवीर संवाद' में सीएम ने यह जानकारी दी। सीएम ने कहा कि इस सेल के जरिए सेवामुक्त होकर लौटने वाले अग्निवीरों को राज्य सरकार की अलग-अलग योजनाओं का फायदा दिलाया जाएगा। सेल की जिम्मेदारी उन्हीं लोगों की दी जाएगी जिससे कि अग्निवीरों के सामने क्या-क्या समस्याएं आ सकती हैं और कैसे उनका समाधान हो सकता है यह सुनिश्चित किया जा सके। अग्निवारों का सम्मान, राज्य सरकार की प्राथमिकता है। भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा बेहतरीन और मुफ्त ट्रेनिंग दी जा रही है। सरकारी सेवाओं में 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है। आयु सीमा में छूट और भर्ती में भी प्राथमिकता दी है।

### आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा बोले- एक साक्षात्कार में

# पश्चिम एशिया संकट, कमजोर मानसून देश की वृद्धि के लिए जोखिम: आरबीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट और कमजोर मानसून की आशंका आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण जोखिम हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि मजबूत व्यापक आर्थिक आधार के चलते भारत ने पिछले कुछ वर्षों में सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दर्ज की है।*

मल्होत्रा ने एक साक्षात्कार में कहा कि पिछले वित्त वर्ष में देश की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही जबकि चालू वित्त वर्ष के लिए आरबीआई ने विभिन्न चुनौतियों के बावजूद 6.6 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है। उन्होंने कहा, मौद्रिक और राजकोषीय नीतियां मजबूत हैं, जिसके कारण हमारी वृद्धि दर उच्च बनी हुई है।/"

**भारत ने पिछले कुछ वर्षों में सात फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की**

**पिछले वर्ष देश की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही**

**चालू वित्त वर्ष में मौजूदा चुनौतियों के बावजूद 6.6 फीसदी का अनुमान**



## महंगाई का अनुमान बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत

मुद्रास्फीति पर उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए महंगाई का अनुमान 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.38 प्रतिशत हो गई जबकि खाद्य मुद्रास्फीति 5.32 प्रतिशत रही।

## बैंक एआई की उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ उठाए

कृत्रिम मेधा (एआई) के उपयोग पर उन्होंने कहा कि आरबीआई ने बैंकों को ग्राहक सेवा बेहतर करने, लागत घटाने और निर्णय क्षमता बढ़ाने के लिए इसका उपयोग बढ़ाने की सलाह दी। साथ ही साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता पर सतर्क रहने को कहा है। मल्होत्रा ने हफ्ते की शुरुआत में सार्वजनिक एवं चुनिंदा निजी बैंकों के प्रबंध निदेशकों एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक में भी एआई जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने के लिए कहा था।

## कृषि का जीडीपी में 17% का योगदान

आरबीआई गवर्नर ने मानसून को एक अन्य जोखिम कारक बताते हुए कहा कि देश की एक बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है और इसका सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 17 प्रतिशत योगदान है, इसलिए मानसून की स्थिति पर नजर बनाए रखना होगा। मजबूत डॉलर और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद अन्य देशों की तुलना में भारतीय मुद्रा का प्रदर्शन स्थिर रहा है।

## महंगाई टिकाऊ वृद्धि की आधारशिला

मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति पर नियंत्रण को प्राथमिकता देते हुए वृद्धि को भी समर्थन देता रहेगा। उन्होंने कहा, /"कम और स्थिर महंगाई टिकाऊ वृद्धि की आधारशिला है ऋण वृद्धि के बारे में उन्होंने कहा कि जून में बैंक ऋण वृद्धि सालाना आधार पर करीब 18 प्रतिशत रही, जो मई के 17.5 प्रतिशत से अधिक है।

## रुपये की स्थिति सामान्य मानी जा सकती है

*मल्होत्रा ने कहा, /"पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद डॉलर मजबूत हुआ है। कई देशों की मुद्राएं कमजोर पड़ी हैं। अगर हम वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारतीय रुपये की स्थिति सामान्य मानी जा सकती है।/" मल्होत्र ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर कहा कि पिछले वर्ष सकल एफडीआई लगभग 95 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा, जबकि चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में शुद्ध एफडीआई करीब सात अरब डॉलर रहा है।*

## खरीदारी से शेयर बाजार में रही तेजी, सेंसेक्स 965 अंक उछला



**मुंबई (एजेंसी)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज, बैंक और आईटी शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार जोरदार तेजी के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 965 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 262 अंक की छलांग लगाई। विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपनियों के अनुकूल तिमाही नतीजों और आईटी कंपनियों में लिवाली आने से निवेशक धारणा को समर्थन मिला। हालांकि व्यापक बाजार में नकारात्मक रुझान रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 964.58 अंक उछलकर 78,151.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,095.68 अंक चढ़कर 78,282.55 अंक तक पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी भी 261.55 अंक बढ़कर 24,334.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में टेक महिंद्रा का शेयर अनुकूल तिमाही नतीजों के बाद करीब 3.91 प्रतिशत उछला। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज का भी शेयर तिमाही नतीजों की घोषणा के पहले करीब तीन प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ।

- रिलायंस, बैंक और आईटी शेयरों में रही खरीदारी
- निफ्टी ने 262 अंक की जोरदार छलांग लगाई

## सोना 800 रुपये टूटा, चांदी में 2,000 रुपये की गिरावट



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत में गिरावट का सिलसिला फिर शुरू हुआ और यह तीन सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। सोने की कीमत 800 रुपये टूटकर 1.45 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। स्थानीय मांग कमजोर रहने के कारण चांदी भी 2,000 रुपये लुढ़क गयी। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 800 रुपये घटकर 1,45,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। बृहस्पतिवार को यह 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। चांदी भी 2,000 रुपये टूटकर 2,22,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर रही। पिछले सत्र में चांदी 2,24,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोना 25 जून को 1,45,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। कारोबारियों ने कहा कि दो सत्रों के ठहराव के बाद सोने की कीमतों में गिरावट फिर से शुरू हो गई और यह तीन सप्ताह के सबसे निचले स्तर पर आ गई, जबकि चांदी में निरंतर गिरावट जारी रही।

# सरकार ने लौह अयस्क को प्रमुख बुनियादी उद्योग सूचकांक में जोड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने लौह अयस्क को प्रमुख बुनियादी उद्योगों की सूची में शामिल किया है। इस कदम से अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन का और बेहतर आकलन करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही प्रमुख बुनियादी उद्योगों की संख्या आठ से बढ़कर नौ हो गई है।

वर्तमान में सरकार आठ प्रमुख क्षेत्रों कच्चा तेल, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट, बिजली, प्राकृतिक गैस, उर्वरक, तैयार इस्पात और कोयला के प्रदर्शन का मासिक आधार पर आकलन करती है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को बयान में कहा, /"औद्योगिक उत्पादन में लौह अयस्क के व्यापक उपयोग और औद्योगिक विकास में इसके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए संशोधित बुनियादी उद्योग सूचकांक (आईसीआई) श्रृंखला में लौह अयस्क को शामिल किया गया है।/मंत्रालय ने बताया कि नौ प्रमुख क्षेत्रों के आंकड़ों वाली नई श्रृंखला, जिसका आधार वर्ष 2022-23 होगा, इस साल 20 जुलाई को जारी की जाएगी। संशोधित श्रृंखला मौजूदा बुनियादी उद्योग सूचकांक श्रृंखला की जगह लेगी, जिसका आधार वर्ष 2011-12 है।



- इस कदम से अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन बेहतर आकलन में मदद मिलेगी
- प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की संख्या आठ से बढ़कर नौ हुई

मंत्रालय ने कहा कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के साथ समानता बनाए रखने के लिए संशोधित आईसीआई श्रृंखला में इस्पात सूचकांक तैयार करने के लिए सकल उत्पादन आंकड़ों का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे पहले आईसीआई (2011-12) श्रृंखला में शुद्ध उत्पादन आंकड़ों का उपयोग किया जाता था।

## संशोधित श्रृंखला में कोयले को रखा गया

मंत्रालय ने बताया कि इसके अलावा, कोयला क्षेत्र में भी संशोधित श्रृंखला में केवल कच्चे कोयले को ही रखा गया है। दोहरी गणना से बचने के लिए मध्यम श्रेणी के कोयले (कोल मिडलिंग्स) और धुले हुए कोयले को इस सूची से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि ये दोनों कच्चे कोयले से ही प्राप्त होते हैं।

### खबर संक्षेप

## रुपया 14 पैसे मजबूत होकर 96.28 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 14 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.28 पर बंद हुआ। आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप के बाद घरेलू मुद्रा में लगातार चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट थमी। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से स्थानीय मुद्रा पर दबाव है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.35 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 96.27 से 96.41 के दायरे में रहा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

*690 एवं अधिक अंक वाले टॉप-138 स्टूडेंट्स में 63 एलन स्टूडेंट्स*

# एलन के टॉप-10 में 5 और टॉप-100 में 46 स्टूडेंट्स



आर्यन गुप्ता | पंशुल बंसल | आयुष भालोटिया | आर्यन दुबे | गौरव सिंह

**कोटा।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 का रिजल्ट घोषित कर दिया। परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की है। एलन के टॉप-10 में 5 स्टूडेंट्स शामिल है। परिणामों में टॉप-100 में 46 स्टूडेंट्स एलन से हैं। जारी किए गए परिणामों में आर्यन गुप्ता और पंशुल बंसल ने संयुक्त रूप से 720 में से 715 अंक हासिल किए हैं। टाइब्रेकर रूल की प्राथमिकता के आधार पर आर्यन गुप्ता को आल इंडिया रैंक-1 और पंशुल बंसल को ऑल इंडिया रैंक-2 घोषित किया गया है। पंशुल बंसल एलन के दो साल से रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट हैं तथा आर्यन गुप्ता एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से डिस्टेंस लर्निंग से जुड़े हैं। इसके साथ ही एलन क्लासरूम स्टूडेंट आयुष भालोटिया ने 710 अंक प्राप्त कर आल इंडिया रैंक-4 हासिल की है। एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के स्टूडेंट आर्यन दुबे ने एआईआर-7, वहीं एलन क्लासरूम स्टूडेंट गौरव सिंह आल इंडिया रैंक-9 हासिल की है। एलन के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बेहतर परिणामों पर सभी स्टूडेंट्स और उनके परिवारजनों को बधाई दी है। परिणामों में एलन ने श्रेष्ठता साबित की है। अब तक देखे गए परिणामों में टॉप-10 में 5, टॉप-20 में 10, टॉप-50 में 23 और टॉप-100 में 46 स्टूडेंट्स एलन से हैं। इसमें 36 स्टूडेंट्स क्लासरूम हैं, इनमें से एक ऑनलाइन लाइव क्लास से तथा 10 स्टूडेंट्स डिस्टेंस लर्निंग व ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से हैं। एनटीए ने 690 एवं अधिक अंक वाले टॉप-138 स्टूडेंट्स की लिस्ट प्रेस रिलीज में जारी की है, इसमें 63 स्टूडेंट्स एलन से हैं। इसमें 50 क्लासरूम प्रोग्राम है, जिनमें एक ऑनलाइन लाइव क्लासरूम से तथा 13 डिस्टेंस लर्निंग व ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से है।

**नीट-यूजी 2026 के रिजल्ट्स में चमका एलन**

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 96.4 करोड़ डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 96.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 675.15 अरब डॉलर पर रहा। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 7.26 अरब डॉलर बढ़कर 674.19 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, संघर्ष के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और रिजर्व बैंक को विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर बेचकर हस्तक्षेप करना पड़ा।

## देश से इलायची का निर्यात दो साल में तिगुना

**नई दिल्ली।** भारत से साबुत इलायची का निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में मूल्य के लिहाज से तिगुने से अधिक होकर 43.68 करोड़ डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 13.19 करोड़ डॉलर था। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान साबुत यानी खड़ी इलायची की निर्यात मात्रा भी दोगुने से अधिक हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में खड़ी इलायची का निर्यात 20.12 करोड़ डॉलर था, जो 2025-26 में बढ़कर 43.68 करोड़ डॉलर हो गया।

## आईटीआई को बीएसएनएल से मिला 856 करोड़ का ठेका




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार उपकरण विनिर्माता आईटीआई लिमिटेड को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के लिए पश्चिमी क्षेत्र में 4जी मोबाइल नेटवर्क तैनात करने का 856.39 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। आईटीआई लिमिटेड ने कहा कि उसे हाल ही में बीएसएनएल से पश्चिम भारत में 4जी मोबाइल नेटवर्क विस्तार के लिए यह कार्यादेश प्राप्त हुआ है। इस क्षेत्र में महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और मुंबई लाइसेंस सेवा क्षेत्र शामिल हैं। इस परियोजना के तहत 7,613 स्थलों पर 4जी नेटवर्क की योजना बनाना, अभियांत्रिकी कार्य, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना शामिल है, जिसे पूर्ण समाधान आधार पर पूरा किया जाएगा।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## मनीष जैन बने दक्षिण पूर्व रेलवे के नए अपर महाप्रबंधक



**कोलकाता।** मनीष जैन ने 17 जुलाई, 2026 को दक्षिण पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे मेट्रो रेलवे, कोलकाता में प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। श्री मनीष जैन भारतीय रेल यांत्रिक अभियंता सेवा (आईआरएसएमई) के वर्ष 1990 बैच के अधिकारी हैं। श्री जैन भारतीय रेल में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इनमें मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर (कोचिंग), पूर्व रेलवे, मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, कार्यकारी निदेशक/यांत्रिक अभियांत्रिकी (माल), रेलवे बोर्ड, कार्यकारी निदेशक/यांत्रिक अभियांत्रिकी (ट्रैक्शन), रेलवे बोर्ड, मुख्य महाप्रबंधक, इरकॉन, ग्रुप जनरल मैनेजर (तकनीकी), कॉनकॉर, निदेशक, राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, नई दिल्ली सहित भारतीय रेल के कई अन्य महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। श्री मनीष जैन को रेल अभियांत्रिकी एवं रेल परिचालन से जुड़े विभिन्न विषयों का व्यापक ज्ञान तथा समृद्ध कार्यानुभव प्राप्त है। उन्होंने भारत एवं विदेशों, जिनमें अमेरिका और कनाडा भी शामिल हैं, में अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया है। उन्हें खेल, चलचित्र और संगीत में विशेष रुचि है।

### गैर-प्रौद्योगिकी पदों पर छह गुना मांग में वृद्धि : रिपोर्ट

# एआई कौशल की मांग प्रौद्योगिकी नौकरियों में 17 गुना बढ़ी


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृत्रिम मेधा (एआई) की समझ अब कार्यस्थल पर एक बुनियादी क्षमता बनती जा रही है। प्रौद्योगिकी से जुड़ी नौकरियों के 15.4 प्रतिशत विवरण में एआई कौशल का जिक्र है, जबकि गैर-प्रौद्योगिकी भूमिकाओं में भी एआई कौशल की मांग करीब छह गुना बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। नौकरी डॉट कॉम की 'वर्ल्ड एआई डे रिपोर्ट-2026' के मुताबिक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र के नौकरी विवरणों में एआई कौशल का उल्लेख 2020 के 0.9 प्रतिशत से बढ़कर 2026 में 15.4 प्रतिशत हो गया है। पिछले छह वर्षों में नियोक्ताओं की मांग में लगभग 17 गुना वृद्धि परिलक्षित होती है।

- एआई की समझ कार्यस्थल पर एक बुनियादी क्षमता बनते जा रही

## एआई का उपयोग प्रबंधन, डेटा साइंस आदि में अधिक


रिपोर्ट के मुताबिक, एआई का उपयोग विशेष रूप से उत्पाद प्रबंधन, डेटा साइंस एवं विश्लेषण तथा इंजीनियरिंग, सॉफ्टवेयर और गुणवत्ता आश्वासन (क्यूए) जैसे एआई-प्रधान क्षेत्रों में कार्यरत पेशेवरों के बीच सबसे अधिक है। इसके अनुसार, भारत में एआई का सफर अब एक नए चरण में पहुंच गया है, जहां कंपनियां तेजी से एआई अपना रही हैं और विशेष कौशल की मांग लगातार बढ़ रही है।



## उपयोग उपकरणों व करियर संबंधी फैसलों में दिख रहा

इन्फो एज (इंडिया) लिमिटेड के समूह मुख्य विपणन अधिकारी (सीएमओ) सुमीत सिंह ने कहा, "भारत में एआई अब भविष्य की बात नहीं है बल्कि यह वर्तमान में काम करने के तरीके को बदल रहा है। इसका असर नौकरी विवरणों, भर्ती के रुझानों, कार्यस्थल पर इस्तेमाल होने वाले उपकरणों और करियर संबंधी फैसलों में दिखाई दे रहा है।

## शब्द पहेली - 6290




**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

**शब्द पहेली- 6289 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झो | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | रा | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |



# रोहित के संन्यास की अटकलें, बीसीसीआई ने कहा-यह केवल अफवाह

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय क्रिकेट के इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक रोहित शर्मा के फैंस के लिए एक बड़ी खबर है। 19 जुलाई को ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड के खिलाफ होने वाला तीसरा और आखिरी मैच रोहित शर्मा के वनडे करियर का आखिरी मैच हो सकता है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि इस रविवार लॉर्ड्स में रोहित आखिरी बार भारतीय जर्सी में खेलते हुए दिख सकते हैं। वहीं, दूसरी ओर रोहित के संन्यास की अटकलों पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पूर्ण विराम लगा दिया है। बोर्ड का कहना है, कि सोशल मीडिया में चल रही खबरें अफवाह हैं।



## सिलेक्टर्स नहीं कर रहे 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए रोहित पर विचार

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और हेड कोच गौतम गंभीर ने पिछले हफ्ते रोहित शर्मा से मुलाकात की और टीम इंडिया की लंबी अवधि की योजनाओं पर चर्चा की। सिलेक्टर्स ने साफ कर दिया कि वे 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए रोहित पर विचार नहीं कर रहे हैं और यह उनकी आखिरी इंटरनेशनल सीरीज हो सकती है। सिलेक्शन कमेटी अब युवा खिलाड़ियों पर ध्यान देना चाहती है, जिसमें यशस्वी जायसवाल को भविष्य के ओपनिंग बल्लेबाज के तौर पर अहम भूमिका के लिए तैयार किया जा रहा है।



### रोहित के माता-पिता पहुंचे लंदन

*इसी बीच, रोहित शर्मा के माता-पिता लंदन पहुंच गए हैं और उनके लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर आखिरी वनडे देखने के लिए मौजूद रहने की उम्मीद है। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा या बयान नहीं आया है कि यह वाकई रोहित शर्मा का आखिरी मैच होगा या नहीं।*


### बोर्ड ने अटकलों पर लगाया विराम

दूसरी ओर रोहित शर्मा के वनडे क्रिकेट से संन्यास की अटकलों पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पूर्ण विराम लगा दिया है। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने स्पष्ट किया है कि लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ होने वाला मुकाबला रोहित शर्मा के वनडे करियर का आखिरी मैच नहीं होगा। मीडिया में कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। मैं पूरी स्पष्टता के साथ यह कहना चाहता हूं कि ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है।

### रोहित का वनडे करियर

रोहित शर्मा के वनडे करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2007 में अपने करियर का आगाज किया था। इसके बाद से लेकर अभी तक वह टीम इंडिया के लिए 287 वनडे मैच खेल चुके हैं, लेकिन वनडे वर्ल्ड कप कभी भी भारत के लिए नहीं जीत सके। साल 2011 वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा तो विराट कोहली थे, लेकिन रोहित उस टीम से बाहर रहे थे। इसके चलते रोहित का हमेशा से सपना रहा कि वह भारत के लिए एक बार वनडे वर्ल्ड कप हर हाल में जीतना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप



- वेस्टइंडीज के लिए 93 टेस्ट खेले
- फर्स्ट-क्लास में पहली बार 6 गेंद पर 6 छक्के लगाए

### सर गैरी सोबर्स का 89 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर सर गैरी सोबर्स का 89 साल की आयु में निधन हो गया है। एक ओवर की सभी 6 गेंदों पर 6 छक्के लगाने का पहला वर्ल्ड रिकॉर्ड उन्होंने बनाया था। उन्होंने यह कारनामा फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में किया था। उन्होंने 1968 में नॉटिंघमशायर की तरफ से खेलते हुए ग्लेमोर्गन के खिलाफ सेंट हेलेन्स मैदान पर एक ओवर में 6 छक्के जड़े थे। सोबर्स ने साल 1953 में 16 साल की उम्र में बारबाडोस के लिए अपना फर्स्ट-क्लास डेब्यू किया था। इसके अगले ही साल 1954 में उन्हें वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम में शामिल कर लिया गया। साल 1958 में पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया और नाबाद 365 रन की पारी खेली। यह टेस्ट मैच की एक पारी में किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर था, जिसे 1994 में वेस्टइंडीज के ही ब्रायन लारा ने तोड़ा। सोबर्स ने साल 1974 में 38 साल की उम्र में संन्यास ले लिया था।

### पाक स्पिनर नवाज डोपिंग के आरोप में निलंबित

**दुबई।** पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला मोहम्मद नवाज पर डोप टेस्ट में नाकाम रहने के कारण तीन महीने का निलंबन लगाया गया है।



उन्होंने इस साल टी20 विश्व कप के दौरान प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन किया था। हालांकि उसका खेल में प्रदर्शन से कोई सरोकार नहीं था। नशीले पदार्थों के सेवन से जुड़ा इलाज पूरा करने पर नवाज की सजा घटाकर एक महीने की कर दी जाएगी। उनके अयोग्य रहने की अवधि एक मई से मानी जाएगी, क्योंकि इसी तारीख से उन्होंने स्वेच्छा से अस्थायी निलंबन शुरू किया था। आईसीसी ने कहा ,' पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला मोहम्मद नवाज ने आईसीसी की डोपिंग रोधी आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर तीन महीने का निलंबन स्वीकार कर लिया है।'

## चैंपियंस को मिलेगा अनोखा सम्मान

# विजेता को पहली बार पहनाई जाएगी 'चैंपियनशिप रिंग'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के विजेता खिलाड़ियों को इस बार एक खास सम्मान मिलेगा। विश्व कप के इतिहास में पहली बार चैंपियन बनने वाली टीम के खिलाड़ियों और स्टाफ को ट्रॉफी और गोल्ड मेडल के साथ-साथ चैंपियनशिप रिंग भी दी जाएगी। फीफा ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है। फीफा के अनुसार, यह रिंग अमेरिकी खेलों की मशहूर परंपरा से प्रेरित है और पहली बार फुटबॉल विश्व कप का हिस्सा बनेगी। इसका मकसद खिलाड़ियों को उनकी ऐतिहासिक जीत की एक खास याद देना है।




### 2026 पीस का लिमिटेड एडिशन

*फीफा ने बताया कि इस रिंग का कुल 2,026 पीस का लिमिटेड एडिशन बनाया जाएगा। इनमें से 30 रिंग विश्व चैंपियन टीम को मिलेंगी, जबकि बाकी 1,996 रिंग दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के लिए आधिकारिक लाइसेंस प्राप्त उत्पाद के रूप में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी।*

### ऐसी होगी रिंग की डिजाइन


रिंग के एक तरफ फीफा वर्ल्ड कप की ट्रॉफी बनी होगी, जबकि दूसरी तरफ विजेता टीम के अनुसार खास डिजाइन तैयार किया जाएगा। हर रिंग पर अलग नंबर होगा, उसे खिलाड़ी के हिसाब से तैयार किया जाएगा और उसके साथ असली होने का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। फाइनल मैच खत्म होने के तुरंत बाद विजेता टीम के कप्तान और हेड कोच को अस्थायी रिंग दी जाएगी। इसके बाद पूरी विजेता टीम के लिए 30 रिंग तैयार की जाएंगी। हर रिंग को खिलाड़ियों के अनुसार कस्टमाइज किया जाएगा और बाद में आधिकारिक रूप से उन्हें सौंपा जाएगा।

# यमाल ने फाइनल से पहले अकेले की रकिवरी ड्रिल

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

स्पेन के स्टार खिलाड़ी लामिन यमाल को लेकर फीफा वर्ल्ड कप फाइनल से पहले फैंस की चिंता बढ़ गई है। यमाल ने अर्जेंटीना के खिलाफ खिताबी मुकाबले से पहले ट्रेनिंग सेशन के दौरान अकेले ट्रेनिंग की। उन्हें लेकर चोट की थोड़ी चिंता पैदा हो गई थी। हालांकि स्पेनिश फ़ुटबॉल फेडरेशन ने तुरंत इन चिंताओं को कम करते हुए कहा कि इस युवा स्टार के रविवार को अर्जेंटीना के ख़िलाफ होने वाले बड़े मुक़ाबले के लिए फिट होने की उम्मीद है।

उम्मीद है कि जब स्पेन अपने दूसरे वर्ल्ड कप खिताब के लिए खेलेगा, तब यमाल उपलब्ध होंगे। यह अलग से ट्रेनिंग सेशन यमाल के लिए एक मुश्किल सेमीफ़ाइनल के बाद हुआ, जिसमें उन्होंने शाम का ज़्यादातर समय फ्रांस के फ़ुल-बैक लुकास डिग्ने और थियो हर्नांडेज से जूझते हुए बिताया था। हालांकि मैच के बाद स्पेन के कोच लुइस डे ला फ़ुएंटे ने जोर देकर कहा कि बार्सिलोना के इस युवा खिलाड़ी को कुछ नहीं हुआ है, फिर भी 90 मिनट के एक और जबरदस्त खेल के बाद उन्हें आमतौर पर होने वाले दर्द और चोटों का सामना करना पड़ रहा था।



### चोट की चिंताओं को स्पेन ने किया कम

स्पेन ने साफ कर दिया है कि वे टूर्नामेंट के सबसे बड़े गेम से पहले कुछ भी किस्मत पर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि यमाल और पोरो दोनों रविवार के फ़ाइनल से पहले पूरी ट्रेनिंग पर लौट आएंगे और अलग सेशन टीम के रिकवरी शेड्यूल का हिस्सा होगा, न कि किसी नई चोट की चिंता का हिंट है। फ्रांस के खिलाफ जीत के बाद डे ला फ़ुएंते ने माना कि टोटेनहम के डिफेंडर को चोट लगी थी, तो पोरो का मामला थोड़ा और गंभीर लगने लगा।

# मेस्सी बोले- हमें कुछ भी थाली में सजाकर नहीं दिया गया

एजेंसी ▶▶| अटलांटा

लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप फुटबॉल में अर्जेंटीना की आलोचना करने वालों को संदेश देते हुए कहा कि 'हमें कुछ भी थाली में सजाकर नहीं दिया गया।' अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने उन आलोचकों को जवाब दिया है, जो पक्षपातपूर्ण फैसलों को लेकर मौजूदा विश्व कप चैंपियन टीम की आलोचना कर रहे हैं। मेस्सी ने कहा कि मैच के अंतिम क्षणों में पिछड़ने के बाद वापसी करने की क्षमता से ही उनकी टीम ने लगातार जीत हासिल की तथा इसमें किसी और चीज का हाथ नहीं है।

### रेफरी के फैसले पर हुई सोशल मीडिया में आलोचना

स्विट्जरलैंड और मिस्र दोनों के कोच ने रेफरी के फैसलों की आलोचना की। मिस्र के होसाम हसन ने तो यहां तक कह दिया कि उनकी टीम उस फुटबॉल व्यवस्था का शिकार हुई है, जो मेस्सी और अर्जेंटीना का पक्ष लेती है। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी अर्जेंटीना की आलोचना हुई और आरोप लगाए गए कि विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा चाहता है कि अर्जेंटीना एक बार फिर विश्व चैंपियन बने।



## जापान ओपनः बिना खेले सेमीफाइनल में सिंधू

**टोकियो।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू करीब तीन साल में पहली बार सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई जब शुक्रवार को जापान ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से पहले पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा ने नाम वापिस ले लिया। 2019 विश्व चैंपियन सिंधू आखिरी बार 2023 डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंची थी। इस सत्र में वह मलेशिया ओपन सुपर 1000 और आस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 के सेमीफाइनल में भी पहुंची थी।



ओकुहारा को प्री क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की अन सि यंग के नाम वापिस लेने के बाद अंतिम आठ में प्रवेश मिला था।

### सिंधू का सामना अब चेन युफेइ से

सिंधू का सामना अब तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन युफेइ से होगा, जिन्होंने दक्षिण कोरिया की सिम यू जिन को 21-10, 21-12 से मात दी।

## कुश्ती रैंकिंग सीरीज

# हंसिका लांबा ने रजत व रजत ने जीता कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बुडापेस्ट कुश्ती रैंकिंग सीरीज में देश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। वीरवार को देर रात खेले गए मुकाबले में हरियाणा के पहवानों ने दो पदक जीते। हिसार की हंसिका लांबा ने 55 किग्रा में रजत पदक अपने नाम किया। 19 साल की हंसिका लांबा को वूमेंस फ्रीस्टाइल कैटेगरी के फाइनल में यूक्रेन की पूर्व जूनियर यूरोपियन चैंपियन नतालिया क्लीवचुत्स्का से 5-0 से हार मिली और उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। हंसिका लांबा ने क्वार्टर-फाइनल में तुर्की की तुबा डेमिर को 8-4 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। सेमी-फाइनल मुकाबले में पिछड़ने के बावजूद उन्होंने जर्मनी की अनास्तासिया ब्लेवास को 10-7 से हराया। यह भारतीय रेसलर इस साल शानदार फॉर्म में रही हैं। उन्होंने अपने दो अन्य इंटरनेशनल टूर्नामेंट एशियन चैंपियनशिप और उलानबातर ओपन में कांस्य पदक जीते थे। महिलाओं के 50 किग्रा कैटेगरी में भारत की प्रियांशी प्रजापत कांस्य पदक से बस एक कदम दूर रह गईं। रेपेचेज के जरिए मौका मिलने के बाद पदक के लिए हुए मुकाबले में उन्हें इक्वाडोर की पूर्व पैन-अमेरिकन चैंपियन जैकलीन मोलोकाना से 4-2 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुषों के 125 किग्रा वर्ग में एशियन गेम्स में हिस्सा लेने जा रहे झज्जर के पहलवान रजत रुहल ने कांस्य पदक जीता। उन्हें यह पदक तब मिला जब उनके प्रतिद्वंद्वी अमेरिका के मेसन पैरिस ने चोट के कारण वॉकओवर दे दिया। इससे पहले रजत क्वार्टर-फाइनल में पोलैंड के कामिल कोसिओलेक से हार गए थे, लेकिन रेपेचेज राउंड में रिपब्लिक ऑफ कोरिया के ग्वानुक किम को 8-4 से हराकर पदक मैच में जगह बनाई। वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली अंतिम पंघाल शनिवार को महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी।





# तीसरा वनडे : न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया, सीरीज में 2-1 से आगे

## लेनोक्स को 4 विकेट, विंडीज ने 19 रन पर 6 विकेट खोए

एजेंसी ▶▶| प्रोविडेंस

बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज जेडन लेनोक्स की लगातार दूसरे मैच में शानदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज की टीम अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही, जिससे न्यूजीलैंड ने तीसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच 6 विकेट से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय 1 विकेट पर 67 रन था लेकिन इसके बाद उसकी बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और पूरी टीम 37.1 ओवर में 140 रन पर ढेर हो गई। वेस्टइंडीज की तरफ से केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे। इनमें कीसी कार्टी ने सर्वाधिक 48 रन बनाए। उनके अलावा अकीम ऑगस्ट (26) और शिमरोन हेटमायर (26) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। मिशेल सैंटनर ने 8.1 ओवर में 15 रन देकर दो और माइकल ब्रैसवेल ने 33 रन देकर दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड ने 39.3 ओवर में चार विकेट पर 141 रन बनाकर जीत हासिल की। हेनरी निकोल्स ने 24 और विल यंग ने 23 रन बनाकर पहले विकेट के लिए मजबूत साझेदारी की। डैरिल मिचेल ने बीच के ओवरों में 28 रन बनाए तथा टॉम लैथम और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने पांचवें विकेट के लिए 52 रन की अटूट साझेदारी करके न्यूजीलैंड को जीत दिलाई। लैथम एक बार फिर भरोसेमंद साबित हुए। उन्होंने 53 गेंदों में नाबाद 31 जबकि फॉक्सक्रॉफ्ट ने 28 गेंदों में नाबाद 22 रन बनाए।



## सितंबर में समरकंद में होगा आयोजन

# 'फिडे एक्सीलेंस' दौड़ में गुकेश, प्रज्ञानानंदा और दिव्या

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व चैंपियन डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा और दिव्या देशमुख उन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो पहले 'फिडे एक्सीलेंस' पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ शतरंज खिलाड़ी के सम्मान की दौड़ में है। इसका आयोजन सितंबर में उज्बेकिस्तान के समरकंद में 46वें ओलंपियाड के साथ किया जाएगा।

गुकेश, प्रज्ञानानंदा और अर्जुन एरिगेसी उन 10 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए नामांकित किया गया है और इसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भी शामिल हैं। विश्व कप विजेता दिव्या, दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरु हम्पी और महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की विजेता वैशाली उन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।





### गुकेश और दिव्या 'बेस्ट ब्रेकथ्रू परफॉर्मेंस' वर्ग में नामांकित

गुकेश और दिव्या को उनके वैश्विक खिताब के लिए 'बेस्ट ब्रेकथ्रू परफॉर्मेंस' वर्ग में भी नामांकित किया गया है। इस साल की शुरुआत में शुरू किए गए ये पुरस्कार हर दो साल में दिए जाएंगे और दो साल के समय में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को सम्मानित किया जाएगा। शुरुआती पुरस्कारों में सितंबर 2024 से अगस्त 2026 तक की उपलब्धियों को शामिल किया गया है।अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) को 'सर्वश्रेष्ठ महासंघ' के वर्ग में नामांकित किया गया है।

## पाक में बगावत के कई सुर सरकार की बढ़ी मुश्किलें

# गिलगित-बाल्टिस्तान को अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव पारित

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच गिलगित-बाल्टिस्तान विधानसभा ने पाकिस्तान की केंद्र सरकार से एक खास मांग की है। इस नई मांग से पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल, विधानसभा ने इस पहाड़ी क्षेत्र को अस्थायी प्रांत का दर्जा देने के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास किया है।

इस प्रस्ताव में क्षेत्र के लोगों को संवैधानिक और राजनीतिक अधिकार देने की मांग की गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को विधानसभा सत्र में विधायक जलाल अली शाह ने यह प्रस्ताव पेश किया था। इस प्रस्ताव को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सदस्यों ने अपना पूरा समर्थन दिया।

### सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सदस्यों ने पूरा समर्थन दिया


पीओके में प्रदर्शन करते लोग

### भारत का कड़ा रुख

दूसरी तरफ, भारत इस मामले पर हमेशा से अपना रुख साफ रखता आया है। भारत का कहना है कि गिलगित-बाल्टिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) सहित पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा हैं। नई दिल्ली ने पाकिस्तान के इस क्षेत्र की स्थिति बदलने के प्रयासों को हमेशा खारिज किया है। भारत का कहना है कि पाकिस्तान के ऐसे कदमों का कोई कानूनी आधार नहीं है और इससे जमीनी हकीकत नहीं बदल सकती।

**पुराने आदेशों का दिया हवाला**

प्रस्ताव में कहा गया है कि साल 2009 के 'गिलगित-बाल्टिस्तान सशक्तिकरण और स्वशासन आदेश' ने यहां एक चुनी हुई विधानसभा बनाई थी। इससे स्वशासन को बढ़ावा मिला था। इसके बाद, साल 2018 के आदेश ने विधानसभा को कानून बनाने के अधिकार दिए। यह फैसला दिवंगत नेता सरताज अजीज की अध्यक्षता वाली कमेटी की सिफारिशों पर लिया गया था। अब विधानसभा ने पाकिस्तान की केंद्र सरकार से मांग की है कि वह इस कमेटी की सिफारिशों को लागू करे। इससे यहां के लोगों को पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में अपने प्रतिनिधि चुनने और संघीय स्तर पर प्रतिनिधित्व पाने का मौका मिलेगा।

## बलूचिस्तान में बीएलए के हमले में 45 पाक जवान मारे जाने का दावा

**क्वेटा।** बलूचिस्तान के मस्तंग जिले में पाकिस्तानी सैन्य काफिले को निशाना बनाकर किए गए है। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। उसने दावा किया है कि इस ऑपरेशन के दौरान 45 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं। वहीं, दर्जनों घायल हुए। बीएलए के प्रवक्ता जीयांद बलूच ने कहा कि यह हमला गुरुवार को मस्तुंग के खडकुचा इलाके में सशस्त्र समूह की फतह स्क्वाड इकाई द्वारा किया गया था। इसे समन्वित और तीव्र बताया। कहा कि सशस्त्र समूह ने कब्जा करने वाली पाकिस्तानी सेना के कर्मियों, उनके सुरक्षाकर्मियों और बाद में घटनास्थल पर पहुंचे सैन्य सुदृढीकरण को ले जा रहे बसों के काफिले पर हमला किया।


घटनास्थल पर पाक पुलिस

### सैन्य काफिले पर बढ़ते हमले

इस महीने की शुरुआत में, बलूचिस्तान के ग्वादर जिले के जिवानी क्षेत्र में पाकिस्तान तटरक्षक बल के एक शिविर पर हुए हमले की जिम्मेदारी बीएलए ने ली थी, जिसके परिणामस्वरूप 30 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए थे।

## 5 अगस्त को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी इमरान खान की पार्टी पीटीआई

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान तीन साल से जेल में बंद हैं। इसके खिलाफ उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने 5 अगस्त को पूरे पाकिस्तान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। 5 अगस्त को इमरान खान को जेल में बंद होने के तीन साल पूरे हो रहे है। पीटीआई के महासचिव सलमान अकरम राजा ने अदियाला ने कहा कि विरोध प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक उनके नेता को रिहा नहीं किया जाता। इस दौरान देशभर में कई शहरों और स्थानों पर रैलियां निकाली जाएंगी। उन्होंने सरकार को पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू नहीं करने की चेतावनी भी दी। बता दें, 73 वर्षीय इमरान खान मौजूदा समय में रावलपिंडी की अदियाला जेल में कैद हैं। इस्लामाबाद की एक निचली अदालत ने खान को 5 अगस्त 2023 को तोशाखाना केस में भ्रष्टाचार का दोषी ठहराने के बाद गिरफ्तार किया था।



## खबर संक्षेप


### स्कूल बस हादसे में 20 बच्चों सहित 21 की मौत

**कंपाला।** पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 बच्चों और एक वयस्क की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा गुरुवार रात कपचोरवा जिले में हुआ। किंग डेविड जूनियर स्कूल की बस शैक्षणिक भ्रमण के बाद सिपी फॉल्स से राजधानी कंपाला लौट रही थी। इसी दौरान चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा। बस सड़क से उतरकर एक चट्टान से टकराई और पलट गई। हादसे में कई बच्चे और तीन वयस्क घायल हुए हैं।



### मेक्सिको में 7.4 तीव्रता का भूकंप आया

**मेक्सिको।** अमेरिका के पड़ोसी देश मेक्सिको शुक्रवार को भूकंप के तेज झटकों से कांप उठा। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई है। भूकंप के कारण सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि मेक्सिको में आए भूकंप से प्यूर्टो माडेरो सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। के अनुसार, इस भूकंप का केंद्र 10 किमी (6.21 मील) की गहराई में था।



### इजराइल की संसद भंग, अक्टूबर में होंगे चुनाव

**तेल अवीव।** इजराइल की संसद (कनेसेट) शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर भंग हो गई। अब देश में 27 अक्टूबर को आम चुनाव होंगे। संसद के भंग होने से पहले पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ने कई अहम और विवादित विधेयकों को पारित कराया। इनमें अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स (हारेदी) समुदाय के पुरुषों की सैन्य भर्ती पर रोक से जुड़ा कानून और न्यायपालिका में सरकार का दखल बढ़ाने वाले प्रावधान शामिल हैं। पीएम नफ्ताली बेनेट और अन्य विपक्षी दलों को बढ़त मिलती दिख रही है। जिससे नेतन्याहू के लिए सत्ता बरकरार रखना चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है।



## अमेरिका के वीजा नियमों से भारतीयों को होती मुश्किलों से परिचित है विदेश मंत्रालय

# शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर बांग्लादेश के अनुरोध पर विचार करता भारत: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर किए गए बांग्लादेश के अनुरोध को लेकर शुक्रवार को भारत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें इस मामले को बांग्लादेश से औपचारिक अनुरोध प्राप्त हुआ है। जिस पर कानूनी और न्यायिक प्रक्रियाओं के तहत विचार किया जा रहा है। मामले के संबंध में निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा।

### दिसंबर में होगी हसीना की वतन वापसी?

यहां बता दें कि बीते वक्त में एक मीडिया साक्षात्कार में शेख हसीना ने कहा था कि वह अपने देश वापस लौटना चाहती हैं। जिसमें भारत में निर्वासन छोड़कर मौजूदा साल के दिसंबर महीने के आसपास वह स्वैच्छिक रूप से बांग्लादेश लौटेंगी और अदालत के सामने आत्मसमर्पण करेंगी। इसके अलावा उन्होंने यह भी स्वीकार किया था कि बांग्लादेश वापस लौटने के बाद उन्हें गिरफ्तार भी किया जा सकता है या उनकी हत्या भी हो सकती है। शेख हसीना छात्रों के उग्र-हिंसक आंदोलन के बाद बांग्लादेश छोड़कर भारत पहुंची थी। इसके बाद से ही वह यहां शरण लिए हुए हैं।



### ब्रह्मपुत्र पर चीनी बांध, संवेदनशील मुद्दा

उन्होंने चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाए जा रहे बांध को लेकर कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है। जिसमें कई बार हमने इस बाबत बने हुए अपने रुख से संबंधित पक्ष को अवगत कराया है। आज तक हमारे रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। रूस से तेल की खरीद पर शत-प्रतिशत टैरिफ लगाने वाले अमेरिका के बिल को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हम इस पूरे घटनाक्रम पर बेहद बारीकी के साथ निगरानी बनाए हुए हैं। विषय के बारे में हमें जानकारी है।

### यूएनएससी में मिलेगा सहयोग

मंत्रालय के प्रवक्ता ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की अस्थायी सीट को लेकर होने वाले चुनाव से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि नई दिल्ली ने पूरी मजबूती के साथ अपनी दावेदारी पेश की है। जिसे लेकर हमें पूरा भरोसा है कि परिषद के अन्य सदस्य देशों का समर्थन हमें मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसे लेकर 13 जुलाई को विदेश मंत्री ने अमेरिका की यात्रा की थी और अपने चुनाव को लेकर एक अभियान भी लांच किया था। यहां बता दें कि अस्थायी सदस्यता या सीट मिलने के बाद भारत का कार्यकाल 2028-29 तक होगा।

**वीजा को लेकर चिंतित लोगों के मुद्दे उठाए**

रणधीर ने अमेरिका द्वारा वीजा नियमों में की गई तब्दीली के मामले को लेकर कहा कि इसे लेकर हमने भी कुछ रिपोर्ट देखी हैं। लेकिन वीजा कार्य प्रणाली और इमीग्रेशन किसी भी संप्रभु देश की कार्यवाही से जुड़ा हुआ होता है। बावजूद इसके जब कभी भी हमें अपने देश के लोगों को हो रही परेशानियों के बारे में पता चलता है या जानकारी मिलती है। जिनमें सही या प्रमाणित यात्री और छात्र भी शामिल रहते हैं। हम मामले को अमेरिकी पक्ष के समक्ष उठाते हैं, जिसका उद्देश्य भारतीयों को आ रही परेशानियों को दूर करना है।

## सिंधु जल विवाद में पाक को झटका

# केस भी लड़ रहा और भारत की ओर से फीस भी भर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि विवाद को अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता तक ले जाकर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की थी, लेकिन अब यह दांव उसी पर भारी पड़ता दिख रहा है। भारत द्वारा मध्यस्थता की कार्यवाही से खुद को अलग करने और संधि को फिलहाल स्थगित रखने के फैसले के बाद पाकिस्तान न केवल अपना, बल्कि भारत के हिस्से का मध्यस्थता खर्च भी वहन कर रहा है। इस्लामाबाद अब तक 6 लाख डॉलर (600,000 डॉलर) से अधिक खर्च कर चुका है और जैसे-जैसे मामला आगे बढ़ेगा, यह राशि और बढ़ने की संभावना है। सिंधु जल संधि के तहत भारत और पाकिस्तान को मध्यस्थता की कार्यवाही का खर्च बराबर-बराबर उठाना होता है। अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने इस प्रक्रिया में अपनी भागीदारी निलंबित कर दी थी।




### सुरक्षा परिस्थिति, परिचालन तैयारियों और सेना के आधुनिकीकरण के बारे में दी जानकारी

## पूर्वोत्तर दौरे के बाद रक्षा राज्य मंत्री से मिले सेनाप्रमुख जनरल सेठ



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वोत्तर क्षेत्र में चीन से लगे हुए सीमाई इलाके का दौरा खत्म करने के बाद सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ ने शुक्रवार को राजधानी में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से शिष्टाचार मुलाकात की है। इस दौरान हुई बातचीत में मौजूदा समय में बने हुए सुरक्षा हालात, परिचालन तैयारियों, क्षमता वृद्धि, सेना के आधुनिकीकरण जैसे मामले को शामिल किया गया। साथ ही वार्ता के केंद्र में भारतीय थलसेना की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए लगातार किए जा रहे प्रयासों को शामिल किया गया। रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी है।

### राजनाथ सिंह से पहले मिल चुके जनरल सेठ

गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में बतौर सेनाप्रमुख अपना कार्यभार संभालने के तुरंत बाद जनरल सेठ ने सबसे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की थी। जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से थलसेना के लिए अपनी भावी योजनाओं का खाका प्रस्तुत किया था। बताते चलें 30 जून को पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी की सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सेनाप्रमुख के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभालने के बाद जनरल सेठ ने सेना की कुछ महत्वपूर्ण कमांड का दौरा किया है। जिसमें पहले उन्होंने सेना की जम्मू-कश्मीर स्थित उत्तरी कमांड का दौरा किया था और वहां पर जमीनी स्तर पर बने हुए सुरक्षा हालात का जायजा लिया। यह कमांड पाकिस्तान की तरफ से आने वाले सुरक्षा खतरे के खिलाफ देश की सुरक्षा का दायित्व संभालती है। इसके बाद वह पूर्वोत्तर क्षेत्र में एलएसी के लगे इलाकों में मौजूद सैन्य ठिकानों पर गए थे। भविष्य में उनके द्वारा किया जा रहा सैन्य कमांड की यात्रा का यह सिलसिला जारी रहेगा। जिसमें कुछ और स्थान भी शामिल हो सकते हैं।

### भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को मिली नई मजबूती

## नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ यूएस एमएच-60आर सीहॉक हेलिकॉप्टर

### 4 में से 2 और हेलिकॉप्टर पहुंचेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। इसी क्रम में भारतीय नौसेना को एक और अत्याधुनिक एमएच-60आर सीहॉक नौसैनिक हेलिकॉप्टर मिला है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने इसे दोनों देशों की रक्षा साझेदारी की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। वहीं, भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इसे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के लिए अच्छी खबर करार दिया।



भारत में अमेरिकी दूतावास ने 'एक्स' पर बताया कि लॉकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित एक और एमएच-60आर सीहॉक नौसैनिक हेलिकॉप्टर भारतीय तट पर पहुंच गया है। पिछले सप्ताह यह हेलिकॉप्टर कोच्चि में भारतीय नौसेना को सौंपा गया था और इस सप्ताह दो अन्य हेलिकॉप्टर भी पहुंचने वाले हैं। दूतावास ने कहा कि अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है।

**24 हेलिकॉप्टरों की खरीद की डील**

भारत ने अपनी नौसैनिक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए अमेरिका से 24 एमएच-60आर सीहॉक हेलिकॉप्टर खरीदने का समझौता किया है। इन हेलिकॉप्टरों की चरणबद्ध तरीके से आपूर्ति की जा रही है। भारतीय नौसेना इन्हें मुख्य रूप से युद्धपोतों पर तैनात करेगी, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, पनडुब्बियों की निगरानी और समुद्री सीमाओं की रक्षा मजबूत होगी।

## एंडी बर्नहम होंगे यूके के नए पीएम, सोमवार को लेंगे शपथ

एजेंसी ▶▶ लंदन

शुक्रवार को मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी ने घोषणा की कि एंडी बर्नहैम को पार्टी का नया नेता चुन लिया गया है। वह सोमवार को कीर स्टारमर की जगह लेंगे और आधिकारिक तौर पर यूनाइटेड किंगडम के अगले पीएम बनेंगे। निवर्तमान पीएम कीर स्टारमर की जगह लेने के लिए हुए इस नेतृत्व चुनाव में बर्नहैम एकमात्र उम्मीदवार थे। उन्होंने हाउस ऑफ कॉमन्स में 403 लेबर सांसदों में से 379 का समर्थन और नामांकन हासिल किया, जो इस प्रक्रिया में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सीमा से कहीं अधिक था।



## रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स का हवाई युद्धाभ्यास 'पिच ब्लैक 2026'

# भारतीय वायुसेना के 4 राफेल विमान अभ्यास के लिए पहुंचे ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की एक टुकड़ी युद्धाभ्यास 'पिच ब्लैक 2026' में हिस्सा लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंच गई है। 'पिच ब्लैक 2026' युद्धाभ्यास 20 जुलाई से 7 अगस्त तक उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स (आरएएएफ) के डार्विन, टिंडल और एंबरली बेस पर आयोजित होगा। इस युद्धाभ्यास में 20 देशों के करीब 100 जेट एयरक्राफ्ट और 2,500 से अधिक जवान हिस्सा लेंगे। भारतीय वायुसेना ने चार राफेल और दो सी-17 एयरक्राफ्ट के साथ 120 से अधिक वायु योद्धाओं को युद्धाभ्यास के लिए ऑस्ट्रेलिया भेजा है। यह दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने की दिशा में एक और कदम है।

**20 जुलाई से 7 अगस्त तक होगा आयोजन**

**20 देशों के 100 एयरक्राफ्ट हिस्सा ले रहे**

### मित्र देशों के साथ सैन्य साझेदारी मजबूत होगी


ऑस्ट्रेलिया के एयरबेस पर भारतीय वायुसेना

कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह तैनाती मित्र देशों के साथ सैन्य साझेदारी को मजबूत करने और संयुक्त अभियान क्षमता को बेहतर बनाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अगले तीन हफ्तों में हमारे वायु योद्धा दूसरे देशों के अपने साथियों के साथ उड़ान भरेंगे। इसका मकसद आपसी तालमेल को बेहतर बनाना, कॉम्बैट फ्लाइंग स्किल्स को निखारना, रिश्तों को मजबूत करना और हमेशा कायम रहने वाले संबंध बनाना है।

**वायुसेना जटिल हवाई अभ्यास में भाग लेगी**

भारतीय वायुसेना की टुकड़ी इंडो-पैसिफिक और यूरोप के देशों की वायु सेनाओं के साथ मिलकर जटिल हवाई अभ्यास में हिस्सा लेगी। इससे आपसी तालमेल को बेहतर बनाने, ऑपरेशनल जानकारी का आदान-प्रदान करने और बहुपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने का मौका मिलेगा। 'पिच ब्लैक' अभ्यास का आयोजन 1983 से डार्विन में निरंतर हो रहा है।

### फिनलैंड और स्वीडन पहली बार अभ्यास में भाग ले रहे

इस साल के आयोजन में जापानी एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स के एफ-35 लाइटनिंग-2 लड़ाकू विमान और इंडोनेशिया के टी-50आई गोल्डन ईगल विमान पहली बार शामिल होंगे, जबकि फिनलैंड और स्वीडन भी पहली बार अपने जवानों के साथ इसमें हिस्सा लेंगे। इस अभ्यास में अमेरिका, जापान, पापुआ न्यू गिनी, इंडोनेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, भारत, सिंगापुर, जर्मनी, फ्रांस और स्पेन के विमान शामिल होंगे। साथ ही, न्यूजीलैंड, फिजी, कनाडा, ब्रुनेई, मलेशिया, फिनलैंड और स्वीडन के सैन्यकर्मी भी इसमें हिस्सा लेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109